सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 11 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 11, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**पंजाब, तेलंगाना ने बजट पूर्व उठाया वित्तीय बोझ का मुद्दा**

पंजाब और तेलंगाना जैसे विपक्ष शासित राज्यों ने केन्द्र से 2026-27 के बजट में अतिरिक्त संसाधनों की मांग की। } 14

**आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी और स्वभाषा अपनाना जरूरी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वदेशी और स्वभाषा को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। } 16

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा आईपैक पर छापेमारी का मामला

एजेंसी



नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल सरकार ने उच्चतम न्यायालय में एक केविएट दायर कर अनुरोध किया है कि राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के सिलसिले में उसका पक्ष सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। किसी वादी की ओर से यह सुनिश्चित करने के लिए उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में केविएट दायर की जाती है कि उसका पक्ष सुने बिना कोई प्रतिकूल आदेश पारित न किया जाए।

ईडी ने बृहस्पतिवार को करोड़ों रुपये के कथित कोयला चोरी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कोलकाता में आई-पैक और उसके निदेशक प्रतीक जैन से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन परिसरों में प्रवेश किया, जहां तलाशी ली जा रही थी और कई दस्तावेज तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य अपने साथ ले गईं। ममता ने ईडी पर अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्वाई करने का आरोप लगाया है। ईडी ने शुक्रवार को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राम मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने वाला गिरफ्तार, पूछताछ जारी

❍ कश्मीर निवासी अहमद शेख के रूप में हुई पहचान ❍ अयोध्या में हाई अलर्ट, बढ़ी निगरानी

जिला संवाददाता

अयोध्या (उप्र)। अयोध्या के राम मंदिर परिसर में कथित तौर पर नमाज पढ़ने की कोशिश करने के आरोप में कश्मीर निवासी अहमद शेख को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कश्मीर निवासी अहमद शेख (55) को हिरासत में ले लिया गया, जिसने कथित तौर पर उच्च सुरक्षा वाले राम मंदिर परिसर के अंदर नमाज पढ़ने का प्रयास किया और रोके जाने पर नारे लगाए।

पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) बलरामचारी दुबे के अनुसार आरोपी की पहचान कश्मीर के शोपियां जिले के निवासी अहमद शेख के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि अहमद दिन के समय मंदिर परिसर में दाखिल हुआ, मंदिर के दर्शन किए और बाद में सीता रसोई क्षेत्र के पास बैठ गया जहां वह कथित तौर पर नमाज पढ़ने की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार सुरक्षाकर्मियों ने उसकी हरकतों को देखा और तुरंत हस्तक्षेप किया, जिसके बाद मंदिर के सुरक्षा कर्मचारियों ने उसे हिरासत




में ले लिया और पूछताछ के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। सूत्रों का दावा है कि रोके जाने पर उसने कथित तौर पर नारे लगाए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शेख के परिवार ने दावा किया है कि वह मानसिक रूप से बीमार है और अपने दावे के समर्थन में श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग के मेडिकल रिकॉर्ड भी साझा किए हैं। जांच और खुफिया एजेंसियां उस व्यक्ति से पूछताछ कर रही हैं ताकि उसके इरादे का पता लगाया जा सके और उसकी यात्रा संबंधी विवरणों की भी पुष्टि की जा सके। पुलिस उसके अयोध्या यात्रा का उद्देश्य और इस मामले में किसी अन्य व्यक्ति के शामिल होने की संभावना को लेकर भी छानबीन कर रही है। प्रारंभिक जांच के दौरान, पुलिस को उसके पास से काजू और किशमिश जैसी वस्तुएं मिलीं। सूत्रों ने बताया कि उस व्यक्ति ने जांचकर्ताओं को बताया कि वह अजमेर जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और खुफिया एजेंसियां घटना के मद्देनजर राम मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रही हैं। जिला प्रशासन और राम मंदिर न्यास ने अभी तक इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। राम मंदिर में दर्शन के लिए हर किसी को जाने की अनुमति होती है। इससे पहले भी कुछ विशेष समुदाय के लोग रामलला के दर्शन कर चुके हैं। राम मंदिर में प्रवेश करने के लिए सिर्फ श्रद्धालुओं की जांच की जाती है। आधार कार्ड या अन्य परिचय पत्र को चेक नहीं किया जाता। राम मंदिर में रोजाना एक से डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं, केवल वीआईपी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### गुलशन कुमार हत्याकांड के दोषी की दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत

मुंबई। संगीत कंपनी टी-सीरीज के मालिक गुलशन कुमार की हत्या मामले में महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित हरसुल जेल में बंद 60 वर्षीय दोषी की शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पड़ोसी ठाणे जिले के मुंब्रा के अमृत नगर निवासी मोहम्मद रऊफ दाऊद मर्चेंट सनसनीखेज मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद से 2002 से लगभग 350 किलोमीटर दूर हरसुल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उन्होंने बताया आठ जनवरी की सुबह जेल की बैरक में नमाज पढ़ते समय मर्चेंट को सीने में तेज दर्द हुआ और वह बेहोश हो गया। उसे तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गंभीर दिल का दौरा बताया गया है।

### दिल्ली पहुंची फीफा विश्व कप की ट्रॉफी

नयी दिल्ली। फीफा विश्व कप 2026 की असली ट्रॉफी शनिवार को अपने वर्ल्ड टूर के तहत भारत पहुंची, जो यहां तीन दिनों तक रहेगी। इस दौरान यह ट्रॉफी दो दिनों तक दिल्ली में रहेगी और उसके बाद इसे असम के गुवाहाटी ले जाया जाएगा। फीफा विश्व कप की शुरुआत 11 जून को होगी। विश्व कप ट्रॉफी लगभग 12 साल के बाद भारत आई है। इस ट्रॉफी टूर का आयोजन वैश्विक पेय कंपनी कोका-कोला कर रही है, जो फीफा विश्व कप की आधिकारिक भागीदार है। यहां आयोजित एक समारोह में ब्राजील के पूर्व विश्व कप विजेता खिलाड़ी और फीफा दिग्गज गिलबर्टो सिल्वा तथा केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया की उपस्थिति में इस असली ट्रॉफी का अनावरण किया गया।

# समाज को बांटने वाले किसी के हितैषी नहीं : योगी

❍ मुख्यमंत्री योगी ने माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु रामानंदाचार्य के 726वें प्राकट्य उत्सव को किया संबोधित

जिला संवाददाता

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर राजनीति करने वालों पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि बांग्लादेश की घटनाओं पर इनके मुंह बंद हैं। मुख्यमंत्री यहां माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी महाराज के 726वें प्राकट्य उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा रामानंदाचार्य ने समाज को जोड़ने के लिए अलग-अलग जातियों से द्वादश शिष्य (अनंताचार्य जी, कबीर दास जी, सद्गुरु रविदास जी, सदगुरु पीपा जी, सुरसुरानंद जी, सुखानंद जी, नरहर्यानंद जी, योगानंद जी, भावानंद जी, धन्ना जी, सैन जी और गैलवानंद जी महाराज) बनाए।

उन्होंने कहा कि रामानंद परंपरा से निकलीं अलग-अलग धाराएं आज भी समाज को जोड़ती हैं। इस मंच पर अनेक परंपरा के संतों की उपस्थिति सनातन धर्म की एकता का उद्घोष कर रही है। संत समाज के महत्व को





रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरे समाज को जोड़ने का कार्य करता है और जब संत समाज एक मंच पर आकर उद्घोष करता है तो उसका परिणाम भी सामने आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण इसका उदाहरण है, जो पूज्य संतों की साधना और एकता से ही हुआ और जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मूर्त रूप दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी के बाद कई प्रधानमंत्री हुए और सभी ने देश के विकास के बारे में सोचा, लेकिन भारत की मूल आत्मा को सम्मान मिलना चाहिए और अयोध्या में रामलला विराजमान हों, यह भाव केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भीतर था, जिन्होंने इसे साकार किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो राम मंदिर में दर्शन करने गए, राम मंदिर के शिलान्यास में शामिल हुए, प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भी उपस्थित रहे और मंदिर निर्माण पूर्ण होने के बाद शुभ मुहूर्त में सनातन धर्म की ध्वज-पताका के आरोहण में भी भागीदार बने। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर राजनीति करने वालों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों का बांग्लादेश की घटना पर मुंह बंद है। इनके मुंह से एक भी शब्द नहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सीएम ने संगम में किया स्नान

विशेष संवाददाता

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज दौरे पर रहे। यहां उन्होंने विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान किया। त्रिवेणी संगम का पूजन-अर्चन किया व मां गंगा की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर संकट मोचक के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माघ मेले में पहुंचे। वह वीआईपी घाट ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के लिए गुजरात पहुंचे मोदी

मंदिर के उत्सवों और वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में लेंगे भाग

एजेंसी

वेरावल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को अपने तीन-दिवसीय गुजरात दौरे के तहत सोमनाथ पहुंचे और इस दौरान वह यहां सोमनाथ स्वाभिमान पर्व एवं राजकोट में वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन सहित कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

राज्य सरकार द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी का गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गिर सोमनाथ जिले के वेरावल कस्बे के पास स्थित प्रसिद्ध सोमनाथ महादेव मंदिर के पास हेलीपैड पर गर्मजोशी से स्वागत किया। हेलीपैड से मोदी अपने काफिले के साथ मंदिर के पास स्थित वीवीआईपी सर्किट हाउस पहुंचे।



सड़क के दोनों तरफ बड़ी संख्या में स्थानीय और बाहरी श्रद्धालु मोदी का स्वागत करने के लिए जमा हुए थे। मोदी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत देर शाम सोमनाथ मंदिर में ॐकार मंत्र के जाप में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम मंदिर पर 1000 वर्ष पहले हुए आक्रमण की पृष्ठभूमि में आयोजित किया जा रहा है। ये स्वाभिमान पर्व आठ जनवरी को शुरू हुए और 11 जनवरी को समाप्त होंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है, बाद में वह मंदिर परिसर में ड्रोन शो देखेंगे। मंदिर से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं को दर्शाने के लिए लगभग 3,000 ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में उसकी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, रविवार को सुबह लगभग 9:45 बजे प्रधानमंत्री शौर्य यात्रा में भाग लेंगे, जो सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नयी पीढ़ी को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ेगी सरकार

सीएम धामी थौलधार में प्रथम खेलकूद व सांस्कृतिक महोत्सव में हुए शामिल

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। लोक उत्सवों के जरिये नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का संकल्प दोहराते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी थौलधार के सांस्कृतिक महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री धामी ने आज राजकीय इंटर कॉलेज छाम, टिहरी गढ़वाल में सांस्कृतिक विकास समिति द्वारा आयोजित प्रथम खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान नागराजा की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी लोक-संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण और नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



सीएम धामी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का कार्य किया जा रहा है। अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल कॉरिडोर तथा बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम को भव्य रूप दिया गया है। राज्य सरकार भी राज्य में हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर सहित विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को खेलभूमि के रूप में विकसित किया जा रहा है। खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए स्पोर्ट्स अकादमी ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 8.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ रैंकिंग में बरेली और लखीमपुर खीरी ने मारी बाजी (पृष्ठ-02)
❍ बिना शोधन के गंगा-यमुना में नहीं जायेगा गंदा पानी (पृष्ठ-02)
❍ सभी के लिए काम करती है भाजपा : गडकरी (पृष्ठ-14)
❍ पंजाब, तेलंगाना ने वित्तीय बोझ का उठाया मुद्दा (पृष्ठ-14)
❍ भुवनेश्वर में निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से निजात दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह जलाये गये अलाव

# जाड़े भर जलवायेंगे अलाव, लोगों का करेंगे सर्दी से बचाव : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से निजात दिलाने के लिए बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने शनिवार को राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाये। राजधानी में निरंतर गिरते पारे के बीच जाड़े में घर से निकले लोगों को इससे भारी राहत मिली। अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए ट्रेन-बस पकड़ने वालों या सवारी का इंतजार कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने अलाव तापकर अपना खाली वक्त बिताया। गुरुवार की रात तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह इन










अलावों का सहारा लेते नजर आए। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास की इस मानवीय पहल का तहे दिल से स्वागत भी किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर टाइम पास किया।

गौरतलब है कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को दूर करने का प्रयास करते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर समाज के अन्य लोगों को भी ऐसा करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# पवित्रता, संवाद व समन्वय से सकुशल संपन्न होंगे सभी स्नान : योगी

## संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं को त्वरित सहायता प्रदान करने का माध्यम बन रहा है मेला सेवा ऐप

विशेष संवाददाता (vol)



- मुख्यमंत्री ने की प्रयागराज में चल रहे माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि पवित्रता, संवाद और समन्वय के साथ सभी प्रमुख स्नान सकुशल संपन्न होंगे। शनिवार को प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन की सजगता, तकनीक के उपयोग और सभी विभागों के आपसी सहयोग से श्रद्धालुओं की सुविधाएं और सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि माघ मास में पावन त्रिवेणी के दर्शन व स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने स्मरण कराया कि गत वर्ष इसी समय महाकुंभ की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही थीं और शनिवार को भी इसी विषय को लेकर वह प्रयागराज में थे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष माघ मेला 3 जनवरी से आरंभ हो चुका है, जो 15 फरवरी तक चलेगा, ऐसे में सभी उत्सवों के सकुशल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि माघ मेला में इस वर्ष पौष पूर्णिमा पर 10 से 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद थी, लेकिन 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान किया। भगवान वेणी माधव, बड़े हनुमान जी महाराज और अक्षयवट के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने सकुशल स्नान कर आशीर्वाद लिया। कल्पवासी एक माह के कल्पवास के लिए साधना में लीन हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें भगवान रामानंदाचार्य जी की 726वीं पावन जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। प्रयागराज अनेक ऋषि-मुनियों की पावन धरा है, जहां महर्षि भारद्वाज व याज्ञवल्क्य सहित अनेक सिद्ध संतों का सानिध्य रहा है। दारागंज जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी की जन्मस्थली के रूप में विख्यात है। मुख्यमंत्री योगी के अनुसार, 14-15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को वसंत पंचमी, फिर माघ पूर्णिमा और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान संपन्न होंगे। पूरे आयोजन के लिए सभी विभागों ने व्यापक तैयारियां की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष माघ मेला के लिए घाटों की लंबाई बढ़ाई गई है। साथ ही, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है और भीषण शीतलहर से बचाव के उपाय किए गए हैं। मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम को क्रियान्वित किया गया है। साथ ही, मेला सेवा ऐप का शुभारंभ किया गया है, जिससे संतों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं को आवश्यक सेवाएं और समाधान त्वरित रूप से मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वास जताया कि जैसे पौष पूर्णिमा का स्नान संवाद और सहयोग से सकुशल संपन्न हुआ, वैसे ही आगे के सभी पांच स्नान भी पूरी पवित्रता, संवाद और समन्वय के साथ सुरक्षित रूप से संपन्न होंगे। प्रशासन पूरी तत्परता के साथ इस दिशा में कार्य कर रहा है और सभी के सहयोग से माघ मेला सफल होगा।

# सीएम डैशबोर्ड की दिसंबर माह की रैंकिंग में बरेली और लखीमपुर खीरी ने मारी बाजी

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्यमंत्री कार्यालय ने जारी की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग
- बरेली ने पहला, लखीमपुर खीरी और शाहजहांपुर ने बराबर अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया



लखनऊ। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की दिसंबर माह की रैंकिंग जारी की गयी है। इसमें डेवलपमेंट और रेवन्यू में बरेली ने प्रथम, लखीमपुर खीरी और शाहजहांपुर ने बराबर अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है जबकि चौथा स्थान सोनभद्र ने प्राप्त किया है। बता दें कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग प्रदेश भर के जिलों में होने वाले आधारभूत विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जारी की जाती है।

जिलाधिकारी बरेली ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिले में प्राथमिकता के आधार पर आधारभूत सुविधाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इन योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए जिले के अधिकारियों के साथ बैठक के साथ मॉनीटरिंग की जाती है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की दिसंबर माह की रैंकिंग में बरेली ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि जिले ने डेवलपमेंट और रेवन्यू के मामले में 10 अंकों में से 9.27 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। लखीमपुर खीरी की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिले में सरकार की योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समयबद्ध पूरा किया जा रहा है। यह उसी का परिणाम है कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की दिसंबर माह की रैंकिंग में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिले ने डेवलपमेंट और रेवन्यू के मामले में 10 अंकों में से 9.26 अंक प्राप्त कर किये हैं। उन्होंने बताया कि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग के आंकड़ों के अनुसार जिले ने आधारभूत विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि राजस्व विभाग ने भी बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश भर में दूसरा स्थान प्राप्त कर मिसाल कायम की है। वहीं लखनऊ मंडल में आईजीआरएस रैंकिंग में लगातार चार माह से लखीमपुर खीरी पहले स्थान पर है। आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण, जनसुनवाई और ऑनलाइन फीडबैक की कड़ी निगरानी ने लखीमपुरी खीरी को लखनऊ मंडल में अव्वल बना दिया है।

# 12 से 23 तक लखनऊ में 20 स्किल्स में होंगे राज्य स्तरीय मुकाबले

विशेष संवाददाता (vol)

- 24 को होगा पुरस्कार वितरण समारोह

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को कौशल से सफलता की ओर - हर प्रतिभा को मिले अवसर और पहचान के लक्ष्य के साथ निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्किल्स कम्पटीशन का आयोजन के सफल संचालन के लिए ग्राउंड लेवल पर विभागीय टीमें पूर्ण उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं, ताकि प्रतियोगिता हर दृष्टिकोण से सहज, पारदर्शी और प्रभावशाली हो।

मंत्री अग्रवाल ने बताया कि इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के लिए प्रदेश में 1,09,249 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है, जो देश में सर्वाधिक संख्या है। जनपद और मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन पूर्ण हो चुका है। अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता युवाओं में आत्मविश्वास, व्यावसायिक दक्षता और नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा, जिससे उन्हें आगे और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।

कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि राज्य स्तरीय स्किल्स कम्पटीशन का आयोजन 12, 13, 19, 20, 22 एवं 23 जनवरी को किया जाएगा, जबकि 24 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। प्रतियोगिता कुल 20 स्किल्स में आयोजित की जा रही है, जिनमें एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, वेल्डिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन टेक्नोलॉजी, सीएनसी मिलिंग, सीएनसी टर्निंग, ऑटोबॉडी रिपेयर, ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, आईसीटी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर, सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन डेवलपमेंट, वेब टेक्नोलॉजी, ब्यूटी थेरेपी, हेयर ड्रेसिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशंस, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, प्लंबिंग एंड हीटिंग, ब्रिकलाइंग तथा हेल्थ एंड सोशल केयर शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता लखनऊ स्थित आईटीआई अलीगंज, आईटीआई मोहनलालगंज, आईटीओटी, रेमंड सेंटर, राजकीय पॉलिटेक्निक, आईटीआई चारबाग, पॉलिटेक्निक (महिला), सीआईपीईटी सहित विभिन्न संस्थानों में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण में प्रतिभागियों की कौशल दक्षता, नवीनता, रचनात्मक सोच और प्रदर्शन क्षमता का सूक्ष्म एवं निष्पक्ष मूल्यांकन किया जा रहा है।

# बिना शोधन के गंगा-यमुना में नहीं जायेगा शहरों का गंदा पानी

## आगरा, वाराणसी और उन्नाव में चार बड़े एसटीपी शुरू, 50 लाख लोगों को होगा फायदा

विशेष संवाददाता (vol)

- नमामि गंगे मिशन फेज-2 से यूपी के सीवरेज सिस्टम को मिल रही बड़ी मजबूती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गंगा और यमुना सहित प्रमुख नदियों की स्वच्छता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपशिष्ट जल का शोधन कर नदी प्रदूषण की रोकथाम को लेकर व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है। अब प्रदेश के शहरों से निकलने वाला गंदा पानी बिना शोधन के नदियों में नहीं जाएगा। नमामि गंगे मिशन फेज-2 के तहत सीवरेज इन्फ्रास्ट्रक्चर को व्यापक स्तर पर सुदृढ़ किया गया है।

वित्त वर्ष 2025-26 में प्रदेश में चार बड़ी सीवरेज अवसंरचना परियोजनाओं का संचालन शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत आगरा में 31 एमएलडी और 35 एमएलडी के दो बड़े एसटीपी स्टार्ट हुए हैं। 842 करोड़ रुपए की इस परियोजना से लगभग 25 लाख लोगों को फायदा होगा। वहीं, वाराणसी के अस्सी-बीएचयू क्षेत्र में 55 एमएलडी एसटीपी का संचालन किया गया है। 308 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस परियोजना से 18 लाख से अधिक लोगों को स्वच्छता और बेहतर अपशिष्ट जल प्रबंधन का लाभ मिलेगा। शुक्लागंज (उन्नाव) में 65 करोड़ रुपए से 5 एमएलडी एसटीपी शुरू हुआ है। इससे 3 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा और गंगा में प्रदूषण पर प्रभावी रोक लगेगी।

राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निदेशक जोगिन्दर सिंह ने बताया कि प्रदेश में सीवर शोधन की कुल 74 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इनमें से 41 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि बाकी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहरी क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट जल का वैज्ञानिक तरीके से शोधन किया जा रहा है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 152 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालित हैं, जो बड़ी मात्रा में सीवेज को शुद्ध कर नदियों में प्रवाहित होने से पहले उसे पर्यावरण के अनुकूल बना रहे हैं। इन संयंत्रों के माध्यम से गंगा-यमुना की स्वच्छता के साथ-साथ जनस्वास्थ्य को भी सुरक्षित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नालों के माध्यम से नदियों में पहुंचने वाले अपशिष्ट जल का शोधन कर पूरी तरह से नदी प्रदूषण की रोकथाम करना है। इससे नदियों की निर्मलता को सुनिश्चित किया जा रहा है।

राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निदेशक जोगिन्दर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। सीवर शोधन परियोजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश गंगा स्वच्छता के राष्ट्रीय लक्ष्य को तेजी से हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। सीवर शोधन की परियोजना प्रयागराज (नैनी, फाफामऊ, झूंसी), कन्नौज, नरोरा, गढ़ मुक्तेश्वर, अनूपशहर, कानपुर, बिठूर, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, छाता (मथुरा), कोसीकला (मथुरा), वाराणसी, चुनार, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, कासगंज, इटावा, शुक्लागंज-उन्नाव, सुल्तानपुर, जौनपुर, बागपत, मुजफ्फरनगर, बुड़ाना, लखनऊ, गाजीपुर, मिजार्पुर, बरेली, कैराना, फरुर्खाबाद, मेरठ, देवबंद (सहारनपुर), सहारनपुर, शामली, हापुड़, गोरखपुर, आगरा, गुलावटी (बुलंदशहर), पंडित दीन दयाल नगर (मुगलसराय-चंदौली), भदोही, राम नगर, हाथरस, अलीगढ़, डलमऊ (रायबरेली), मानिकपुर (प्रतापगढ़) में संचालित हैं।

# वार्षिक समागम एवं तहरी भोज में शामिल हुए अनिल दुबे

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रगतिशील ब्राह्मण कल्याण समिति द्वारा सेक्टर 6 वृंदावन कालोनी में वार्षिक समागम एवं तहरी भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अनिल दुबे, राष्ट्रीय महासचिव रालोद के अतिरिक्त प्रमोद शर्मा, सदस्य छावनी परिषद, पीके मिश्रा, राजकुमार शुक्ला, अखिलेश द्विवेदी, आरटीओ, रमाशंकर त्रिपाठी, केएन सिंह, पार्षद, सजीव अवस्थी, पार्षद कृपाशंकर शुक्ल, प्रकाश तिवारी, सुनील वाजपेई, डॉ सुमन शुक्ला, सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सुशोभित किया. कार्यक्रम का संचालन संयोजक प्रणव अग्निहोत्री एवं महासचिव शिवप्रकाश मिश्र ने किया।

कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष एपी मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी अतुल मिश्रा ने बताया कि प्रगतिशील ब्राह्मण कल्याण समिति को स्थापित हुए 14 वर्ष हो गए हैं एवं प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर्व पर यह वार्षिक सम्मेलन एवं सह तहरीभोज आयोजित किया जाता है।

# भाजपा सरकार वोटर लिस्ट में हेराफेरी की तैयारी कर रही : अखिलेश यादव

## सपा प्रमुख ने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर साधा निशाना, मेरठ में मां की हत्या और बेटी के अपहरण की निंदा की

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार वोटर लिस्ट में हेराफेरी की तैयारी कर रही है। भाजपा के लोग वोटरलिसट अपने हिसाब से बनाना चाहते है। भाजपा सरकार साजिश और षडयंत्र के तहत पीडीए समाज का वोट काटने और अपना वोट बढ़ाने का निर्देश दे रही है। एक अखबार में खबर आयी है कि सरकार ने हर बूथों पर 200 वोट बढ़ाने का निर्देश दिया है। यह चुनाव आयोग की क्रेडिबिलटी पर सवाल है। क्या कल्पना की जा सकती है कि कोई दल वोट बढ़ाने के लिए निर्देश दे। इसके लिए अलग-अलग जिलों में अधिकारी भेजे जा रहे है। जो अधिकारी भेजे जा रहे है उनकी सूची कहां है। पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित

### अखिलेश ने बीएलओ के परिजनों को दिये चेक

लखनऊ। अखिलेश यादव ने सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में मुरादाबाद और देवरिया के मृतक बीएलओ के परिवारीजनों को 2-2 लाख रुपये के चेक दिए और उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने हर संभव सहायता का भी आश्वासन दिया। अखिलेश यादव ने एसआईआर की ड्यूटी में काम के दबाव में आकर आत्महत्या करने वाले अथवा हार्टअटैक से मरने वाले बीएलओ को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक मदद का एलान किया था। इसी क्रम में आज उन्होंने मुरादाबाद के बीएलओ सर्वेश सिंह जाटव की पत्नी बबली देवी को 2 लाख रुपये की चेक सौंपी। स्व. सर्वेश सिंह कंपोजिट विद्यालय, जाहिद्पुर सीकमपुर ब्लाक भगतपुर टांडा मुरादाबाद में सहायक अध्यापक थे। अखिलेश यादव ने बीएलओ सलेमपुर तहसील देवरिया के लेखपाल आशीष कुमार की पत्नी कंचन को 2 लाख रुपये तथा ग्राम माझका नरायन बूथ संख्या-7 विधानसभा रुद्रपुर पर कार्यरत बीएलओ जगदम्बा दुबे की पत्नी रंजू देवी को भी 2 लाख रुपये का चेक दिया। लेखपाल आशीष कुमार ग्राम धनगड़ा (बरवापलासी) पोस्ट ठेगलवा जनपद देवरिया निवासी थे। इस दौरान विधायक कमाल अख्तर तथा देवरिया के जिलाध्यक्ष व्यास यादव भी मौजूद रहे।

पत्रकारवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी ने अपने सभी बीएलए और बूथ प्रहरियों को एक प्रारूप उपलब्ध कराया है। जो भी फर्जी और डुप्लीकेट मतदाता बनवाता दिखाई दे, उसके खिलाफ एफआईआर करायेंगे। एफआईआर का पूरा प्रारूप तैयार कराया गया है, उसमें केवल नाम डाल कर एफआईआर कर देनी है।

अखिलेश यादव ने कहा कि जब एसआईआर की इतनी बड़ी प्रक्रिया चल रही है तो वोटरलिस्ट में केवल वास्तविक वोटरों का ही नाम होना चाहिए। उन्हीं का वोट बनना चाहिए लेकिन देखा जा रहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची और केंद्रीय चुनाव आयोग की मतदाता सूची में करोड़ो वोटों का अंतर आ रहा है। जबकि दो मतदाता सूची तैयार करने वाले बीएलओ और अधिकारी एक ही है। उन्होंने कहा कि जब मतदाता वही है अधिकारी और बीएलओ वही है तो राज्य और केंद्रीय चुनाव आयोग की मतदाता सूचियों में इतना अंतर क्यों है, कहां कमियां है। चुनाव आयोग को बताना चाहिए सही कौन सूची है। उम्म्मीद है कि चुनाव आयोग इन सभी सवालों का जवाब देगा। अखिलेश यादव ने कहा कि मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ा जाना चाहिए और आधार कार्ड मेटल का बनाया जाय जिसमें फजीर्वाड़ा न हो पाये। उन्होंने कहा कि जानकारी मिली है कि 1.93 करोड़ वोटरों की मैपिंग हो जाने के बाद उन्हें अब अनमैप्ड कर दिया गया है। यह बेहद गंभीर मामला है कि एक बार मैपिंग के बाद लगभग दो करोड़ वोट फिर अनमैप्ड किये जा रहे है। बताया जा रहा है कि उसमें कोई एरर (त्रुटि) हुई है। यह एरर नहीं है भाजपा के लिए एरर किया गया है। भाजपा जानबूझकर गलती कराती है जिससे लोग उलझ जायें। अगर मैपिंग के बाद फिर से अनमैप्ड किया गया है तो बहुत गंभीर सवाल है। अब इनको बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजकर जांच की जायेगी। इस तरह से कुल तीन करोड़ मतदाताओं को नोटिस भेजा जा रहा है। पहले बताया गया था कि मैपिंग वाले मतदाताओं को कोई नोटिस नहीं जायेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि फिर सवाल उठ रहा है कि यह मैपिंग एप किसका है। चुनाव आयोग बताएं कि एप किसका बनाया हुआ है? आयोग को कौन तकनीकी सपोर्ट दे रहा है? आयोग विपक्ष को बताए कि एप किसका है? अगर एप उस कम्पनी का है, जिसने भाजपा को इलेक्टोरल बांड से चंदा दिया है तो यह बड़ा सवाल खड़ा होता है। अगर भाजपा को चंदा देनी वाली कम्पनी मैपिंग कर रही है, वही डेटा मैनेजमेंट कर रही है इसका मतलब है लाखों वोट डिलीट कर विपक्ष को उलझाए रखने की साजिश है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा मुद्दों से नहीं जीत सकती है। वहां वोटो की हेराफेरी कर प्रशासन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के चुनाव को प्रभावित करने की तैयारी हो रही है। यह भी सुनने में आ रहा है कि भाजपा की विचारधारा से जुड़े अधिकारियों को जिलों में सुनवाई के लिए लगाया गया है।

# रोल मॉडल बना यूपी का सोलर मॉडल, सीख रहे दूसरे राज्य

विशेष संवाददाता (vol)

- बिहार और असम में प्रदेश के सोलर विशेषज्ञ दे रहे यूपी के सोलर मॉडल की जानकारी
- दिसंबर में एक ही दिन 1,868 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन कर यूपी ने रचा विश्व रिकॉर्ड

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में ऐसा इतिहास रचा है, जिसकी गूंज न केवल पूरे देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा मंचों पर भी सुनाई दे रही है। प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश ने रूफटॉप सोलर ऊर्जा को जनआंदोलन का रूप दे दिया है। यूपी का सोलर मॉडल आज अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बन गया है और इसकी कार्यप्रणाली का अध्ययन कर कई राज्य अपने यहां इसी तर्ज पर व्यवस्था लागू कर रहे हैं। बिहार और असम की मांग पर प्रदेश के सोलर एक्सपर्ट उनके यहां जाकर उन्हें यूपी के सोलर मॉडल की जानकारी दे रहे हैं।

उत्तर प्रदेश नवीन एवं अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) के एमडी एवं निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि बिहार और असम को यूपी के सोलर मॉडल पर प्रशिक्षण एवं प्रस्तुतीकरण भी दिया गया है। कई अन्य राज्यों ने भी यूपी के सोलर मॉडल का अध्ययन करने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने बताया कि आज उत्तर प्रदेश में गांव‍औरशहर की छतों पर चमकते सोलर पैनल केवल बिजली नहीं पैदा कर रहे, बल्कि नई उम्मीद, नई अर्थव्यवस्था और नया हरित उत्तर प्रदेश गढ़ रहे हैं। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश का मॉडल अब पूरे देश में सफलता की केस-स्टडी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक रूफ टाप सोलर संयत्र के लिए 10,43,102 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 3,34,084 घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। कुल 1,148.56 मेगावॉट की सोलर क्षमता विकसित होने से प्रदेश ने ऊर्जा स्वावलंबन की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार की ओर से 2,285.46 करोड़ रुपये सब्सिडी और राज्य सरकार की ओर से लगभग 600 करोड़ रुपये अतिरिक्त सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में उत्तर प्रदेश ने रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापना में नया कीर्तिमान स्थापित किया। महीने भर में 31,165 रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाए गए, जिससे यूपी ने देश में दूसरा स्थान हासिल किया। इससे भी बड़ी उपलब्धि यह रही कि एक ही दिन में 1,868 इंस्टॉलेशन कर प्रदेश ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह उपलब्धि तब दर्ज की गई जब अधिकांश क्षेत्रों में घना कोहरा, कड़ाके की ठंड और सीमित कार्य घंटे जैसी प्रतिकूल परिस्थितियां थीं। इन चुनौतियों के बावजूद जिला प्रशासन, ऊर्जा विभाग, बैंकिंग संस्थान और सोलर वेंडर्स के समन्वय ने इसे संभव बनाया। ऊर्जा विशेषज्ञों का आंकलन है कि स्थापित रूफटॉप सोलर क्षमता से प्रतिवर्ष 188 करोड़ यूनिट से अधिक स्वच्छ बिजली का उत्पादन हो रहा है। यह उत्पादन कई मध्यम आकार के ताप विद्युत संयंत्रों के बराबर है। इससे लगभग 30-35 लाख शहरी परिवारों की वार्षिक बिजली आवश्यकता पूरी की जा सकती है। यदि 6.5 रुपये प्रति यूनिट की दर से आकलन किया जाए तो उपभोक्ताओं को हर वर्ष 1,225.63 करोड़ रुपये से अधिक की सामूहिक बचत हो रही है। औसत 3 किलोवाट संयंत्र से ही एक परिवार को 27-30 हजार रुपये वार्षिक बचत मिल रही है, जिससे मध्यम वर्ग की आर्थिक स्थिरता मजबूत हुई है। रूफटॉप सोलर क्षेत्र श्रम-प्रधान होने के कारण स्थापित सौर क्षमता से अनुमानतः 1.25 लाख से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। तकनीशियन, इलेक्ट्रिशियन, सिविल वर्कर, ओएंडएम कर्मी, लॉजिस्टिक्स और सोलर वेंडर्स से जुड़े युवाओं को बड़े पैमाने पर अवसर मिला है। लगभग 2,800 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी ने केवल उपभोक्ताओं को राहत नहीं दी, बल्कि सोलर मॉड्यूल, इन्वर्टर, केबल, माउंटिंग स्ट्रक्चर से जुड़े उद्योगों को नई गति प्रदान की है।

### तकनीकी नवाचार और हरित वित्तीय भविष्य की दिशा में कदम

नवीन ऊर्जा विशेषज्ञ उपकारी नाथ के अनुसार यूनिफाइड एनर्जी इंटरफेस के माध्यम से सोलर से उत्पादित अतिरिक्त बिजली का डिजिटल लेखा-जोखा तैयार किया जाएगा। इससे भविष्य में पीयर-टू-पीयर एनर्जी ट्रेडिंग, सोलर कॉइन और सोलर रुपया जैसी अवधारणाओं के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा। यह प्रणाली उद्योगों को हरित ऊर्जा से जोड़ने में सहायक होगी तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों जैसे कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म के अनुरूप उत्पादन को प्रोत्साहित करेगी।

### 16.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी

स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के परिणामस्वरूप हर वर्ष 16.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आ रही है। यह कमी करोड़ों पेड़ लगाने के बराबर पर्यावरणीय लाभ प्रदान करती है। इससे उत्तर प्रदेश के नेट-जीरो लक्ष्य एवं जलवायु प्रतिबद्धताओं को मजबूत सहारा मिला है। ग्रामीण इलाकों में सोलर पैनलों से न केवल बिजली की उपलब्धता बढ़ी है, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की सोच भी विकसित हुई है।

# मनरेगा करोड़ों गरीब परिवारों की जीवनरेखा : रूद्र दमन सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मनरेगा बचाओ आंदोलन संग्राम के तहत पूरे प्रदेश में जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों द्वारा प्रेसवार्ता कर अभियान के प्रथम चरण की शुरूआत की गई। इसी कम्र में शनिवार को राजधानी लखनऊ में भी जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबलू ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी वॉर रूम के प्रभारी संजय दीक्षित एवं स्टेट वॉर रूम के जोनल हेड राघवेन्द्र उपाध्याय शामिल रहे।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबलू ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कांग्रेस शासनकाल की केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के करोड़ों गरीब परिवारों की जीवनरेखा है। यह योजना भूख, बेरोजगारी और पलायन के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच है। मनरेगा योजना ने देश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं और भूमिहीन मजदूरों को सम्मान के साथ काम करने का अधिकार दिया है।

भाजपा सरकार के सत्ता में आने बाद योजना में एक नया बदलाव कर इस अधिनियम मनरेगा योजना को पूरी तरह खत्म करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है भाजपा सरकार को इस मजदूर विरोधी बदलाव को न करने देने के लिए।

# 15 करोड़ की सरकारी भूमि अतिक्रमणमुक्त करायी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम ने शनिवार को सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के अभियान के तहत नगर निगम लखनऊ ने सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम और तहसील प्रशासन के संयुक्त सहयोग से ग्राम अमौसी, हरिहरपुर और बिरूरा में अवैध कब्जों को हटाया।

यह कार्रवाई सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार नगर निगम अरविन्द कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। मौके पर नगर निगम, तहसील प्रशासन और पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की सहायता से अस्थाई रूप से किए गए अवैध निर्माण, प्लॉटिंग और बाउंड्रीवाल को ध्वस्त किया गया। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। ग्राम हरिहरपुर, तहसील सरोजनी नगर में खसरा संख्या 440 और 433 की शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। इस दौरान कुल 0.3557 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमणमुक्त कराई गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 9 करोड़ 24 लाख रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के समय नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल सहित संबंधित अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। इसी क्रम में ग्राम अमौसी में खसरा संख्या 430 और 358 की ग्राम समाज व नवीन परती दर्ज कुल 1.061 हेक्टेयर भूमि को अवैध प्लॉटिंग और बाउंड्रीवाल से मुक्त कराया गया। इस भूमि की बाजार कीमत लगभग 2 करोड़ 78 लाख रुपये बताई गई है। कार्रवाई के दौरान थाना सरोजनी नगर का पुलिस बल भी तैनात रहा। वहीं ग्राम बिरूरा में तालाब दर्ज खसरा संख्या 346 की 0.190 हेक्टेयर भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया। इस भूमि की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 3 करोड़ रुपये है। यहां भी पुलिस बल की सहायता से कार्रवाई को शांतिपूर्वक पूरा किया गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, संयुक्त कार्रवाई में तीनों गांवों से कुल 1.5967 हेक्टेयर शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया, जिसकी कुल बाजार कीमत लगभग 15 करोड़ 3 लाख 33 हजार 500 रुपये है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी सरकारी भूमि को सुरक्षित रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# जलकल विभाग ने विभिन्न जोनों में करायी पाइपलाइन की मरम्मत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जलकल विभाग की ओर से शनिवार को शहर के विभिन्न जोनों में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर पाइपलाइन मरम्मत एवं संबंधित कार्य कराए गए। शहरवासियों को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में यह कदम उठाया गया।

जलकल विभाग की अलगझ्अलग टीमों ने विभिन्न जोनों में लीकेज, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन, चोक सीवर लाइन, ओवरफ्लो टंकियों एवं अन्य तकनीकी समस्याओं को चिन्हित कर त्वरित समाधान किया।

जोन-1 से लेकर जोन-8 तक कई प्रमुख क्षेत्रों में मरम्मत कार्य किए गए, जिससे स्थानीय नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही जलसमस्याओं से राहत मिली। जोनझ्1 में योजना भवन के पास, कंधारी बाजार लालबाग, लापलाश कॉलोनी शिवनगर, वजीरगंज, मौलवीगंज, हरी नगर जैसे इलाकों में पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत और वाशिंग की गई। वहीं जोन-2 में बड़ा इमामबाड़ा क्षेत्र, राजाजीपुरम सी-ब्लाक, गुलमोहर कॉलोनी, गढ़ी कनौरा, श्रम विहार में लीकेज सुधार और करेहटा



टंकी सफाई जैसे कार्य कराए गए। इन क्षेत्रों में लंबे समय से जलदबाव की समस्या बनी हुई थी, जिसे अब काफी हद तक नियंत्रित किया गया है। जोनझ्3 में जानकीपुरम विस्तार, ट्रॉमा सेंटर क्षेत्र सेक्टर-2 एवं ओएचटी सेक्टर-8, मडियांव गांव में नाले के पास से 4 पाइपलाइन मरम्मत कि गई, जानकीपुरम सेक्टर-3, त्रिवेणी नगर, रहीम नगर जैसे क्षेत्रों में पाइपलाइन मरम्मत के साथ-साथ नई लाइन बिछाने और टंकी सफाई का कार्य भी किया गया।

## हेल्पलाइन / कंट्रोल रूम नंबर

जलकल विभाग से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत, पानी की आपूर्ति, पाइपलाइन लीकेज या सीवर समस्या की सूचना देने के लिए नागरिक निम्न कंट्रोल रूम नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं– 8177054100, 8177054003, 8177054010

इसके साथ ही विज्ञान पुरी, हार्नर में ट्यूबवेल कि मरम्मत का कार्य किया गया। इसी प्रकार जोन-4 में विराज खंड-1, विकल्प खंड-3, विनीत खंड-3 और काल्विन कॉलेज के आसपास के क्षेत्रों में लीकेज सुधार एवं कनेक्शन दुरुस्त किए गए। जोन-5 और 6 में भी जलकल विभाग की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए भोला खंड, दुगार्पुरी, आशियाना नगर, विक्रम नगर, साजन मैरिज हॉल और साबिक निवास क्षेत्रों में पाइपलाइन मरम्मत, नई पाइपलाइन डालने और चोक लाइन खोलने जैसे कार्य पूरे किए। वहीं जोन-7 में सेक्टर-17, सेक्टर-9 इन्दिरा नगर और विकास भवन के आसपास सीवर एवं जललाइन से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया गया।

जोनझ्8 में रेल नगर आशियाना और हिन्द नगर क्षेत्र में लीकेज मरम्मत एवं स्टैंड पोस्ट लगाने जैसे आवश्यक कार्य किए गए। अधिकारियों के अनुसार, इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा किया गया ताकि नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो।

जीएम जलकल कुलदीप सिंह ने कहा कि जलकल विभाग की ओर से शहर के सभी जोनों में नियमित रूप से निरीक्षण कर पानी की पाइपलाइन, लीकेज एवं सीवर से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

शनिवार को किए गए मरम्मत कार्य इसी क्रम का हिस्सा हैं, ताकि नागरिकों को निर्बाध और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि जहां भी पाइपलाइन लीकेज, जलदबाव की समस्या या सीवर चोक होने की शिकायत मिलती है, वहां प्राथमिकता के आधार पर टीम भेजकर तुरंत कार्रवाई की जाती है।

आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जलकल विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके।

# हज यात्रियों की सुविधाएं परखने अरब गये मंत्री दानिश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हज 2026 में भारत से जाने वाले हज यात्रियों की आवासीय व्यवस्था के चयन एवं अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का चार सदस्सीय प्रतिनिधि मण्डल सऊदी भेजा गया है। प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति दानिश आजाद अंसारी कर रहे हैं। प्रतिनिधिमण्डल शनिवार शाम नई दिल्ली से अरब के लिए रवाना हुआ। हज 2026 में सऊदी सरकार की ओर से कई बदलाव किए गए हैं, जिनमें सुरक्षा की दृष्टि से इस वर्ष हज यात्रियों को स्वयं खाना बनाने की अनुमति नहीं दी गई है। इसके साथ ही हज यात्रियों की आवासीय व्यवस्था का चयन भी किया जाना है। भारत से रवाना



हुआ प्रतिनिधिमण्डल इन सब व्यवस्थाओं का चयन करेगा और साथ ही बेहतर आवासीय व्यवस्था को अन्तिम रूप भी देगा। प्रतिनिधिमण्डल में कार्यपालक अधिकारी दिल्ली राज्य हज समिति अशफाक अहमद आरफी, कार्यपालक अधिकारी बिहार राज्य हज समिति मो. राशिद हुसैन, उपमुख्य कार्यपालक अधिकारी हज कमेटी ऑफ इंडिया मो. नियाज अहमद शामिल हैं।

# जन आंदोलन की तरह होगी परीक्षा पे चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा पे चर्चा 2026 को जन आन्दोलन के रूप में मनाया जाएगा। इससे जुड़े निर्देशन राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक ने जारी किए हैं।

मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा को 12 जनवरी (राष्ट्रीय युवा दिवस/विवेकानंद जयन्ती) से प्रारम्भ होकर 23 जनवरी (पराक्रम दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक जन आंदोलन के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में 12 जनवरी से 23 जनवरी तक विविध गतिविधियां आयोजित होंगी।

- माध्यमिक विद्यालयों में 12 से 23 तक होंगी गतिविधियां

12 जनवरी को विद्यालयों में स्वदेशी संकल्प दौड़-आत्मनिर्भरता के लिए विद्यार्थियों की दौड़ व शपथ संकल्प, 13 जनवरी को- वंदेमातरम-स्वतंत्रता का मंत्र, 15 जनवरी को-स्वदेशी खेल सत्र, 16 जनवरी को-विद्यार्थियों द्वारा मीम बनाना जैसे कार्यक्रम होंगे। इसी क्रम में 17 जनवरी को परीक्षा एवं जीवन कौशल पर नुक्कड़ नाटक, 19 जनवरी को छोटे वीडियो एवं टेस्टिमोनियल बनाना, 20 जनवरी को स्टूडेंट एंकर विद्यार्थी एवं अतिथि संवाद सत्र, 21 जनवरी को- योग सह ध्यान सत्र व विद्यार्थियों द्वारा रचित काव्य एवं गीत, 22 जनवरी को पोस्टर बनाना एवं 23 जनवरी को पराक्रम दिवस ऑपरेशन सिंदूर पर क्विज प्रतियोगिता होगी।

विद्यालयों को अपने प्रत्येक दिवस के आयोजन और गतिविधियों के फोटो,वीडियो गूगल ट्रैकर तथा माईजीओवी पोर्टल पर अपलोड भी करना होगा। विस्तृत निर्देश को संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय द्वारा भी लखनऊ मण्डल के सभी जिलों लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, रायबरेली के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों को उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी माध्यमिक विद्यालयों में मनाए जाने के लिए भेज दिए गए हैं। श्री कुमार ने बताया कि आयोजित होने वाली इन गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को एनसीईआरटी द्वारा राष्ट्र निर्माण पर आधारित विशिष्ट रूप से निर्मित ई-मॉड्यूल पर प्रदर्शित किया जाएगा।

# आरटीई में अनाथ बच्चों को भी मिलेगा मुफ्त दाखिला

**लखनऊ।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत अब अनाथ बच्चों को भी चिह्नित कर निजी स्कूलों में मुफ्त दाखिला दिलाया जाएगा। यह अनाथ बच्चे जिस अनाथालय, बालगृह या जिस परिवार के साथ रह रहे होंगे, उसे अभिभावक मानकर उसके आधार कार्ड लेकर इन्हें प्रवेश दिया जाएगा। ड्रेस व स्टेशनरी इत्यादि के लिए पांच हजार रुपये भी इसी अभिभावक के आधार सीडेड बैंक खाते में भेजी जाएगी। आरटीई के तहत निजी स्कूलों की 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब परिवार के बच्चों को मुफ्त दाखिला दिया जाता है। अब गरीब परिवार के साथ ही यह अनाथ बच्चे भी नर्सरी व कक्षा एक में निजी स्कूलों में प्रवेश पाएंगे। अब निजी स्कूलों की संख्या बढ़कर 67 हजार हो गई है। पिछले वर्ष तक यह संख्या 62 हजार थी। ऐसे में अब सीटों की संख्या भी बढ़कर 6.70 लाख हो गई है। स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से जल्द आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी किया जाएगा। अधिक से अधिक बच्चों के प्रवेश पर जोर दिया जा रहा है। प्रत्येक निजी स्कूलों को प्रति छात्र प्रति महीने 450 शुल्क प्रतिपूर्ति दी जाती है।

# एस सी सिंह फिर बने स्मार्ट सिटी के जीएम

- नव नियुक्त महाप्रबंधक ने पदभार भी किया ग्रहण

**लखनऊ ।** करीब दो महीनें से खाली चल रहा स्मार्ट सिटी महाप्रबंधक का पद अब भर गया है। इस पद पर सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता एससी सिंह को नियुक्त किया गया है। यह इससे पहले भी सेवाकाल के दौरान इस पद पर रह चुके हैं। करीब दो महीनें पहले स्मार्ट सिटी महाप्रबंधक के पद पर तैनात इंजीनियर एके सिंह की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी। वह एलडीए से सेवानिवृत्त होने के बाद करीब एक साल से कार्यरत थे। उनकी अचानक मौत के बाद से यह पद खाली चल रह था । अब इस पद पर नगर निगम से बीते साल सेवानिवृत्त हुए अधिशासी अभियंता एससी सिंह की नियुक्ति की गई है। यह इससे पहले भी नगर निगम में तैनाती के दौरान इस पद पर रह चुके हैं। अब फिर इनको स्मार्ट सिटी महाप्रबंधक के पद पर नियुक्त किया गया है। इसको लेकर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व नगर आयुक्त गौरव कुमार की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है। उसके बाद शनिवार को ही एससी सिंह ने पदभार भी ग्रहण कर लिया।

# बजट में ई कॉमर्स पॉलिसी बनाये जाने की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्री -बजट चर्चा का आयोजन हुआ। चर्चा में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी ,चार्टर्ड एकाउंटेंट, उद्योगपति ,एवं कर विशेषज्ञ मौजूद रहे। प्री बजट चर्चा में उठे सभी विषयों का संकलन कर केंद्रीय वित्तमंत्री को संगठन की ओर से ई मेल के माध्यम से भेजने का निर्णय लिया गया। व्यापारियों ने चर्चा कर देश में ई कॉमर्स का प्रचलन बढ़ने के कारण रिटेल सेक्टर के व्यापार में आ रही गिरावट एवं व्यापारियों को आ रही समस्याओं पर भी चिंतन किया गया तथा देश में तुरंत ₹ई कॉमर्स पॉलिसी ₹बनाए जाने की मांग पर जोर दिया गया। रिटेल ट्रेड पॉलिसी की भी आवश्यकता पर चर्चा की गई। रीटेल ट्रेड पॉलिसी की भी माँग की गयी। रिटेल सेक्टर से एफडीआई को घटाने की व्यापारियों ने मांग की प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा रिटेल सेक्टर में 100% एफडीआई आने से देश का रिटेल सेक्टर चौपट हो रहा है। व्यापारियों के लिए दस लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा की माँग की गई। आयकर के स्लैब में 15 लाख तक की स्पष्ट छूट हो वर्तमान में बारह लाख तक की छूट है किंतु 12 लाख से एक रुपये बढ़ने पर भी गणना में चार लाख के स्लैब से शुरू हो जाता है तथा प्रत्येक टैक्स स्लैब मे बड़ा अंतर रखा जाए, 50 लाख से ऊपर की इनकम पर ही 30% परसेंट का स्लैब प्रभावी हो। बजट ऐसा हो जो आम आदमी की समझ में आए।

# अस्थमा के रोगी सर्दी और गर्मी दोनों से बचें

समरेश पति त्रिपाठी

**लखनऊ।** सर्दी में अस्थमा से बचने के लिए ठंडी हवा से बचें और ज्यादा गर्मी के उपकरण के पास भी नही बैठे, गांव में रहते है तो अलाव से बचने का प्रयास करे। क्योकि अलाव में राख निकलने पर नाक में एलर्जी होती है। खासकर बुजुर्गो को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। लोहिया अस्पताल के डा. नीरज ने बताया कि अस्थमा के रोगी दोपहर में धूप होने पर योग जरुर करे।

## इस तरह करें बचाव

बाहर निकलते समय मुंह-नाक ढकें, फ्लू का टीका लगवाएं, घर में एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें, नियमित दवा लें और संक्रमण से बचें, ताकि ठंडी हवा और प्रदूषण से होने वाले अस्थमा के अटैक से बचाव हो सके। ठंडी हवा से बचे, बाहर निकलने पर स्कार्फ या मास्क से मुंह और नाक ढकें, जिससे फेफड़ों में जाने से पहले हवा गर्म हो जाए।



## घर के अंदर का माहौल

घर को गर्म और नम रखें। एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें और धूल-मिट्टी (जैसे कालीन, पर्दे) से बचाव करें।

## ऐसे बचें प्रदूषण से

- प्रदूषण या स्मॉग ज्यादा होने पर घर के अंदर ही रहें और लकड़ी के धुएं या तेज गंध से बचें इसके साथ ही हाथों को बार-बार धोएं और फ्लू/निमोनिया का टीका लगवाएं, क्योंकि वायरल संक्रमण अस्थमा को बढ़ाते हैं।

## दवाएं और डॉक्टर

डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाएं समय पर लें और अस्थमा एक्शन प्लान का पालन करें। खूब पानी पिएं ताकि वायुमार्ग ठीक रहें। घर के अंदर हल्का व्यायाम करें, लेकिन ज्यादा ठंड में बाहरी व्यायाम से बचें, क्योंकि इससे वायुमार्ग सिकुड़ सकते हैं।

## क्या करें और क्या न करें

कपूर का तेल और अजवाइन मिलाकर छाती पर लगाएं, प्राणायाम (अनुलोम-विलोम) करें, साबुत अनाज खाएं, विटामिन सी लें। ये नही करना चाहिए जिसमें सल्फाइट वाले सूखे मेवे, शराब, अचार न खाएं, अंगीठी या अलाव से बचें, और बीमार लोगों से दूरी बनाएं।

# मायावती कालोनी में गंदे पानी की आपूर्ति, प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

- पूरे इलाके में करीब 200 घर ऐसे हैं जहां समस्या लगातार बनी हुई है

**लखनऊ।** तकरोही के दीन दयाल पुरम मायावती कालोनी में काफी समय से सीवर मिला पानी आ रहा है। इन्दौर में हुई घटना के बाद यहां लोग सहमे हुए हैं। घबराहट में कई लोग घर पर ताला मारकर गांव चले गए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार जलकल को शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यहां रहने वाले डॉ. महेश ने बताया कि पूरे इलाके में करीब 200 घर ऐसे हैं जहां समस्या लगातार बनी हुई है। पानी में भीषण दुर्गन्ध की वजह से इसका कोई उपयोग नहीं किया जा सकता है।

मजबूरी में ज्यादातर घरों में रहने वाले दुकानों में सप्लाई होने वाली बड़ी पानी की बोतलें खरीद रहे हैं। जलकल ने शनिवार को टैंकर के साथ पहुंचाया। उन लोगों ने काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। बताया जा रहा है कि सीवर लाइन कहीं पर चोक हो चुकी है।

अन्य लोगों ने बताया कि सीवर लाइन के बगल से पाइपलाइन जा रही है जो शायद जमीन के नीचे कहीं पर क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

ऐसे में जब भी पानी की सप्लाई होती है तो सीवर का पानी उसमें मिल जा रहा है। पानी में इतनी दुर्गन्ध है कि उससे बरतन या कपड़े धोने का कार्य भी नहीं किया जा सकता है। मजबूरी में महिलाएं और बच्चे आसपास से पानी लेकर आ रहे हैं।

शफीक उल्लाह के अनुसार यहां के लोग जलकल से शिकायत कर के थक चुके हैं। जितनी बार भी जलकल के कर्मचारी आते हैं वे खानापूरी करते हैं। समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जलकल की टीम को रोक लिया स्थानीय लोगों ने शनिवार को यहां काम करने आई जलकल की टीम को रोककर नाराजगी जताई। जलकल के मौके पर आए कर्मचारियों ने बताया कि वे अपने स्तर से पूरा प्रयास कर रहे हैं। समस्या बड़ी है जिसका समाधान किया जाएगा।

# पीजीआई में अल्ट्रासाउंड जांच के लिए कई दिनों का हो रहा है इंतजार

**लखनऊ।** पीजीआई में जांच के इंतजार में मरीजों का दम फूल रहा है। गंभीर मरीजों की सांसें अटकी हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत मरीजों को अल्ट्रासाउंड, सीटी एंजियोग्राफी पेट स्कैन आदि जांच कराने में हो रही है। मजबूरन मरीज निजी डायग्नोस्टिक सेंटर से जांच कराने को मजबूर हैं। पीजीआई की ओपीडी में प्रतिदिन 3000 से अधिक मरीज आ रहे हैं। पेट समेत दूसरी गंभीर बीमारी से पीड़ितों को अल्ट्रासाउंड जांच कराने की सलाह दी जा रही है। ओपीडी सभी मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है। दूर-दराज से आ रहे मरीजों को 15 से 20 दिन बाद की तारीख दी जा रही है। इसी प्रकार न्यूक्लीयर मेडिसिन विभाग में किडनी की जांच के लिए डीटीपीए स्कैन में भी मरीजों को तारीख दी जा रही है। सीटी एंजियोग्राफी की तारीख भी 10 से 15 दिन बाद की मरीजों को मिल रही है। मरीज निजी डायग्नोस्टिक सेंटर से महंगी जांच कराने को मजबूर हैं। कैंसर जैसी बीमारी की पहचान के लिए भी मरीजों को जांच का इंतजार करना पड़ रहा है।

# जल्दबाजी में संशोधन बिल पारित किया गया तो राष्ट्रव्यापी हड़ताल : फेडरेशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि पॉवर सेक्टर का निजीकरण करने के लिए जल्दबाजी में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 संसद में पारित कराने की कोई भी कोशिश हुई तो देशभर के तमाम बिजली इंजीनियर 27 लाख बिजली कर्मियों के साथ हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे।



ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने केंद्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल को पत्र भेज कर मांग की है कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 पर स्टेक होल्डर्स से चर्चा करने के पहले संसद की ऊर्जा मामलों की स्टैंडिंग कमेटी द्वारा अमेंडमेंट बिल 2025 पर सुझाए गए नए ड्राफ्ट की प्रतिलिपि सभी स्टेक होल्डर्स को उपलब्ध कराई जाए। फेडरेशन ने भेजे गए पत्र में स्टैंडिंग कमेटी के माननीय सदस्यों की सूची भी मांगी है। साथ ही यह भी मांग की है कि स्टैंडिंग कमेटी द्वारा सुझाए गए ड्राफ्ट पर कमेंट्स देने के लिए कम से कम 31 मार्च तक का समय दिया जाय।

शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि यह जानकारी मिली है कि संसद की ऊर्जा मामलों की स्टैंडिंग कमेटी ने 09 अक्टूबर 2025 को विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी किए गए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 पर अपनी टिप्पणी दी है और नया ड्राफ्ट प्रस्तावित किया है। उन्होंने बताया कि स्टैंडिंग कमेटी द्वारा सुझाए गए नए ड्राफ्ट पर केंद्रीय विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर आगामी 22, 23 जनवरी को देश भर के सभी राज्यों के बिजली मंत्रियों के साथ बैठक कर रहे हैं। उन्होंने बताया इस बैठक का मुख्य एजेंडा ही यही है कि स्टैंडिंग कमेटी द्वारा सुझाए गए ड्राफ्ट के अनुसार इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 पर आम सहमति बनाई जाए। साथ ही बिजली के निजीकरण, फ्रेंचाइजी मॉडल तथा निजीकरण हेतु सशर्त वित्तीय पैकेज पर आम राय बनाई जाय जिससे इसे संसद के बजट सत्र में पारित किया जा सके।

# ऑटो-ई रिक्शा को चौराहों से 50 मीटर दूर रखा जाये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर की खस्ताहाल ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक में कई फैसले लिए गए। जाम के जिम्मेदार आटो ई-रिक्शा को चौराहों से 50 मीटर दूर करने, नो वेंडिंग जोन बनाने, ग्रीन कॉरिडोर के चौराहों पर ट्रैफिक लोड आकलन जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में सुझाव दिया गया कि ज्यादा दबाव वाले स्थलों पर फ्लाईओवर, अंडरपास का विकल्प तलाशा जाए। यहां अंडरग्राउंड और बहुमंजिला पार्किंग बनाने पर भी चर्चा हुई। स्मार्ट सिटी कार्यालय में हुई बैठक में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि जाम का स्थायी हल तलाशना होगा। जाम के जिम्मेदार सभी प्वाइंट को चेक करें। बैठक में ट्रैफिक, पुलिस और नगर निगम के अफसर मौजूद थे।

मंडलायुक्त ने कहा कि प्रमुख चौराहों पर ऑटो ई-रिक्शा सख्ती से हटाएं। उनके पार्किंग स्थल 50 मीटर दूर बनाए जाएं। चौराहों पर सवारी उतारने और बैठाने न दिया जाए। सड़क बाधित कर दुकान लगाने वाले पटरी दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर ही अपने दुकान लगाए जाने के लिए सख्ती से निर्देशित करें।

## रोड इंजीनियरिंग में बदलाव का सुझाव दिया

- पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर की मौजूदगी में हुई बैठक में जेसीपी कानून व्यवस्था ने शहर के प्रमुख राजमार्गों/एलिवेटेड रोड/अन्य मार्गों पर और चौराहा/तिराहों को सिग्नल मुक्त बनाए जाने के लिए रोड इंजीनियरिंग में बदलाव और सुधार का प्रस्ताव रखा। संबंधित विभागों ने बताया कि शहीद पथ और उसके लिंक मार्ग पर पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई एवं एलडीए की ओर से पूर्व से ही अंडर पास, क्लोवर लीफ मार्ग एवं सर्विस मार्ग की वृद्धि के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। ग्रीन कॉरिडोर के जंक्शन प्वाइंटों की रोटरी को और भी सुदृढ़ करने की बात कही गई, ताकि ट्रैफिक बढ़ने पर जाम न लगे। बैठक में लिए निर्णयों/प्रस्तावों पर प्रत्येक बिंदु पर कार्रवाई के लिए सभी विभागों में आपसी समन्वय हो, इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।

## कई जगह एलीवेटेड रोड, फ्लाईओवर प्रस्तावित

- बैठक में बताया गया कि लखनऊ सुलतानपुर मार्ग पर एनएचएआई एवं एलडीए की ओर से यात्री वाहनों के लिए सब-वे आदि संबंधी कार्रवाई कराई जा रही है। कानपुर रोड से आईआईएम रोड तक दुबग्गा मछली मंडी बाजार के रोड को फोर लेन बनाया जाएगा। तेलीबाग से पीजीआई तक एलिवेटेड रोड और फुट ओवरब्रिज (एक्सक्लेरेटर), अस्ति क्रासिंग एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के पास फ्लाई ओवर प्रस्तावित है। जानकीपुरम में रोडवेज बसों का ठहराव होगा बस अड्डों के कारण लगने वाले जाम को लेकर एआरएम रोडवेज ने बताया कि कैसरबाग बस अड्डे पर आने वाली बसों में लगभग 50% बसें सीतापुर रोड की तरफ से आती हैं। कैसरबाग बस अड्डे के दबाव को कम करने के लिए जानकीपुरम में रोडवेज बसों का ठहराव किया जाएगा।

## ट्रैफिक सुधार के लिए लिए गये निर्णय

- अंडरग्राउंड एवं बहुमंजिला पार्किंग बनाई जाए -सभी रिंग रोड को लखनऊ शहर में प्रवेश के मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सुव्यवस्थित रैंप एवं अन्य सर्विस मार्ग बनाया जाए -नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन और बना कर इसे सख्ती से लागू किया जाए -ज्यादा ट्रैफिक दबाव वाले क्षेत्र में फ्लाईओवर और फुटओवर ब्रिज बनाया जाए -अतिक्रमण, सड़क किनारे पार्किंग एवं फुटपाथों पर कब्जों को हटाया जाए -प्रमुख चौराहों पर यातायात संकेतों, रोड मार्किंग एवं डिवाइडरों का सुधार किया जाए -निर्माण कार्यों के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया जाए



**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# मंदिर के दिये से पर्दे में लगी आग, मासूम की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंदिरा नगर थाना क्षेत्र के सूगामऊ हनुमंतपुरम डूडा कॉलोनी में शुक्रवार रात घर के मंदिर में जल रहे दीपक से पर्दे में लगी आग में चार वर्षीय बच्ची अविका की झुलसने से मौत हो गई। गनीमत रही कि उसकी बड़ी बहन समय रहते कमरे से बाहर निकल गई, नहीं तो वह भी आग की चपेट में आ सकती थी। घटना के वक्त बच्ची के पिता और मां सब्जी लेने गए थे। मृत बच्ची के पिता सुमित पेशे से ड्राइवर हैं। शुक्रवार रात करीब नौ बजे घर के मंदिर में जल रहे दीपक से पर्दे में आग लगी, जो देखते ही देखते पूरे कमरे में फैल गई। उस समय सुमित की दोनों बेटियां-पंखुड़ी (7) और अविका (4)-कमरे में सो रही थीं। आग की लपटें उठते देख बड़ी बेटी पंखुड़ी किसी तरह कमरे से बाहर निकल आई, जबकि छोटी बेटी अविका बाहर नहीं निकल सकी और आग की चपेट में आ गई। बड़ी बेटी पंखुड़ी के शोर मचाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। कमरे में धुआं भर जाने के कारण बच्ची दिखाई नहीं दे रही थी। पड़ोसी अमन ने प्रयास कर बच्ची को निकाला, लेकिन जरूरत से ज्यादा लपटें होने के कारण वह भी अंदर नहीं घुस पा रहा था। कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। परिजन बच्ची को तत्काल एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से उसे राम मनोहर लोहिया संस्थान रेफर कर दिया गया। संस्थान पहुंचने पर डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक घटना के दौरान सुमित, पत्नी शिल्पी के साथ घर से कुछ दूरी पर सब्जी लेने गए थे। पड़ोसियों ने उन्हें आग लगने की सूचना दी। अविका का इसी वर्ष एक निजी स्कूल में प्री-नर्सरी में दाखिला कराया गया था। घटना के बाद से परिवार में शोक का माहौल है। सुमित ने बताया कि ऑफिस से लौटकर दोनों बच्चियों को सुलाने के बाद हम पति-पत्नी बाजार चले गए थे। हमने सोचा कि बच्चियां सो रही हैं तब तक सब्जियां ले आएं। सपने में भी नहीं सोचा था कि हमारे घर में आग लग जाएगी।

**मऊ गांव में निकला 10 फुट का अजगर:** निगोहां। मोहनलालगंज के मऊ गांव के बाहर स्थित बड़े तालाब पर शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने पानी किनारे एक विशालकाय अजगर को रेंगते हुए देखा। दस फुट लंबे अजगर को देखकर ग्रामीणों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने वन विभाग को सूचना दी। वन कर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। वन विभाग टीम के अनुसार अजगर पूरी तरह स्वस्थ है और उसे सुरक्षित स्थान पर ले छोड़ दिया गया है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगली जानवर दिखने पर तुरंत सूचना दें और खुद से किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करें।

## शॉर्ट्स सर्किट से हार्डवेयर की दुकान में लगी आग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा में देर शाम विद्युत शार्ट सर्किट से एक हार्डवेयर की दुकान में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान के अंदर काफी तादाद में धुआं भर गया। इस दौरान दुकान मालिक और उसका भाई वहां से भाग खड़े हुए,, लेकिन दुकान पर काम करने वाली युवती अंदर धुएं में फंस गई। बाद में आनन फानन पीछे की दीवार तोड़कर उसे बाहर निकाला गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची दो दमकल गाड़ियों ने करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में दुकान के अंदर रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। बंथरा बाजार निवासी निखिल गुप्ता की यहां उम्मेद खेड़ा जाने वाली सड़क पर शुभारंभ हार्डवेयर के नाम से पेंट आदि की दुकान है। जबकि इसी के बेसमेंट में निखिल के छोटे भाई एडवोकेट राजीव गुप्ता ने राजीव गुप्ता एडवोकेट एंड एसोसिएट नाम से अपना ऑफिस बना रखा है। निखिल और उनकी दुकान पर काम करने वाली बंथरा निवासी आमरीन बानो (26) दुकान पर थे, जबकि राजीव गुप्ता नीचे अपने ऑफिस में बैठे थे। तभी शाम करीब 5 बजे दुकान में लगे विद्युत मीटर के पास अचानक शार्ट सर्किट हुआ और नीचे रखे पेंट और थिनर के डिब्बों पर चिंगारी गिर गयी। जिससे वह धूधू कर जलने लगे। कुछ ही देर में थिनर और पेंट के डिब्बे में धमाका हो गया और पूरी दुकान के अन्दर व नीचे राजीव गुप्ता के ऑफिस तक आग पहुंच गई। तेज धुआं के साथ भीषण आग लगी देख निखिल और राजीव बाहर भाग खड़े हुए, लेकिन आमरीन दुकान के अंदर भरे धुएं में फंस गयी। बाद में आसपास के लोगों की मदद से दुकान के पिछले हिस्से की दीवार तोड़कर आमरीन को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। साथ ही आनन फानन फायर कंट्रोल रूम और पुलिस को घटना की सूचना देते हुए लोग खुद आग बुझाने में जुट गए। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद सरोजनी नगर फायर स्टेशन से पहुंची दो दमकल गाड़ियों ने करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में दुकान के अंदर रखा लाखों रुपए का सामान और नीचे बेसमेंट में राजीव के ऑफिस में लैपटॉप व जरूरी कागजात जलकर राख हो गए।

## छत की ग्रिल काटकर चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

लखनऊ। मानक नगर पुलिस ने थाना क्षेत्र स्थित समर विहार मे छत की ग्रिल काट चोरी करने वाले दो चोरो को थाना क्षेत्र स्थित बाराबिरवा दुबग्गा रोड सीएमएस स्कूल के पास से गिरफ्तार किया है। जबकी उनका एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। वही पुलिस ने गिरफ्त मे आए शातिरो के पास से चोरी के 5380 रुपये, एक अंगूठी, एक यूएस डालर, एक सिंगापुर डालर, एक ईयर फोन, एक जोड़ी जूते, एक कलाई घड़ी और एक बाइक बरामद की है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया पकडे गए शातिरो ने पुलिस पूछताछ मे अपना परिचय सागर सिंह उर्फ गुज्जर पुत्र राम शंकर सिंह ग्राम पतस्सा थाना पनकी जनपद कानपुर निवासी व दूसरे ने परिचय अंशू सिंह पुत्र संजय सिंह ग्राम गुजैनी थाना गोविन्दनगर जनपद कानपुर नगर निवासी के रूप मे देते हुए अपने एक अन्य साथी राज के साथ मिलकर बीते 3 और 4 जनवरी की रात्रि थाना क्षेत्र स्थित समर विहार स्थित एक घर से चोरी की घटना कबूल की है। पुलिस के अनुसार सागर सिंह उर्फ गुज्जर पर गोविन्दनगर कानपुर नगर में दो मामले दर्ज हैं और अंशू सिंह पर हनुमन्त विहार कानपुर नगर में एक मामला दर्ज है जहाँ से उक्त शातिर जेल जा चुके है। बरामदगी के आधार पर शातिरों को थाने मे दर्ज चोरी के मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया गया है और शातिर के फरार साथी राज की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम मे उपनिरीक्षक ज्ञानेश्वर सिंह, सत्यम द्विवेदी व मिथिलेश यादव शामिल थे।

## दुबई जा रहे एक यात्री के हैंड बैग से 32 बोर के दो कारतूस बरामद

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बीती रात दुबई जा रहे एक यात्री के हैंडबैग से .32 बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद होने से हड़कंप मच गया। सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ ने कारतूस मिलने पर यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में यात्री द्वारा शस्त्र का वैध लाइसेंस दिखाए जाने पर उसे यात्रा की अनुमति दे दी गई, जबकि कारतूस पुलिस के सुपुर्द कर दिए गए। राजधानी के ठाकुरगंज निवासी मो. गुफरान को एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-193 से रात 1:35 बजे दुबई जाना था। वह करीब रात 12 बजे बोर्डिंग के लिए टर्मिनल बिल्डिंग में प्रवेश कर रहे थे। इसी दौरान एसएचए एरिया में सुरक्षा जांच के समय उनके हैंडबैग की स्क्रीनिंग में दो जिंदा कारतूस दिखाई दिए। भौतिक जांच में बैग से .32 बोर पिस्टल के कारतूस बरामद हुए। बाद में शस्त्र लाइसेंस दिखाने पर यात्री को जाने दिया गया। जबकि सीआईएसएफ ने कार्रवाई करते हुए बरामद कारतूस सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ऑटो में बैठी महिला के बैग से 10 हजार की टप्पेबाजी, आरोपी महिला सीसीटीवी में कैद

मलिहाबाद। मिजागंज कस्बे के सब्जी मंडी में शनिवार को ऑटो रिक्शा में सवार एक महिला के बैग से 10 हजार रुपये की टप्पेबाजी का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, ऑटो में साथ बैठी एक महिला ने मौका पाकर बैग से रुपये निकाल लिए और फरार हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उन्नाव जनपद के बरादेव तोंदा निवासी संगीता, जिनकी शादी मलिहाबाद थाना क्षेत्र के नबीपनाह इलाके में हुई है, शनिवार दोपहर मलिहाबाद चौराहे से ऑटो रिक्शा में बैठकर मोहान रोड तिराहे जा रही थीं। ऑटो में उनके साथ एक अन्य महिला भी सवार थी। मिजागंज बाजार स्थित सब्जी मंडी के पास वह महिला ऑटो से उतर गई। इसके बाद पीड़िता ने ऑटो रोककर पास की एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर हीटर देखने के लिए बैग अपने पास ही रखा। हीटर न लेने के बाद वह ऑटो से टैम्पो स्टैंड मोहान रोड पहुंचीं। जब किराया देने के लिए बैग खोला तो उसमें रखे 10 हजार रुपये गायब थे। रुपये गायब देख पीड़िता ने तत्काल पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध महिला लाल साड़ी में नजर आई है, जिसकी पहचान कराई जा रही है। पुलिस आरोपी महिला की तलाश में जुटी है।

## ओवरब्रिजों पर दो सप्ताह से बंद स्ट्रीट लाइटें, हादसों का बढ़ा खतरा



**मलिहाबाद।** नेशनल हाईवे 731 (लखनऊ-हरदोई राजमार्ग) पर मलिहाबाद क्षेत्र के मुजासा ओवरब्रिज तथा रहीमाबाद के भतोइया गांव स्थित ओवरब्रिज अंडरपास पर लगी स्ट्रीट लाइटें बीते करीब दो सप्ताह से बंद पड़ी हैं। रात के समय घना अंधेरा रहने के कारण ये स्थान दुर्घटनाओं के केंद्र बनते जा रहे हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। शनिवार शाम स्थानीय राहगीर दिनेश कुमार, अज्जू, साबिर सहित अन्य लोगों ने बताया कि ओवरब्रिज और अंडरपास पर लगी सभी लाइटें पूरी तरह से बंद हैं। अंधेरे के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार रात में आवारा पशु ओवरब्रिज पर आ जाते हैं, जिससे हादसे हो चुके हैं और किसी बड़े दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) 731 के कर्मचारियों और डीपीएम को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतों के बावजूद लाइटों का दुरुस्त न होना प्रशासनिक लापरवाही को दशार्ता है। इस संबंध में एनएचएआई के डीपीएम विकास जायसवाल से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा, जिससे लोगों की नाराजगी और बढ़ गई है।

# केजीएमयू : डॉ. रमीज की गिरफ्तारी के बाद भी माहौल में तनाव, तोड़फोड़ पर नहीं लिखी एफआईआर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** धर्मांतरण प्रयास के आरोपी डॉ. रमीज मलिक की गिरफ्तारी के बावजूद केजीएमयू का माहौल सामान्य होता नजर नहीं आ रहा है। कुलपति कार्यालय पर हुए हंगामा और तोड़फोड़ के मामले में केजीएमयू की ओर से दी गई तहरीर पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। इस वजह से केजीएमयूशिक्षक संघ, कर्मचारी एसोसिएशन, नर्सिंग एसोसिएशन और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार को साझा बैठक बुलाई है।

बैठक के बाद आंदोलन की दिशा तय होगी। केजीएमयू में शुक्रवार को धर्मांतरण के प्रयास के मामले में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव पहुंचीं थीं। इससे पहले ही वहां काफी संख्या में हिंदू संगठन और अन्य लोग मौजूद थे। अपर्णा यादव के पहुंचने के बाद वहां नारेबाजी और हंगामा शुरू हो गया। इस दौरान दरवाजे की सिटकनी और कुलपति कार्यालय का सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ। हंगामे के दौरान कुलपति का सीयूजी नंबर वाला मोबाइल फोन भी गुम हो गया। केजीएमयू प्रशासन की ओर से प्रॉक्टर प्रो. आरएएस कुशवाहा ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए शुक्रवार को ही तहरीर दे दी, लेकिन



पुलिस ने जांच की बात कहते हुए शनिवार शाम तक एफआईआर दर्ज नहीं की। इस वजह से केजीएमयू केशिक्षक, कर्मचारी और स्टूडेंट में आक्रोश है। ये सभी माले में आरपार के मूड में हैं। सोमवार को बैठक के बाद केजीएमयू में आंदोलन की दिशा तय होगी।

**सरकारी काम में बाधा, फिर भी सुनवाई नहीं:** केजीएमयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. केके सिंह के मुताबिक जिस समय शुक्रवार को हंगामा बवाल हुआ, वहां शिक्षकों के प्रमोशन के साक्षात्कार चल रहे थे। ऊपरी तल पर एमबीबीएस के विद्यार्थियों की परीक्षा हो रही थी। हंगामा होने की वजह से साक्षात्कार प्रभावित हुए। कुलपति कार्यालय के सभी सुरक्षा कर्मियों के साथ ही कर्मचारियों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। कुलपति को भी अपना कार्यालय छोड़ना पड़ा, वहीं दो महिलाशिक्षकों को दो घंटे तक बंधक रखा गया। पूरा कुलपति कार्यालय करीब तीन घंटे उपद्रवियों के कब्जे में रहा। एक तरह से सरकारी काम में बाधा पहुंचाई गई, इसके बावजूद इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हो रही है।

**हंगामा-बवाल के बाद छावनी बना केजीएमयू:** केजीएमयू के कुलपति कार्यालय में हुए उपद्रव के बाद शनिवार को पूरे परिसर में पुलिस नजर आई। कुलपति कार्यालय के आसपास सुरक्षा व्यवस्था और भी तगड़ी थी। सुरक्षाकर्मियों ने कुलपति कार्यालय आने वाले लोगों से पूछताछ भी की।

**अपनी सीट पर नहीं बैठ रहे पैथोलॉजी विभाग के डॉक्टर:** पैथोलॉजी विभाग की महिला रेजिडेंट डॉक्टर ने विभाग के ही डॉ. रमीज मलिक पर यौन शोषण और धर्मांतरण का दबाव डालने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विभाग के दो प्रोफेसरों ने मामला रफा-दफा करने के लिए रेजिडेंट पर दबाव बनाया। शुक्रवार को हुए उपद्रव के दौरान भी यह आरोप लगाया गया। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने केजीएमयू प्रशासन पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप भी लगाया है। इसके बाद पैथोलॉजी विभाग के डॉक्टर हंगामा-बवाल और किसी अनहोनी की आशंका में अपने केबिन में नहीं बैठ रहे हैं।

## ऑनलाइन गेमिंग खेल कर्ज के दलदल में फंसा विद्युतकर्मी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विद्युतकर्मी ने पैसा कमाने के चक्कर में मोबाइल पर ऑनलाइन गेमिंग खेल विभिन्न ऐप्स से 40 लाख रुपये कर्ज के दलदल में फस अपने ऑफिस से फरार हो गया था और परिजन से झूठे अपरहण की कहानी रच डाली। वही परिजनों की सूचना पर कृष्णा नगर पुलिस ने गुमशुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज 72 घंटे मे लापता विद्युतकर्मी को जनपद बरेली से सकुशल बरामद कर इस झूठे अपरहण कांड का खुलासा किया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि राम बिहार कॉलोनी पारा रोड निवासी सुनील कुमार पुत्र श्याम कुमार ने 6 जनवरी को थाना क्षेत्र स्थित इंद्रलोक विद्युत विभाग में कार्यालय मे सहायक पद पर कार्यरत उनके भाई रजनीश कुमार के अपरहण हो जाने की जानकारी दे भाई द्वारा अपने अपरहण की सूचना उनके भाई ने फोन पर देने की बात कही थी। जिसपर मुकदमा दर्ज कर दो टीमें गठित कर लापता विद्युतकर्मी की तलाश में लगाया था, करीब 150 कैमरे और सर्विलांस की मदद से शनिवार को जनपद बरेली से अपहृत विद्युतकर्मी सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ में विद्युतकर्मी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि वह ऑनलाइन गेमिंग का लत पड़ गया था कई माह से मोबाइल द्वारा विभिन्न एप के माध्यम से ऑनलाइन 40 लाख रुपये का लोन लेकर गेम में हार गया। ऋणदाता कंपनियों द्वारा उसपर लोन वापसी का दबाव बना लगातार धमकियां मिल रही थी कि पैसा अदा नहीं किया तो उसकी न्यूड फोटो वीडियो वायरल कर देंगे जिससे दबाव में आकर वह तीन दिन पूर्व शाम समय ऑफिस से निकल अपने घरवालों को स्वयं के अपरहण की जानकारी दे दिल्ली चला गया जहां से फिर वह बरेली निकल गया था। पुलिस के अनुसार बरामद विद्युतकर्मी का काउंसलिंग कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने केवल साथ उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वही विधुतकर्मी को सकुशल पाकर परिजनों ने लखनऊ कमिश्नर कृष्णा पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की है।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर हुई कार्रवाई

**लखनऊ।** कृष्णा नगर पुलिस ने लखनऊ पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देश पर शुक्रवार शाम सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन कर हुड़दंगई करने वालो के खिलाफ अभियान चला दो दर्जन से अधिक लोगो को गिरफ्तार कर धारा 34 की कार्रवाई करी है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम जैनेन्द्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह है एवं समस्त अभिलेखों में भी मेरा नाम जैनेन्द्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ही है। उक्त दोनों नाम मेरा ही है। मुझे दोनों नामों से जाना व समझा जाए। **जैनेन्द्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र सूबेदार सिंह निवासी- ग्राम- विजेथुआ राजापुर, तहसील कादीपुर, जिला-सुलतानपुर।**

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है की संजय कुमार पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम व पोस्ट बेलापरसुआ थाना चन्दन चौकी जिला खीरी। मै 73वीं वाहिनी एस. एस. बी. में कार्यरत हूँ मेरी सर्विस में मेरी पत्नी का नाम गंगोत्री देवी व जन्मतिथि 04.07.1992 दर्ज है, जबकि समस्त अभिलेखों में गंगोत्री जन्मतिथि 01.01.1991 दर्ज है। अतः उपरोक्त नाम व जन्मतिथि एक ही महिला के है। भविष्य में मेरे समस्त अभिलेखों में गंगोत्री जन्मतिथि 01.01.1991 दर्ज की जाए।

# फौजियों ने डीसीपी से की भूमाफिया के खिलाफ शिकायत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जमीन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में भू-माफिया और हिस्ट्रीशीटर बताए जा रहे जितेंद्र यादव और उसके भाई संतोष यादव पर न सिर्फ आम लोगों बल्कि बड़ी संख्या में फौजियों से ठगी के आरोप लगाते हुए डीसीपी साउथ से शिकायत की है। पीड़ित फौजी अरविंद सिंह ने बताया कि उन्हें भी जितेंद्र यादव और संतोष यादव ने प्लॉट का कब्जा नहीं दिया। पीड़ितों के अनुसार, सुशान्त गोल्फ सिटी के अर्जुनगंज सरसवां इलाके में हो रही प्लॉटिंग का जितेंद्र यादव और संतोष यादव ने खुद को मालिक बताया। लोगों को प्लॉट देने का झांसा देकर उनसे बड़ी रकम वसूली। भुगतान आरोपियों और उनके करीबियों के खातों में जमा कराया गया, लेकिन इसके बावजूद न तो जमीन का कब्जा मिला और न ही पैसा वापस किया गया। पूर्व सैनिक सहित पीड़ित जवानों ने डीसीपी ऑफिस में शनिवार को शिकायत दी है। फौजी अरविंद सिंह ने



दावा किया कि जितेंद्र यादव से करीब 50 फौजी और 50 से ज्यादा आम लोग पीड़ित हैं, जिनका पैसा फंसा हुआ है। सभी लोग लंबे समय से न जमीन पा सके हैं और न ही अपनी गाढ़ी कमाई वापस ले पा रहे हैं। शनिवार को अरविंद सिंह समेत कई पीड़ित डीसीपी कार्यालय पहुंचे और जितेंद्र यादव के खिलाफ लिखित शिकायत दी। पीड़ितों ने मामले में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**एक ही जमीन कई लोगों को बेचने का दावा:** पीड़ितों का आरोप है कि जिस जमीन के नाम पर सौदे किए गए, वह जमीन आरोपियों की थी ही नहीं। बाद में सामने आया कि एक ही भूखंड को कई लोगों को बेच दिया गया और फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया गया। जब लोगों ने इसका विरोध किया तो उन्हें धमकाया जाने लगा। पीड़ितों का कहना है कि जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने साफ कहा कि तुम लोग बाहर के रहने वाले हो, कुछ नहीं कर पाओगे। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी खुद को प्रभावशाली बताकर पुलिस संरक्षण का दावा करते रहे। डरे-सहमे पीड़ितों ने सहायक पुलिस आयुक्त (दक्षिणी) से पूरे प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर भू-माफिया गिरोह पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ी घटना हो सकती है। फिलहाल पुलिस शिकायतों के आधार पर जांच की बात कह रही है। पुलिस द्वारा की जा चुकी है जिला बदर की कार्यवाई।

**भूमाफिया को किया नजे चुका है जिला बदर:** पीड़ितों ने बताया कि भू माफिया जितेंद्र यादव पर सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर जमीन व पैसा हड़पने के कई मामले दर्ज है। इन पर पुलिस ने कार्यवाई करते हुए जिला बदर भी किया है लेकिन वह पुलिस की नाक के नीचे ही लोगो को जमीन दिखा कर ठगने का काम कर रहा है।

## एसीपी ने व्यापारियों संग लगायी चौपाल

आलमबाग। आए दिन हो रहे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कृष्णा नगर एसीपी रजनीश वर्मा ने कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने शनिवार को क्षेत्र के बाराबिरवा में व्यापारियों संग चौपाल का आयोजन कर सीधा संवाद करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। वही एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया इस चौपाल मे व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने, अतिक्रमण न करने, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता, प्रभावी गश्त, पार्किंग व्यवस्था और अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए आपात स्थिति में त्वरित पुलिस से संपर्क कर संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना और सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने पर जोर दिया।

# यूपी पुलिस को इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को स्कॉच गोल्ड अवार्ड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी पुलिस को महाकुंभ में बनाए गए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) और सोशल मीडिया सेंटर के मेटा सुसाइडल अलर्ट को वर्ष 2025 का स्कॉच अवार्ड मिला है।




यूपी पुलिस देश का पहला बल है जिसे स्कॉच अवार्ड की दो अलग-अलग श्रेणियों के लिए यह पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में दिया गया। डीजीपी राजीव कृष्ण को मिले इस अवार्ड को स्कॉच ग्रुप के चेयरमैन समीर कोचर से डीजीपी के पीआरओ राहुल श्रीवास्तव, आईपीएस अमित कुमार, फेसबुक मेटा, आउटरीच साउथ एशिया पैसिफिक के निदेशक सत्या यादव ने लिया। यह 105वां स्कॉट समिट कार्यक्रम था, जिसकी थीम गवर्नेंस विद भारत थी। इसमें बताया गया कि यूपी पुलिस सोशल मीडिया के जरिए नागरिकों के प्राणों की रक्षा का प्रयोग करने वाली दुनिया की पहली पुलिस एजेंसी है। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस को कई आधुनिक संसाधन दिए। उनके नेतृत्व में डीजीपी राजीव कृष्ण ने प्रौद्योगिकी और एआई के पुलिसिंग में इस्तेमाल को प्राथमिकता दी। समारोह में बताया गया कि यूपी पुलिस ने महाकुंभ में एआई तकनीक से भीड़ प्रबंध, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात प्रबंधन किया। इसी तरह मेटा अलर्ट के जरिए एक जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2025 के बीच 1805 लोगों को बचाया गया। इन सभी ने सोशल मीडिया पर अपने आत्महत्या के प्रयास के बारे में पोस्ट डाली थी।

## दुष्कर्म के आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

लखनऊ। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने खेत में युवती से दुष्कर्म किया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही कर रही है। थाना क्षेत्र निवासी एक किसान ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी अठारह वर्षीय बेटी शुकवार रात में खेत पर थी। तभी माल इलाके के एक गांव निवासी दुर्गेश कनौजिया ने रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे खेत पर गया और मेरी बेटी से जबरदस्ती छेड़छाड़ कर दुष्कर्म किया। बेटी ने शोर मचाया। तो आरोपी किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला।

## बुजुर्ग अचानक प्लेटफॉर्म से पटरी पर गिरकर घायल

लखनऊ। अमौसी मेट्रो स्टेशन पर शनिवार दोपहर एक बुजुर्ग अचानक प्लेटफार्म से ट्रेन की पटरी पर गिरकर घायल हो गया। इस घटना से मेट्रो स्टेशन पर हड़कंप मच गया। आनन फानन सुरक्षा कर्मियों ने उसे उठाकर बाहर करने के साथ इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। बाद में उसे एंबुलेंस के जरिए लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। बिजनौर थाना क्षेत्र गौरी - बिजनौर रोड स्थित भंडारी पेट्रोल पंप के पास रहने वाले स्टेट बैंक आफ इंडिया से रिटायर्ड महेश शर्मा (67) शनिवार दोपहर करीब 1 बजे मेट्रो से चारबाग जा रहे थे। बताते हैं कि वह अमौसी मेट्रो स्टेशन से टिकट लेकर प्लेटफार्म पर पहुंचे, तभी अचानक प्लेटफार्म से नीचे मेट्रो स्टेशन की रेल पटरी पर गिर गए। उनके गिरने से मेट्रो स्टेशन पर हड़कंप मच गया और एयरपोर्ट से मुंशी पुलिया जाने के लिए अमौसी मेट्रो स्टेशन आ रही मेट्रो को कुछ देर के लिए रोक दिया गया। हालांकि बाद में आनन फानन सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें पटरी से उठाकर बाहर किया और इसकी सूचना पुलिस को देने के साथ 108 एंबुलेंस बुलाई।

**संशोधित अति अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.01.2026 के अंक में ग्राम पंचायत हरसिंहपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला खीरी कि एक निविदा प्रकशित कराई गई थी जिसमे त्रुटिवश इंटरलॉकिंग टाइल्स कि संख्या 6279 कि जगह 279 दर्ज हो गई थी जिसे 6279 पढ़ा जाए।

| | |
|---|---|
| प्रधान | ग्रा. वि. अधिकारी |
| किरन देवी | भास्कर राय |
| ग्रा. पं. हरसिंहपुर | ग्रा. पं. हरसिंहपुर |
| वि. खण्ड धौरहरा, खीरी | वि. खण्ड धौरहरा, खीरी |

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: NER-BSB0SnT-OT-01-2026

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए 'खुली-ई' निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक 1:-** निविदा सूचना सं एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-01-2026, कार्य का नाम:- फेफना-औरिहार सेक्शन में व.म.इ-II/ वाराणसी के अधिकार क्षेत्र में प्लासर क्विक रिलेइंग सिस्टम डिपो के प्रावधान के संबंध में सिग्नलिंग का कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 10495434.86, **बयाना की राशि:** ₹ 202500.00, निविदा प्रपत्र की कीमत: 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 माह, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय: 30.01.2026 को 15.00 बजें।

1. ई- निविदा दिनांक 30.01.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेवसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिग्नल-84 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# अभिनेत्रियों के लिए भी सशक्त रोल लिखे जा रहे हैं : चित्रांगदा सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चित्रांगदा सिंह ने साल 2005 में 'हजारों ख्वाहशिं ऐसी' से फिल्मों में डेब्यू किया। अपने करियर की शुरूआत से ही जोधपुर में पैदा हुईं इस हसीना ने इंडस्ट्री में अपने अभिनय का सिक्का जमाया। अर्थपूर्ण भूमिकाओं को तरजीह दी। 'ये साली जिंदगी', 'इनकार', 'साहब बीवी गैंगस्टर 3' जैसी फिल्मों में उनके काम की खूब सराहना हुई। लेकिन उनके करियर का सबसे मुश्किल दौर वो था, जब सात साल के अंतराल के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कमबैक किया। इस साल 2025 में वह बैक टू बैक 'खाकीः द बंगाल चैप्टर', 'हाउसफुल 5' और हालिया रिलीज 'रात अकेली हैः द बंसल मर्डर्स' से चर्चा में हैं। इसके अलावा चित्रांगदा नए साल में सलमान खान के साथ 'बैटल ऑफ गलवान' में नजर आने वाली हैं।

**आपका करियर कभी भी पारंपरिक नहीं रहा, तो क्या आपने जानबूझकर 'क्वालिटी ओवर क्वांटिटी' चुना ?**

किसी भी कलाकार के जीवन में किस्मत का बहुत बड़ा हाथ होता है। उसे किस तरह के रोल मिलेंगे, वो उसके बस में नहीं होता। कई बार काम आपको चुनता है, आप उसे नहीं। मुझसे सुधीर (फिल्मकार सुधीर मिश्रा) हमेशा कहते हैं कि किसी भी किरदार के जो ग्रे एरिया हैं, उन्हें तुम बखूबी जस्टिफाई कर पाती हो। यही वजह है कि तुम चरित्र की कमियों को बहुत ही मजबूती से निभा पाती हो। मेरे कहने का मतलब ये है कि मेकर्स ने मुझमें वो बात देखी और मुझे उसी तरह के रोल दिए। कई बार मेरे पास ऐसा काम आया है, जो मुझे सूट नहीं हुआ और मैंने मना कर दिया, आपका अपना व्यक्तित्व भी होता है, जिसमें आप खुद को पूरी तरह से बदल कर कोई दूसरा नहीं बन सकते। हर एक्टर आधा या फिर 70 प्रतिशत बदलता है, मगर 25-30 परसेंट तो वो वही रहता है, जो आप अंदर से हो। यही वजह थी कि मैंने ज्यादा सुपरफिशियल किरदार नहीं किए, ना ही ऐसा कोई रोल जो गिगली हो। वो मुझ पर फिट भी नहीं बैठता।

**'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' से लेकर अब तक आप अपने अंदर सबसे बड़ा बदलाव क्या पाती हैं ?**

वक्त और जिंदगी के अनुभव आपके जीवन में एक तरह से ठहराव ला देते हैं। आप अपने साथ खुश रहने लगते हैं। एक बेचैनी जो है, वो कम हो जाती है। वक्त और उम्र के साथ-साथ आप अपने आपको अच्छे से पहचानने लगते हैं। बीस साल पहले की चित्रांगदा बहुत ही मासूम और भोली थी। चीजों को लेकर अनिश्चित सी। सुधीर मुझसे हमेशा कहा करते थे, 'जब कोई कलाकार स्क्रीन पर जाने से पहले अनिश्चित हो', तो ये बहुत अच्छा गुण है। मगर इस समय मैं खुद को अपनी जड़ों से जुड़ा पाती हूं।

**फिल्म इंडस्ट्री में उम्र को लेकर महिलाओं पर ज्यादा दबाव क्यों रहता है ?**

वो कहावत है न कि महिलाएं अपनी ब्यूटी और पुरुष अपने स्कार्स के लिए जाने जाते हैं। फिर ये उम्र वाली समस्या आज की नहीं है, सदियों पुरानी है। मगर आज उसमें भी बदलाव आया है। आज आप एक यंग 18 साल की लड़की के रोल के लिए एक पर्टिकुलर ऐज ग्रुप वाली लड़की को ही चुन पाएंगे, मगर यदि आपको कोई मैच्योर कहानी लिखनी हो तो उसमें आपको मैच्योर एक्ट्रेस की जरूरत पड़ेगी। मगर अब वो बदलाव भी आ रहा है, क्योंकि अब दर्शक मैच्योर कहानियों और परफॉर्मेंस देखने के इच्छुक हैं, तो अब अभिनेत्रियों के लिए उम्र से परे सशक्त रोल लिखे जा रहे हैं, मगर उम्र का दबाव अभिनेत्रियों पर हमेशा से रहा है और ये हमारे समाज की ही देन है।

**आपने पर्दे पर हमेशा ही महिलाओं को मुखर करने वाले किरदार निभाए हैं, आपको अपने आस-पास महिलाओं से जुड़ी सबसे ज्यादा कौन-सी बात सताती है ?**

सच कहूं, तो मुझे लगता है कि आज महिलाओं को समानता के अधिकार मिल रहे हैं। जेंडर बायस भी लोग अब उतने नजर नहीं आते, तो आज हमें इस बदलाव की सराहना करनी चाहिए। इसकी आलोचना नहीं करनी चाहिए। इंडस्ट्री में ये बदलाव काफी बड़े पैमाने पर देखने को मिलता है, मगर हां कुछ एक बार मैंने ये देखा है कि लड़कियों को कोई काम इसलिए नहीं दिया जाता कि वो लड़कियां हैं। मुझे लगता है कि उसका एक कारण ये भी है कि औरतों को उस तरह की जिम्मेदारी दी ही नहीं गई है। उनको जितने मौके मिलेंगे, वो खुद को साबित करती जाएंगी। अब जैसे जब मैं प्रोड्यूसर बनी, तो लोगों का कहना था कि लो अब इनको प्रोड्यूसर बनना है। वे मुझे इस काबिल ही नहीं समझ रहे थे। मुझे बहुत बुरा लगा, मगर मैंने जब इस विषय पर सोचा तो मुझे लगा कि वाकई इंडस्ट्री में एक्ट्रेस से प्रोड्यूसर बनी महिलाएं गिनती की हैं, तो उनका सवाल भी जायज है कि ये निर्माण के क्षेत्र को संभाल पाएंगी या नहीं। ऐसे समय में हमें खुद को प्रूव करना ही पड़ेगा, तभी जाकर वे सवाल करना बंद करेंगे। इस जेनरेशन को साबित करना पड़ेगा कि महिलाएं भी हर तरह का काम कर सकती हैं, तब आने वाली पीढ़ी के लिए रास्ता बनेगा।

**आपको अच्छा काम मिल रहा है, मगर आपके लिए सबसे कठिन समय क्या था ?**

जब मैंने सात साल के बाद अभिनय में वापसी की, तो वो समय मेरे लिए काफी मुश्किल था। मेरे पास काम नहीं आ रहा था। मैंने खुद से सवाल करने शुरू कर दिए थे कि क्या मुझमें टैलंट है ? मगर फिर मैंने दिल को समझाया कि आप अगर 7 साल का गैप लेकर काम पर वापसी कर रहे हैं, तो आपको काम मिलने में तो दिक्कत होगी ही।

**सोशल मीडिया वैलिडेशन आपके लिए कितना मायने रखता है ?**

मैं सोशल मीडिया की बहुत ज्यादा दीवानी नहीं हूं। मगर इतना जरूर कहना चाहूंगी कि आज सोशल मीडिया की जरूरत तो है। मेरे लिए सोशल मीडिया वैलिडेशन जरूरी नहीं है। मैं उसे रेस्पॉन्स तक ही सीमित रखती हूं। मैं सोशल मीडिया की प्रतिक्रियाओं पर नजर रखती हूं, मगर मेरी जिंदगी सोशल मीडिया पर ही निर्भर नहीं है। अब तो वो उत्साह भी खत्म हो गया है, जो पहले हुआ करता था कि कुछ पोस्ट करना है। अब ये मेरे काम का हिस्सा बन चुका है।

**एक सिंगल पैरंट होने ले कारण आप कितनी सशक्त हुई हैं ?**

मुझे नहीं लगता कि मैं इस बारे में कोई बात करना चाहूंगी, क्योंकि मेरा मानना है कि को-पैरेंटिंग होती है, सिंगल पैरेंटिंग नहीं होती। मैं इसमें किसी चीज का क्रेडिट नहीं लेना चाहूंगी। को-पैरेंटिंग जरूरी है। ये आवश्यक है कि आप उसे किस परिपक्वता के साथ हैंडल करते हैं।

**आपकी निजी जिंदगी के उतार-चढ़ावों ने आपको कितना इवॉल्व किया ?**

मेरे जीवन के अप्स एंड डाउन ने मुझे बहुत हेल्प किया। वो जरूरी था बहुत। आपकी जो इमोशनल ग्रोथ होती है, वो निजी जिंदगी की कठिनाइयों से ही आती है। जो चीजें आपको व्यक्तिगत जीवन में प्रभावित करती हैं, उन्हीं से आप सबक लेकर मजबूत बनते हैं। उन तमाम उतार-चढ़ावों ने मेरी बहुत मदद की और आज में काफी खुशनुमा व्यक्ति हूं। आज मैं अपने आपको ज्यादा समझती हूं और खुद से खुश भी हूं कि आज मैं अकेली हूं, मगर मेरे अंदर बेचैनी नहीं है। एक अभिनेत्री के रूप में भी मैं आज भावनात्मक रूप से संपन्न हूं। वो कहावत है न कि आप जिंदगी जीते हैं, तो वो आपकी शक्ल पर आती है।

# षटतिला एकादशी व्रत 14 को, भक्त करेंगे श्रीहरि की आराधना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पंचांग मुताबिक, माघ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर षटतिला एकादशी का पावन व्रत रखा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा का विशेष विधान है। मान्यताओं के मुताबिक, षटतिला एकादशी पर तिल का दान और उसका सेवन करना अत्यंत शुभ होता है। कहते हैं कि, षटतिला पर तिल का दान, स्नान, भोजन, उबटन, हवन और जल में तिल का उपयोग करने पर साधक के पापों का नाश होता है। यही नहीं पूर्व जन्मों के दोष भी समाप्त होते हैं। इसके अलावा लक्ष्मी माता भी प्रसन्न होकर अपनी विशेष कृपा बरसाती हैं और साधक की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन होते हैं। पंचांग के मुताबिक, माघ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि की शुरूआत 13 जनवरी 2026 को दोपहर 3 बजकर 17 मिनट से हो रही है। इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 14 जनवरी को शाम 5 बजकर 52 मिनट पर है। ऐसे में 14 जनवरी 2026 को षटतिला एकादशी व्रत किया जाएगा। इस दिन मकर संक्रांति का पर्व भी देशभर में मनाया जाएगा। वहीं व्रत का पारण 15 जनवरी को कर सकते हैं। इस दिन आप सुबह 7 बजकर 15 मिनट से लेकर सुबह 9 बजकर 21 मिनट तक व्रत खोल सकते हैं।

**षटतिला एकादशी का महत्वः** षटतिला एकादशी का नाम ही इसके विशेष महत्व को प्रकट करता है। ह्यषटह्न अर्थात छह और तिला अर्थात तिल। इस दिन तिल का छह प्रकार से प्रयोग करने का विधान है। शास्त्रों के अनुसार, तिल भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है और इसका उपयोग करने से दरिद्रता का नाश, पापों का क्षय तथा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। पुराणों में वर्णन मिलता है कि जो व्यक्ति इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत रखता है, तिल का दान करता है और श्रीहरि का स्मरण करता है, उसके पूर्व जन्मों के दोष भी समाप्त हो जाते हैं। षटतिला एकादशी मन, वचन और कर्म झ्र तीनों स्तरों पर शुद्धि का पर्व है।

**षटतिला एकादशी पूजा विधिः** षटतिला एकादशी के दिन सुबह ही स्नान करें और पूरे घर में गंगाजल का छिड़काव करें। यह साल की पहली एकादशी है, इसलिए साफ-सफाई और कुछ चीजें दान के लिए अवश्य निकाल लें। अब साफ चौकी पर श्री हरि विष्णु की मूर्ति या चित्र स्थापित करें और साथ में देवी लक्ष्मी की मूर्ति भी रखें। फिर प्रभु को वस्त्र अर्पित करें और मूर्ति के पास तिल और गंगाजल छिड़काव कर लें। घी का दीपक जलाएं और पीले फूलों की माला प्रभु को पहनाएं। अब विष्णु जी को तिल अर्पित करें और केले, गुड़ व चने की दान भोग रूप में उनके समक्ष रख दें। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें और इसके बाद सृष्टि के पालनहार का स्मरण करते हुए उनकी आरती करें। पूजा के बाद तिल का दान करें। यह बेहद शुभ और महत्वपूर्ण होता है।

# भारत सदैव से हिन्दू राष्ट्र है, मैकाले की शिक्षा ने हमें मानसिक दासता दी : ऋतेश्वर महाराज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और प्रखर वक्ता पूज्य ऋतेश्वर जी महाराज अपने प्रवास के दौरान लखनऊ पहुंचे। महाराज जी का प्रवास लखनऊ उत्तर के लोकप्रिय विधायक डॉ. नीरज बोरा के आवास पर रहा, जहाँ उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों को दर्शन दिए और अपने ओजस्वी प्रवचनों से मार्गदर्शित किया।

इसके पश्चात लखनऊ विश्विद्यालय के मालवीय सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रितेश्वर जी महाराज ने मैकाले की शिक्षा पद्धति से लेकर वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा की। महाराज जी ने कहा कि भारत को अलग से हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह आदि काल से ही हिन्दू राष्ट्र रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हम सभी के पूर्वज एक हैं, भले ही हमारी पूजा पद्धतियां अलग हो गई हों। जेएनयू (खठव) और वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भारत को केवल 'मानसिक गुलामी' दी है। उन्होंने छात्रों से इस वैचारिक दासता को त्यागकर स्वदेशी बोध अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) जैसे संगठनों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संगठन देश की अस्मिता और अखंडता को बचा रहे हैं। देश विरोधी तत्वों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के खिलाफ काम करने वालों को अपने कृत्यों का फल भुगतना पड़ेगा। उन्होंने बल दिया कि सब कुछ भारतीय संविधान के अंतर्गत ही सुनिश्चित होगा। महाराज जी ने 'लव जिहाद' को मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध और एक घृणित कृत्य बताया। उन्होंने युवाओं को अपने धर्म और संस्कारों से मजबूती से जुड़े रहने की सीख दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हम संकीर्ण सोच के लोग नहीं हैं, अल्पसंख्यक भी हमारे अपने हैं और देश की प्रगति में सबका साथ महत्वपूर्ण है। प्रेस वार्ता के दौरान प्रांत प्रचारक कौशल जी, विभाग प्रचारक अनिल लखनऊ उत्तर विधायक डाक्टर नीरज बोरा, विधायक गोंडा सदर विधानसभा प्रतीक भूषण सिंह, संपर्क प्रमुख सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, डॉ विवेक सिंह तोमर, अनुराग साहू एवं आरएसएस के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# संगीत नाटक अकादमी में नाटक 'आखरी ताज' का मंचन 13 को

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय नारी सम्मान एंव बाल विकास संस्थान की ओर से ऐतिहासिक नाटक आखरी ताज का मंचन 13 जनवरी को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया जायेगा। इसी नाटक के मंचन को लेकर संस्था के पदाधिकारियों ने प्रेसवर्ता का आयोजन किया।

प्रेसवार्ता में नाटक के निर्देशक नवाब मसूद अब्दुल्लाह ने बताया कि आज हम आपके सामने अवध के आखारी ताजदार नवाब वाजिद अली शाह के किरदार का उर्दू ड्रामा आखरी ताजदार के जरिये, ये दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि, किस तरह अंग्रेजों ने या ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने नवाब वाजिद अली शाह और अवध को धोखा दिया और नवाब साहब ने अंग्रेजो के उस मुहायदे पर दस्तखत करने से इंकार कर दिया, जिसमें वह चाहते थे कि नवाब वाजिद अली शाह बादशाह बने रहे लेकिन रिआया पर हुक्म अंग्रेजों का चले। अंग्रेजों के खिलाफ जाना और अपना सलतनत और तख्त-ओ-ताज की परवाह किये बगैर वह अंग्रेजों के खिलाफ गये और अंग्रेजों ने उनको सलतनत से माजूल कर दिया। नवाब वाजिद अली शाह के कलकत्ता चले जाने के बाद उनकी बेगम, बेगम हजरत महल ने वतन के लिए अपना फर्ज निभाते हुए उनके बेटे शहजादा बिरजीस कद्र को अपने वकादार और बहादुर सिपहसालारों के साथ मिलकर अवध का ताजदार मुकर्रर कर दिया। बेगम हजरत महल का साथ देने के लिए उनके सिपहसालार, राजा जिया लाल, महाराजा बाल किशन, दरोगा महमूद अली खाँ बहादुर कंधे से कंधा मिलाकर आ खड़े हुए. लेकिन सिर्फ अवध की फौजें अंग्रेजों से मुकाबला करने के लिए नाकाफी थीं, इसलिए बेगम ने फैजाबाद के मौलवी अहमद उल्ला शाह और कानपुर के नाना साहेब को आजादी की इस जंग में शामिल कर लिया। बेगम की सरपरस्ती में आजादी के मतवाले अंग्रेजों से भिड जाते हैं...। जिससे अंग्रेजों की फौज और रेजिडेन्ट हैनरी लारेन्स समेत रेजीडेन्सी में कैद होकर रह जाते हैं और अवध पर बेगम हजरत महल की हुकूमत कायम हो जाती है। लेकिन, इसी बीच चन्द गद्दारों के जरिये इनकिलाबियों को गुमराह कर दिया जाता है... जिससे कानपुर के रास्ते जनरल आउटरम भारी लाव लश्कर के साथ अवध पर धावा बोल देता है। लखनऊ के कोने-कोने में अंग्रेजों और इनकिलाबियों के बीच भयानक मारकाट मच जाती है। सड़कें लाशों और खून से पट जाती हैं, लेकिन इनकिलाबी पीछे हटने को तैयार ना थे।

# डॉ. अरुण मिश्रा के भजन ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध




**लखनऊ।** आज 10 जनवरी संस्कृति विभाग के कार्यक्रम सुर साधना के अंतर्गत आज कुड़िया घाट में डॉक्टर अरुण मिश्रा का भजन गायन का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें संगतकर्ता के रूप में हारमोनियम पर सम्राट राजकुमार और ढोलक पर रवीश तिवारी की संगत में श्रोताओं को भक्ति में रस में सराबोर किया कार्यक्रम का शुभारंभ अरुण जी ने अपने चर्चित भजन अच्युतम केशवम से किया और इसके बाद अन्य भक्ति पर रचनाएं प्रस्तुति की।

# सदगुरु एक मार्च को लखनऊ में सिखायेंगे इनर इंजीनियरिंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आध्यात्मिक गुरु और ईशा फाउण्डेशन के संस्थापक एक मार्च को पहली बार महासत्संग का संचालन करेंगे। मान्यवर कांशीराम स्मृति उपवन में होने वाले महा सत्संग में 10 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे।

यह सत्संग विशेष रूप से उन लोगों के लिए है, जिन्होंने इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम पूरा किया है और शांभवी महामुद्रा क्रिया में दीक्षा प्राप्त की है। सदगुरु द्वारा विकसित इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम जीवन को बेहतर ढंग से संभालने का तरीका सिखाता है। इसमे सरल योगिक अभ्यास और जीवन को देखने के दृष्टिकोण शामिल हैं। इस मुख्य अभ्यास 21 मिनट की शांभवी महामुद्रा क्रिया है। जिसका उद्देश्य शरीर, मन और ऊर्जा प्रणाली के बीच सामंजस्य को स्थापित करना है। सदगुरु के लखनऊ आगमन से पहले ईशा फाउण्डेशन के स्वंयसेवकों ने शहर भर के स्कूलों, कॉलेजों, बैंको, अस्पतालों, रेलवे और सुरक्षा बलों में निशुल्क योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय, एसजीपीजीआई, लखनऊ पब्लिक स्कूल, इंडो तिब्बत सीमा पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और यूपी मेट्रों रेल कॉपोरेशन समेत सहित कई प्रमुख संस्थानों में अब 50 हजार से अधिक लोग इन सत्रों में भाग ले चुके हैं। इनर इंजीनियरिंग या सत्संग के विषय में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8300013111 तथा वेबसाइट पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# कस्तूरी फेस्टिवल ने संगीत, ध्यान व करुणा की एक आत्मिक अनुभूति रची



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित संगीत नाटक अकादमी का शांत वातावरण शनिवार संध्या उस समय गहन आत्मचिंतन और आध्यात्मिक शांति से भर उठा, जब कस्तूरी फेस्टिवल 3.0 अनहद नाद : दिव्य निनाद का आयोजन किया गया। एहसास द्वारा आयोजित इस संगीत महोत्सव ने संगीत, सजगता (माइंडफुलनेस) और मानवीय मूल्यों को एक दुर्लभ एवं भावनात्मक अनुभव के रूप में प्रस्तुत किया। वर्ष 2002 से कार्यरत, एहसास एक राष्ट्रीय पुरस्कार-प्राप्त संस्था है, जो समाज के वंचित वर्गों की सेवा के लिए निरंतर प्रयासरत है। कस्तूरी फेस्टिवल करुणा और सद्भावना का उत्सव है, जो प्रेम, सहानुभूति, सेवा, सत्य और आत्म-जागरूकता जैसे मूल्यों को केंद्र में रखता है। मनोरंजन से परे आत्मचिंतन के उद्देश्य से रचित यह आयोजन, हर वर्ष फरवरी में आयोजित होने वाले कम्पैशन इन एक्शन माह-व्यापी उत्सव की भूमिका भी प्रस्तुत करता है, जिसके अंतर्गत एहसास द्वारा विभिन्न कार्यशालाएँ और सामुदायिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत धनंजय एवं नितीश की भावपूर्ण युगल गायन प्रस्तुति से हुई, जिसने श्रोताओं को ध्यान और आत्मिक शांति की अवस्था में प्रवेश कराया। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को अपनी सांसों और अंतर्मन से जुड़ने का अवसर दिया। इसके पश्चात ऋषिराज कुलकर्णी ने मल्टी-परकशन एवं हैंडपैन के माध्यम से लय और मौन का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को सजगता और सामूहिक अनुभूति की गहराई में ले जाने का कार्य किया। कार्यक्रम का समापन ग्रैमी-नामांकित बांसुरी वादक अजय प्रसन्ना की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति से हुआ। उनकी बांसुरी की स्वर लहरियों ने सभागार को मौन, स्थिरता और दिव्य अनुभूति से भर दिया, जिससे यह संध्या एक स्मरणीय आत्मिक अनुभव बन गई। परंपरागत संगीत महोत्सवों से भिन्न, कस्तूरी फेस्टिवल 3.0 ने संगीत को ध्यान के रूप में अनुभव करने का निमंत्रण दिया। श्रोताओं की निरंतर सहभागिता इस बात का प्रमाण रही कि यह अनुभव शांति, संतुलन और आत्मिक उन्नयन से परिपूर्ण था। आयोजकों के अनुसार, कस्तूरी जीवन की आपाधापी से विराम लेकर ध्वनि, मौन और साझा मानवीय मूल्यों के माध्यम से स्वयं से जुड़ने का आमंत्रण है। शास्त्रीय संगीत, ध्यान और सामाजिक उद्देश्य के अनूठे संगम के साथ कस्तूरी म्यूजिक फेस्टिवल लखनऊ में एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहल के रूप में अपनी पहचान सुदृढ़ करता जा रहा है, जो एहसास के करुणा-आधारित सामाजिक मिशन को मजबूती प्रदान करता है।

# ज्ञानदान इस धरती का श्रेष्ठ कार्य है : उमानन्द शर्मा

## 455वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना सम्पन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत बाबा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, देवा रोड, चिनहट, लखनऊ, उप्र के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं० श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 456वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

अनुपम सक्सेना एवं अनुभव सक्सेना ने अपने सम्मानित पूर्वजों की स्मृति में अवध लॉ कॉलेज, असेनी रोड, बाराबंकी के केन्द्रीय पुस्तकालय में युग ऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किया तथा प्रवक्ता, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट किया।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान इस धरती का श्रेष्ठ कार्य है। इस अवसर पर वीके श्रीवास्तव तथा संस्थान के निदेशक आरके वाजपेई ने भी अपने विचार रखे तथा संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ अर्चना चौहान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस वाङ्मय साहित्य स्थापना के अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, वी०के० श्रीवास्तव, अनुभव सक्सेना, श्रीमती अनुपमा सक्सेना, श्रीमती कमला सक्सेना, संस्थान के निदेशक आरके वाजपेई, प्रो नितिन, प्रवक्तागण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# यूपी में रफ्तार को लगेंगे पंख, लखनऊ-कानपुर के बीच दौड़ेगी रैपिड ट्रेन



● 22 से ज्यादा गांवों की जमीन होगी अधिग्रहीत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कानपुर-लखनऊ रूट पर यात्रियों को जल्द रैपिड ट्रेन में सफर का आनंद मिलेगा। कानपुर और लखनऊ के बीच 160 किमी की रफ्तार से यह ट्रेन पटरी पर दौड़ती नजर आएगी। इससे कानपुर से लखनऊ का सफर 30 मिनट में, उन्नाव से कानपुर 10 मिनट में तय होगा। आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) द्वारा डीएम गौरांग राठी को उन्नाव से रैपिड रेल निकाले जाने की सूचना देकर उन्नाव सीमा से इस ट्रेन के निकालने संबंधित मेल भेजी।

डीएम की ओर से इस पर अपनी सहमति दी गई है। हालांकि डीएम ने अभी तक इसका कोई प्रस्ताव न आने की बात कही। उनका कहना है कि प्रस्ताव आने पर जमीन का चिह्नांकन व अधिग्रहण की कार्रवाई की जाएगी।

आरआरटीएस द्वारा डीएम को रैपिड ट्रेन निकालने के संबंधित एक संभावित नक्शा भी भेजा गया है। जिसमें रैपिड ट्रेन को अमौसी स्टेशन से बंथरा, नवाबगंज, बशीरतगंज, उन्नाव रेलवे स्टेशन होते हुए कानपुर नवाबगंज मेट्रो स्टेशन से जोड़ने की योजना है। नक्शे के हिसाब से रैपिड ट्रेन का स्टापेज उन्नाव सीमा में उन्नाव स्टेशन, बशीरतगंज व नवाबगंज में होगा। इसके लिए नया ट्रैक भी बनाया जाएगा।

संभावना है कि नया रूट बना तो तीन तहसीलों में हसनगंज, पुरवा और सदर के गांवों की भूमि आएगी। जिसमें सोहरामऊ, नवाबगंज, महनौरा, अजगैन, सोनिक, आशाखेड़ा, वशीरतगंज, मुर्तजागनर, दही चांदपुर गजौली, शहर, अकरमपुर, मगरवारा, सरैया, पीपरखेड़ा समेत 22 से अधिक गांव शामिल हो सकते हैं। नमो भारत रेल कारिडोर योजना के तहत इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने की तैयारी है। डीएम गौरांग राठी ने बताया कि आरआरटीएस द्वारा 23 जुलाई को उन्नाव से रेपिड रेल निकाले जाने की सूचना दी गई थी। उन्होंने उस सूचना पर सहमति दे दी थी। अभी तक इसका कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया है।

## 2015 में रेल मंत्रालय को भेजा गया था प्रस्ताव

रैपिड रेल परियोजना का प्रस्ताव वर्ष 2015 में नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (एनसीआरटी) ने रेल मंत्रालय को भेजा था। वर्ष 2021 में तत्कालीन अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने ड्राफ्ट तैयार कराया था। कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) ने ट्रांस गंगा सिटी के लिए इस परियोजना को मंजूरी दे दी थी। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने भी एनओसी दे दी है। नमो कारिडोर नाम से परियोजना को मेरठ-दिल्ली माडल के आधार पर विकसित किया जाएगा।

# कोहरे में अब धीमी नहीं होगी ट्रेन की रफ्तार, सिग्नल के लिए नया सिस्टम लाया रेलवे



**लखनऊ।** कोहरे में रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। ट्रेन संचालन को पहले से अधिक सुरक्षित और सुचारू बनाने के उद्देश्य से रेलवे ने गाजियाबाद-दिल्ली समेत अन्य महत्वपूर्ण रूट पर फॉग सेफ्टी डिवाइस (एफएसडी) सिग्नल सिस्टम लगाया है।

इस अत्याधुनिक तकनीक के लगने से ट्रेन के कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका कम हो जाएगी और ट्रेन का संचालन भी सुगम हो सकेगा। शीतकाल में उत्तर भारत के कई हिस्सों में घना कोहरा छा जाता है, जिससे रेल पटरियों पर दृश्यता बेहद कम हो जाती है। ऐसी स्थिति में लोको पायलट को आगे लगे सिग्नल स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते, जिसके कारण ट्रेन की गति नियंत्रित करनी पड़ती है। उससे ट्रेन का संचालन भी प्रभावित होता है और ट्रेन खराब मौसम के कारण देरी से स्टेशन तक पहुंचती है।

इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने गाजियाबाद-दिल्ली आदि विभिन्न रूटों पर चलने वाली कई ट्रेन में एफएसडी लगाया है। इस सिग्नल सिस्टम के तहत लोको पायलट को अगला सिग्नल पहले ही दिखाई देने लगेगा। जैसे ही ट्रेन किसी सिग्नल के निर्धारित दायरे में प्रवेश करेगी, उससे संबंधित जानकारी लोको पायलट को डिस्प्ले पर उपलब्ध हो जाएगी। इससे लोको पायलट को यह पता चल सकेगा कि सिग्नल कौनसा है।

अधिकारियों के अनुसार, एफएसडी सिस्टम लगाए जाने से न केवल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि ट्रेन के अनावश्यक विलंब पर भी अंकुश लगेगा। कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका भी काफी हद तक कम हो जाएगी। इससे यात्रियों का भरोसा रेलवे पर और मजबूत होगा।

**सुरक्षा के लिहाज से दीवार बनाई जा रही :** यह रेलखंड देश के सबसे व्यस्त रूटों में से एक है। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर ही प्रतिदिन करीब 200 ट्रेन ठहरकर रवाना होती हैं। इस रूट पर चलने वाली ट्रेन में एफएसडी सिस्टम होने से रेल यात्रियों को बड़ी सहूलियत होगी। वहीं, मिशन रफ्तार के तहत गाजियाबाद से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के बीच रेलवे लाइन के किनारे सुरक्षा के लिहाज से दीवार बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस अतिव्यस्त रूट पर दोनों और दीवार होने से ट्रेन का संचालन प्रभावित नहीं होगा। जानवर टकराने की घटनाओं पर रोक लग सकेगी।

# चारबाग में 15 से शुरू होगी बसों की शिफ्टिंग, मिलेगी जाम से राहत

**लखनऊ।** चारबाग बस स्टेशन को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। बस अड्डे से चलने वाली 350 बसों की शिफ्टिंग का काम 15 जनवरी से शुरू होगा। इससे चारबाग में जाम से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। चारबाग की बसों को आलमबाग टर्मिनल पर शिफ्ट कर दिया जाएगा।

परिवहन विभाग बस अड्डों के अपग्रेडेशन को लेकर काम कर रहा है। इसी क्रम में चारबाग व गोमतीनगर बस अड्डों को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। चारबाग बस अड्डे को संवारने के लिए कार्यदायी कंपनी ने अपना विस्तार कर दिया है। संस्था ने एक गेट भी बंद कर दिया है। इसके चलते बसों को सड़क पर खड़ा करना पड़ता है तथा बसों से जाम भी लगता है। चारबाग बस स्टेशन शहर के प्रमुख स्टेशनों में से एक है। यहां से 24 घंटे बसों का संचालन होता है। रोजाना 350 बसें संचालित होती हैं। इससे करीब 25 हजार यात्री सफर करते हैं। यहां से कानपुर, रायबरेली, गोरखपुर, अयोध्या, फतेहपुर, मौरावां, उन्नाव, हैदरगढ़, अयोध्या, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा आदि के लिए बसों का संचालन होता है। ऐसे में बस अड्डे को विकसित कर अत्याधुनिक बनाया जाएगा।

यहां यात्रियों को बस सुविधा के साथ ही वीआईपी लाउंज, कैफेटेरिया, फूड कोर्ट, शॉपिंग मॉल, वेटिंग एरिया, एस्केलेटर, लिफ्ट आदि की सुविधाएं दी जाएंगी। चारबाग बस स्टेशन का नक्शा व डिजाइन अप्रूव हो चुकी है। जल्द ही चारबाग में आधुनिक सुविधाओं से लैस छह मंजिला बस अड्डा 6784 वर्गमीटर में बनेगा, जिस पर 50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। परिवहन विभाग के लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि बसों की शिफ्टिंग 15 जनवरी से कराई जाएगी। बसों को आलमबाग से संचालित किया जाएगा।

# आधुनिक तकनीक से पुस्तकालय होंगे सुदृढ़, बढ़ेगी कार्यक्षमता

● एलपीएस (सीपी सिंह फाउंडेशन) में सीबीएसई द्वारा कौशल शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) की सेक्टर आई शाखा में एक विशेष 'क्षमता संवर्धन कार्यक्रम' आयोजित किया गया। यह कार्यशाला कक्षा 11वीं और 12वीं में कौशल विषय के रूप में पढ़ाए जाने वाले 'लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस' पर केंद्रित थी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुस्तकालयों के संचालन में आधुनिक तकनीक और ऑटोमेशन के महत्व को समझाना था। कार्यशाला में लखनऊ क्षेत्र के 41 स्कूलों के शिक्षक मौजूद रहे।

इस कार्यशाला में सीबीएसई की ओर से दो मुख्य विषय विशेषज्ञ आमंत्रित किए गए थे। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग में डॉ. एन. कादिरेसन और लखनऊ विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रविश प्रकाश ने प्रतिभागियों को पुस्तकालय प्रबंधन के तकनीकी पहलुओं से रूबरू कराया।

विशेषज्ञों ने पुस्तकालयों के 'ऑटोमेशन' की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि तकनीक के समावेश से न केवल समय और जनशक्ति की बचत होती है, बल्कि कार्यों में दोहराव भी कम होता है। ऑटोमेशन के माध्यम से डेटा की सटीकता सुनिश्चित की जा सकती है और विभिन्न पुस्तकालयों के बीच संसाधनों को साझा करना आसान हो जाता है। कार्यशाला में पुरानी और पारंपरिक लाइब्रेरी को आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी में बदलने की पूरी प्रक्रिया साझा की गई। डॉ. एन. कादिरेसन ने 'कोहा' सॉफ्टवेयर के उपयोग पर विशेष सत्र लिया। उन्होंने बताया कि कोहा एक ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर है, जिसका उपयोग करने के लिए किसी लाइसेंस शुल्क की आवश्यकता नहीं होती। यह वेब-आधारित और उपयोग में बेहद सरल है, जिसे किसी भी डिवाइस पर इंटरनेट ब्राउजर के माध्यम से चलाया जा सकता है।

वहीं, डॉ. प्रविश प्रकाश ने 'ई-ग्रंथालय' सॉफ्टवेयर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह सॉफ्टवेयर स्कूलों की पुस्तकालयों की सेवाओं को डिजिटल बनाने और सदस्यों को ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान करने में अत्यंत सहायक है। डॉ. प्रविश ने इस दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई एक सहायक तकनीक तो हो सकती है, लेकिन यह कभी भी मानव बुद्धि का स्थान नहीं ले सकती।

# स्पोर्टडांस शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने में सहायक : ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बैटल स्पोर्टडांस एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश द्वारा संस्कृत पाठशाला महाविद्यालय में आयोजित बैटल स्पोर्टडांस नेशनल चैंपियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्पोर्टडांस शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उपमुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने युवाओं से खेल, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्थापित जन शिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ के लाभार्थियों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान द्वारा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले 15 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं, विशेषकर महिलाओं को विभिन्न ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

कार्यक्रम में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह, पूर्वोत्तर रेलवे के सेक्शन इंजीनियर केबी पंत, अर्जुन पुरस्कार विजेता रचना गोविल, दुर्गेश त्रिपाठी सहित युवा कलाकार, प्रतियोगी एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

# कथाकार ज्ञान रंजन को किया नमन

**लखनऊ।** प्रसिद्ध कथाकार ज्ञानरंजन की स्मृति में स्थानीय बलराज साहनी सभागार, कैसरबाग में लखनऊ के साहित्यकारों व उनके संगठनों की ओर से एक श्रद्धांजलि सभा हुई। इस अवसर पर साहित्यकारों और संस्कृतिकर्मियों ने स्वर्गीय ज्ञानरंजन के योगदान को नमन किया। ज्ञानरंजन का निधन बीते 7 जनवरी को जबलपुर में हुआ था। जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर ने ज्ञानरंजन का स्मरण करते हुए कहा कि वे एक सक्रियतावादी लेखक थे और उनकी भूमिका सदैव एक एक्टिविस्ट की रही। उन्होंने अपनी कहानियों में आजादी के बाद के सामाजिक यथार्थ को आधार बनाया तथा पारंपरिक कथा लेखन से अलग कहानी को एक नई भाषा दी। नलिन रंजन ने कहा कि ज्ञानरंजन हिंदी साहित्य के विशिष्ट कथाकार और सफल संपादक के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। अपने दौर के कहानीकारों में वे सबसे अलग और विशिष्ट थे। 'घंटा', 'बहिर्गमन' और 'पिता' जैसी कहानियों ने उन्हें अमर बना दिया। उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से उस दौर के गद्य को भी विशिष्टता प्रदान की। मध्यवर्ग की नई पीढ़ी को उन्होंने अपनी रचनाओं में सशक्त ढंग से अभिव्यक्त किया है। वे सामाजिक व्यवस्था के विभेदीकरण को पहचानने वाले कथाकार थे और उस विभेदीकरण के खिलाफ लड़ने वाली ताकतों का मजबूत होना जरूरी मानते थे। प्रगतिशील लेखक संघ, लखनऊ की अध्यक्ष रीता चौधरी ने कहा कि ज्ञानरंजन का संघर्ष रचनात्मक होने के साथ-साथ वैचारिक भी था। इस मौके पर इप्टा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव व महामंत्री शहजाद रिजवी, डॉ. राही मासूम रजा एकेडमी से भगवान स्वरूप कटियार तथा भाकपा से कामरेड परमानंद आदि ने भी अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

# गायकों ने भजनों से भक्तिरस में सराबोर किया

**लखनऊ।** गोमती नगर, विपुल खंड स्मृति भवन में आयोजित भजन संध्या में शनिवार को श्रद्धा और साधना के स्वर बिखरे गये। गायक मनुज शर्मा ने अपने सधे हुए भावपूर्ण भजन गायन से श्रोताओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। भजन संध्या के दौरान गायकों ने शिव कैलाशों के वासी..., ओ पालनहारे.., कबीर के दोह, मेरा आपकी कृपा से..., हनुमान अष्टक..., श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी... जैसे भजनों से श्रोताओं को ध्यान, आत्मचिंतन और भक्ति की गहन अनुभूति से जोड़ा। भजन संध्या का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब मंच पर पिता-पुत्र यानी मनुज शर्मा व उनके सुपुत्र, बाल कलाकार अध्यात्म शर्मा ने सुर से सुर मिलाए। अध्यात्म शर्मा की गायकी ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। आरपी प्रोडक्शन द्वारा फोक टेल्स स्टूडियो के सहयोग से आयोजित भजन संध्या का समापन सामूहिक ओम जय जगदीश हरे... आरती के साथ हुआ। इस दौरान राजीव प्रधान, राज स्मृति समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मित्र देशों संग मिलकर हिंदी को दिला सकेंगे संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता : प्रो. यशवंत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की पहचान कैसी है, हमें मिलकर इस पर भी कार्य करना होगा। अबतक हम हिंदी को ग्लैमर, फैशन और रोजगार की भाषा नहीं बना पाये। हिंदी फिल्मों का हमें कृतज्ञ होना चाहिए, फिल्मों ने हिंदी को बहुत बढ़ावा दिया है। यह बातें डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग की ओर से हिंदी का वैश्विक परिदृश्य और संयुक्त राष्ट्र संघ विषय पर संगोष्ठी पर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय ने कही।

विश्व हिंदी दिवस पर उन्होंने कहा कि हमने हिंदी को लेकर फ्रांस, स्विट्जरलैंड और बेलेजियम समेत चार देशों की यात्रा की। हिंदी के विद्वानों संग राष्ट्र के नेताओं को भी दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ भाषा को बढ़ावा देने के लिए कार्य करना होगा, तभी हमें अपनी उत्कृष्ट भाषा को सही वैश्विक पहचान मिलेगी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने मित्र देशों की पहचान कर दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ आगे बढ़ते हुए हम अपनी हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता दिला सकेंगे। 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की दी। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया पर भी जानकारी दी।

# मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा का आधार-स्तंभ है : डॉ. राजेश्वर सिंह

● विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रिंसिपल्स कॉनक्लेव-2026 में दिया मजबूत संदेश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को सुल्तानपुर रोड, गोसाईगंज स्थित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) में आयोजित प्रिंसिपल्स कॉनक्लेव - 2026 में भागीदारी की। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का मुख्य विषय छात्रों एवं शिक्षकों का मानसिक स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धिः एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण था। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कॉनक्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा का वैकल्पिक हिस्सा नहीं, अपितु सतत एवं प्रभावी शिक्षा का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की सबसे बड़ी शिक्षा व्यवस्था संचालित कर रहा है, जिसमें स्कूली शिक्षा में 24.8 करोड़ छात्र, 14.72 लाख स्कूल और 98 लाख शिक्षक शामिल हैं, जबकि उच्च शिक्षा में 4.33 करोड़ छात्र 40,000+ संस्थानों में पढ़ रहे हैं। स्वतंत्रता के समय मात्र 10% से बढ़कर आज लगभग 80% साक्षरता दर प्राप्त करने में शिक्षकों, प्रिंसिपलों और संस्थानों की समर्पित भूमिका सराहनीय है।

इस विस्तार के साथ ही 82% हाइब्रिड लर्निंग अपनाने, 10.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के एडटेक बाजार, शिक्षा पर जीडीपी का प्त6.5% निवेश और एआई-डिजिटल टूल्स के तेजी से एकीकरण के बावजूद, मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियां बढ़ी हैं। हल्ड इंडिया, ठउएफ्ळ मानसिक स्वास्थ्य सर्वे, द लैंसेट साइकेट्री तथा वठक्ठएॠ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 5 में से 3 छात्र चिंता से ग्रस्त हैं, लगभग 70% छात्र अकादमिक तनाव का सामना कर रहे हैं और 50% से अधिक में अवसाद के शुरूआती लक्षण दिखाई दे रहे हैं। शिक्षकों में भी 1 में से 4 साप्ताहिक सेल्फ-केयर नहीं कर पाते और 55% कार्य-संबंधित तनाव से प्रभावित हैं, जिससे बर्नआउट और असंतुष्टि बढ़ रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रिंसिपलों की निर्णायक भूमिका पर बल देते हुए कहा कि शिक्षक कक्षा-कक्ष को आकार देते हैं।

# चार दिनों में 94252 ने मतदाता बनने को भरा फॉर्म




**लखनऊ।** यूपी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची बीते मंगलवार को जारी की गई थी। ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद अभी तक 94252 लोगों ने मतदाता बनने के लिए फॉर्म-6 भरा है। राजनीतिक दलों की ओर से 1796 फॉर्म भरवाए गए हैं और 92456 मतदाताओं ने सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरा है। प्रदेश में अभी तक मतदाता बनने के लिए कुल 17.12 लाख लोगों ने फॉर्म भरे हैं। वहीं मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए बीते चार दिनों में 175 लोगों ने फॉर्म-7 भरा है। अभी तक कुल 49574 लोगों ने फॉर्म-7 भरे हैं, फिलहाल मतदाता बनने व सूची से नाम कटवाने के लिए लोग अब तेजी से फॉर्म भर रहे हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ताओं संग करेंगे रामलला के दर्शन

● पंकज चौधरी के लखनऊ आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से होते हुए 12 जनवरी को लखनऊ, अवध क्षेत्र में प्रथम आगमन पर स्वागत को ऐतिहासिक बनाने के लिए महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में हलवासीया कोर्ट हजरतगंज में बैठक आयोजित की गई। लखनऊ में नैमीशारण्य गेस्ट हाउस, समता मूलक चौराहे और वेव माल के समीप भव्य मंच व्यवस्थाओं के साथ रास्ते भर विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा, फूलमाला ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा से लगभग 200 कारों का काफिला प्रदेश अध्यक्ष के साथ अयोध्या में रामलला दर्शन को रवाना होगा।

स्वागत कार्यक्रम के साथ ही एसआईआर अभियान को भी प्रमुखता से गतिशील रखने के लिए सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संजय राय, भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ नीरज सिंह, अवध क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉ नीरज बोरा, पवन सिंह चौहान, रामचंद्र प्रधान, उपविजेता रजनीश गुप्ता, अंजनी श्रीवास्तव की उपस्थिति में विभिन्न समाजिक, व्यापारिक संगठनों केप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारी एवं पार्षदगणों के साथ कार्ययोजना तय की गई।

प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत कार्यक्रम प्रदेश के चार क्षेत्रों में भव्यता के साथ संपन्न हो चुका है। 12 जनवरी को पांचवें अवध क्षेत्र के लखनऊ में भी ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। लखनऊ स्वागत के तीनों पॉइंट के हर एक प्वाइंट पर दो विधानसभा के विधायक, मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहेंगे। लखनऊ प्रवासी क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का अवध क्षेत्र में प्रथम आगमन पर आप सभी विभिन्न सामाजिक संगठनों, भाजपा कार्यकर्तगणों द्वारा भव्य स्वागत आयोजन किया जाएगा जिसकी छाप पूरे प्रदेश तक जानी चाहिए। इसको लेकर आपको बड़ी जिम्मेदारी तय करनी होगी। लखनऊ से लेकर के अयोध्या तक जगह-जगह पर भव्य स्वागत का आयोजन किया जाएगा अयोध्या धाम पहुंचने पर श्रीराम जन्मभूमि पर दर्शन कर बैठक करने के उपरांत समापन किया जाएगा।

भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का भव्यता और सांस्कृतिक सभ्यता के साथ स्वागत किया जाएगा। स्वागत पर जब लखनऊ में शंखनाद हो तो इसकी आवाज अयोध्या तक और संदेश पूरे देश में जाना चाहिए। इस स्वागत की भव्यता का जिम्मा हम सभी को उठाना होगा। हमारे सम्मान की अभिव्यक्ति, हमारी आपसी सहयोग की अभिव्यक्ति है। हम सभी के मन में एक दूसरे के प्रति परिवार जैसा भाव रहता है और उसी भाव से प्रदेश के मुखिया का स्वागत करना है।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि विभिन्न सामाजिक संगठनों को भी अपना योगदान देते हुए और कार्यक्रम को सफल बनाना है। स्वागत रूट पर होल्डिंग भी लगवाए और रास्ते भर पुष्प वर्षा किया जाएगा। स्वागत का पहला प्वाइंट नैमिषारण गेस्ट हाउस, दूसरा प्वाइंट समता मूलक चौराहा वहीं तीसरा प्वाइंट वेव मॉल के सामने किया जाएगा।

# कोर्सों की आवश्यकता के अनुसार स्वयं पाठ्यक्रमों की मैपिंग करें

● पुनर्वास विवि में विश्व हिंदी दिवस पर संगोष्ठी सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज स्वयं कोर्सेज के विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में एकीकरण, क्रियान्वयन एवं मैपिंग विषय पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का संचालन डॉ रुचिता सुजय चौधरी, नोडल अधिकारी (स्वयं ) द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा यूजीसी की 2021 की गाइडलाइंस तथा उच्च शिक्षा की ऑनलाइन नीति को पहले ही अंगीकार किया जा चुका है, जिसके तहत स्वयं पाठ्यक्रमों में समुचित एकीकरण एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल है।

डॉ. चौधरी ने संकाय सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने विषयों एवं पाठ्यक्रमों की आवश्यकता के अनुसार स्वयं पाठ्यक्रमों की मैपिंग करें, ताकि अकादमिक ज्ञान, उद्योग की मांगों एवं स्थानीय आवश्यकताओं के बीच की खाई को प्रभावी रूप से पाटा जा सके। उन्होंने बताया कि स्वयं प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, लचीली एवं कौशलोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकती है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है।

कार्यशाला के दौरान पाठ्यक्रम संरचना, क्रेडिट ट्रांसफर, मूक मैपिंग की प्रक्रिया, तथा रोजगारपरक एवं स्थानीय संदर्भों से जुड़े पाठ्यक्रमों के चयन पर विस्तार से चर्चा की गई। सत्र को संवादात्मक बनाते हुए संकाय सदस्यों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

# फैशन को बढ़ावा देगा मिस्टर एंड मिसेज लखनऊ

**लखनऊ।** राजधानी में आगामी चौबीस जनवरी को जानकीपुरम सहारा स्टेट स्थित जेबी लॉन में मिस्टर एंड मिसेज लखनऊ स्टार ऑइकन अवार्ड-2026 का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश रिटेलर्स एसोसिएशन की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम के सम्बन्ध जानकारी देते हुये श्री अग्रवाल सर्राफ के मुखिया रत्नेश अग्रवाल ने बताया कि फैशन के क्षेत्र में लखनऊ को आगे बढाना है। इस मौके पर टीवी कलाकार प्रीति सिंह हिमांशु सिंघल प्रीति सिंह चौहान प्रवीन कुमार मोनिका गुप्ता को निर्णायक मण्डल में शामिल गया है। उन्होंने आगे बताया कि इस कार्यक्रम में परी मेकवोअर्स एण्ड फैशन वर्ल्ड विशेष सहयोगी के रूप में शामिल होंगे। परी मेकवोअर्स एण्ड फैशन वर्ल्ड की पूनम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर चार बजे से रात्रि नौ बजे तक आयोजित किया जायेगा।

# अवधेश साहू को सीएम करेंगे सम्मानित

**लखनऊ।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले मोहनलालगंज के गनेशखेड़ा निवासी युवा समाजसेवी अवधेश साहू को स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को भव्य समारोह में प्रदान करेंगे। अत्यंत साधारण परिवेश में जन्मे अवधेश साहू का जीवन संघर्ष और सेवा की प्रेरक मिसाल है। मात्र दो वर्ष की उम्र में पिता के निधन के बाद उनकी अनपढ़ माता ने मजदूरी कर उन्हें पढ़ाया-लिखाया। मां के त्याग और संघर्ष को ही वे अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा मानते हैं। पढ़ाई जारी रखने के लिए अवधेश को भी मजदूरी तक करनी पड़ी, लेकिन शिक्षा और समाज सेवा के संकल्प से वे कभी पीछे नहीं हटे। अवधेश साहू ने शिक्षा, स्वास्थ्य, युवाओं के मार्गदर्शन, महिला सशक्तिकरण और वंचित वर्गों की मदद के लिए लगातार कार्य किया है। उनके प्रयासों से हजारों जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं अवधेश इससे पहले भी अवधेश साहू प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर चुके हैं।

संक्षेप

## शराब तस्करी का भंडाफोड़

देवरिया। जनपद में अपराध व शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत बनकटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक चार पहिया वाहन और तीन चोरी की मोटरसाइकिलों से 126 लीटर अवैध देशी शराब बरामद करते हुए छह शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में बनकटा पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर जंजीरहा प्राथमिक विद्यालय के पीछे घेराबंदी कर कार्रवाई की। मौके से टाटा हेक्सा वाहन संख्या यूपी 53 डीबी 4664 के साथ तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जिनमें दो नंबर प्लेट लगी हुई थी। बिना नंबर की थी। वाहनों की तलाशी लेने पर 14 पेटियों में रखी 126 लीटर देशी शराब (बंटी-बबली) मिली।

# हिंदी को राष्ट्रभाषा नहीं मानना दुर्भाग्यपूर्ण: प्रो. विमलेश



देवरिया। आज नागरी प्रचारिणी सभा, के तत्वावधान मे विश्व हिन्दी दिवस समारोह का शुभारंभ सभाध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुरू हुआ। समारोह में मुख्य वक्ता प्रो विमलेश मिश्र ने हिन्दी के बारे में अपनी बात रखते हुए कहा कि स्वाधीनता आन्दोलन के पूर्व चाहे राजनेता हों या साहित्यकार जन जागरण के लिए हिन्दी को ही उपयुक्त समझा। किन्तु आज हिन्दी को राजनेता राष्ट्रभाषा मानते ही नहीं है। आज अंग्रेजी ही शासक की भाषा बन चुकी है। आगे मिश्र जी ने कहा आज विश्व में जो हिन्दी दिख रही है वह बाजार की आवश्कता के कारण है, उससे संस्कृति का बोध नहीं होता है। आज हिन्दी की स्थिति देखनी हो तो अपने घर के बच्चों को देखिए। वास्तव में अंग्रेजी से प्रतिस्पर्धा करने के लिए उसके समानांतर पूस्तके लिखनी पड़ेगी। तभी हिन्दी अंग्रेजी का स्थान ले सकेगी। आज के तकनीकी चुनौतियों को स्वीकार करके ही हिन्दी विश्व स्तर पर स्थापित हो सकेगी। समारोह के विशिष्ट वक्ता डॉ अभिषेक मिश्र ने कहा कि भाषा में ही हमें बोध होता है, मूल्य बोध होता है। जिस देश में अस्मिता बोध होगा उसकी भाषा जीवंत और दीर्घकालिक होगी। यह भाषा से अलगाव सांस्कृतिक मूल्यों का भूल जाना है। ऐसा अंग्रेजी के प्रभाव से हो रहा है। हमे इससे बचना चाहिए और अपने मूल्यों को सुरक्षित रखना चाहिए। हिन्दी का विकास होता रहेगा।

● हिंदी दिवस पर विशेष

कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार दीक्षित ने हिन्दी के विकास के लिए नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा किए गये अवदान को रेखांकित करते हुए कहा इसका पुस्तकालय स्वयं इसका प्रमाण है। ब्रिटिश हुकूमत में इस सभा के पदाधिकारियों ने फारसी की जगह हिन्दी में आवेदन देते थे। और हिन्दी के प्रयोग पर बल देते थे। आगे भारत में हिन्दी की दशा पर अपनी बात रखते हुए डॉ शकुंतला दीक्षित ने कहा आज नयी पीढ़ी हिन्दी के प्रति उदासीन है। वे अंग्रेजियत को ही तरजीह देने लगे है, यह चिन्ता का विषय है। इसके बाद वातावरण को सरस बनाते हुए गीतकार सरोज कुमार पाण्डेय ने ₹आइये आइये आइये हिन्दी का झंडा दुनिया में फहराईये₹ गीत सुनाकर सबको ऊर्जस्वित कर दिया। इसके बाद मिहिर विचित्र ने ₹रुप सुशोभित बिन्दी है वैसे सोभित हिन्दी है₹ कविता पढी।

इसके पूर्व सभाध्यक्ष, मुख्य वक्ता, सभा के मंत्री ने दीप प्रज्जवलन व मां वीणापाणि के चित्र पर पुष्पार्चन किया। वाणी वन्दना सौदागर सिंह ने किया तथा नित्यानंद आनन्द ने इन्द्र कुमार दीक्षित लिखित स्वागत गीत से अतिथि गण का स्वागत किया। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने आये अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा हम हिन्दी के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील है इसमें आप लोगों का सहयोग हमे मिल रहा है इसके लिए साधुवाद।

इसके बाद अध्यक्ष और मंत्री जी के द्वारा शाल, नागरी काव्य देहरी एवं नागरी समाचार संदर्शिका की प्रति के साथ सम्मानित किया गया।

सभा के अध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी ने कहा उन्नीस सौ पचास में संविधान में राज्य भाषा के रुप में स्वीकार किए जाने के बाद पन्द्रह वर्ष का समय सरकार ने हिन्दी सीखने के लिए निर्धारित किया जो आज तक बनी हुई है। तबसे ही संघर्ष के रूप में हम हिन्दी दिवस और विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन करते हैं। वास्तव में यह सरकार का भाषायी छल है जिसे समाप्त होना चाहिए। समारोह का बौद्धिक एवं सरस संचालन डॉ मधुसूदन मणि त्रिपाठी ने किया। अंत में सभा आय व्यय निरीक्षक बृद्धिचन्द्र विश्वकर्मा ने सबके उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ इस अवसर पर डॉ अभय द्विवेदी, ब्रजेश पाण्डेय अधिवक्ता, डॉ सौरभ श्रीवास्तव, कौशल कुमार मिश्र, रवीन्द्र नाथ तिवारी, श्वेतांक मणि त्रिपाठी, रजनीश गोरे, डॉ मधुसूदन मिश्र, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, ऋषिकेश मिश्र सुभाष राय, जयप्रकाश मणि, शान्ति स्वरुप दुबे, दयाशंकर कुशवाहा, हरेराम दीक्षित, आचार्य प्रमोद मणि त्रिपाठी, विशाल पाण्डेय, बद्री प्रसाद वर्मा, शिखा गौड़, अंजलि अरोड़ा, क्षमा श्रीवास्तव, पार्वती देवी धर्मशील तिवारी, कुमार विश्वकर्मा, मंजु त्रिपाठी, रमेश सिंह दीपकआदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## जर्जर व बदहाल हो गया नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सखवनियां



कुबेरस्थान, कुशीनगर। सखवनिया ग्राम पंचायत में लगभग बारह वर्ष पूर्व बना 16 बेड का नया प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र अपने बदहाली पर आंसू बहा रहा है। अभी इस भवन में स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू भी नही हुई हैं कि यह जगह जगह गिरना शुरू हो गया है। उदासीनता की हालत यह है कि इस स्वास्थ्य केंद्र में फाटक, फर्श, दीवालें जर्जर हो गए हैं। इसमें लगे पंखे व वायरिंग भी नष्ट हो गए हैं। काफी पिछड़े क्षेत्र में बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान करने के लिए लगभग बारह वर्ष पूर्व 16 बेड का यह अस्पताल जब बन कर तैयार हुआ तो लोगों को लगा अब उन्हें इलाज के लिए कसया या पडरौना नहीं जाना पड़ेगा। लेकिन कुछ ही वर्षों में ही लोगों का यह सपना टूट गया, क्योंकि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने घोर लापरवाही व उदासीनता का परिचय दिया। इस बीच कई बार जिले के नोडल अधिकारी भी यहां निरीक्षण करने आये जिनसे आस पास के गांवों के लोगों ने शिकायत भी किया और इसे चलाने की मांग भी की, लेकिन इसका कोई भी प्रभाव आज तक नहीं पड़ा। वर्तमान समय मे यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केवल पांच छोटे कमरे जो जर्जर हालत में हैं, खड़झंखड से पटा परिसर में कागजों में चल तो रहा है, जहां रात में तो क्या दिन में जाने में डर लगता है।

## नहीं रहे पूर्व विधायक कमलेश शुक्ला, शोक में कार्यक्रम स्थगित

देवरिया। शनिवार, रामपुर कारखाना विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक रहे कमलेश शुक्ला का निधन शनिवार को दोपहर उनके गांव हो गया । श्री शुक्ला पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे तथा उनका इलाज लखनऊ के सर गंगाराम अस्पताल से चल रहा था । इसकी सूचना मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पार्टी द्वारा चल रहे समस्त कार्यक्रमों को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया तथा पार्टी कार्यालय पर उनके निधन के उपरांत शोक संवेदना व्यक्त की गई । जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि श्री शुक्ला के निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है, ईश्वर उनकी आत्म को शांति प्रदान करें तथा इस दुख की घड़ी में उनके परिवरिजनों को संबल प्रदान करें । इस दौरान जिला प्रभारी संतराज यादव सहित जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, गंगा सिंह कुशवाहा, अजय शाही, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, कृष्णनाथ राय, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, विजय पटेल, रामाज्ञा चौहान, अभिषेक जायसवाल, महेश मणि त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## जन समस्याओं को लेकर विशुनपुरकला में भाकियू का क्रमिक अनशन शुरू



देवरिया। भारतीय किसान यूनियन द्वारा विशुनपुरकला चौराहे पर शिधुआ में नया विद्युत उपकेंद्र का निर्माण कराने एवं अन्य जन समस्याओं को लेकर भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार के नेतृत्व में आज से क्रमिक अनशन शुरू किया गया। भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि गर्मी के दिनों में बरियारपुर विद्युत उपकेंद्र की बिजली जनता को रुलाती है। ओभर लोड होने के कारण बिजली बार बार ट्रिप होती हैं। शाम होते ही 12 बजे रात तक फीडर वाइज एक एक घंटा बिजली काट दी जाती हैं जिससे लोगों को बहुत ही परेशानी होती हैं। इसके स्थाई समाधान के लिए शिधुआ में 33/11 के०वी०ए० का नया बिजली घर बनाने के लिए विगत कई वर्षों से मांग की जा रही हैं। जिला संयोजक सदानंद यादव ने कहा कि शिधुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो बजे के बाद रात्रिकालीन इमरजेंसी ओपीडी नही होने से क्षेत्र की गरीब जनता को बहुत ही परेशानी होता हैं। भाकियू के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय ने कहा भीखमपुर रोड पर लाहिलपार से किशुनपाली एवं विशुनपुरकला से गोरयाघाट के बीच सड़क जगह-जगह टूट रही हैं। विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं किसी दिन भी बड़ी घटना हो सकती हैं। जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि गांवों के अन्दर आज भी 11 हजार के नंगे तारो से विद्युत सप्लाई की जा रही हैं जिससे घटनाएं बढ़ रही हैं। जिला सलाहकार मदन चौहान ने कहा कि विशुनपुरकला गांव में एलटी तार की स्थिति एक दम जर्जर हैं। इसके साथ ही अन्य गांवों की लाइन भी जर्जर हैं। क्रमिक अनशन में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह दुखी प्रसाद हरिकेश गुप्ता लल्लन कुशवाहा नियाज अहमद धर्मेन्द्र प्रसाद मुन्ना सिंह अजीत पटेल बागेश्वरी सिंह बल्ली प्रसाद बांकेलाल गौड़ शिव कुमार राय दीपक कुमार सिंह इसहाक मंसूरी सोनु शर्मा समेत दर्जनों किसान शामिल रहे।

# व्यापारियों नागरिकों की बैठक में अतिक्रमण, जाम सहित ग्यारह बिंदुओं के सुझाव पर अमल शुरू



भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर में कस्बो एवं मुख्य बाजार में किये गये अतिक्रमण व सड़क चौड़ीकरण को लेकर चेयरमैन विजय कुमार द्वारा बुलाई गई बैठक नगर के जनप्रतिनिधियों एवं पूर्व अध्यक्षों सहित व्यापरियों के साथ देर शाम तक की गई। मुद्दा नगर के अतिक्रमण और यातायात की सुविधाओं को लेकर ज्वलंतशील रहा। काफी चचाओं के बीच बैठक के क्रम में कुछ बिन्दुओं को लेकर जनप्रतिनिधियों के सहमति से एक प्रस्ताव पारित कर थाना प्रभारी को सौंपा गया है।

दिये गये सुझाव पत्र में लिखा गया है कि रामलीला मैदान में कोई भी अतिक्रमण न करे। रामलीला मैदान से 116 नम्बर ढाले तक जाने के लिए तीन पहिया व चार पहिया वाहन गाँधी चौक चूड़ी गली होते हुए बिकास चौक होते हुए रेलवे ढाले तक जायेगा। रेलवे ढाले से नदी के तरफ जाने वाले तीन पहिया या चार पहिया वाहन बिकास चौक से चूड़ी गली गाँधी चौक होकर रामलीला मैदान से जायेगा। चार पहिया वाहन सहित बड़े वाहनों का आवागमन मेन रोड एवं बिकास चौक से सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पूर्णरूप से वर्जित रहेगा। नगर के पटरी व्यवसाई एवं ठेलो को लगाने हेतु नगर पंचायत द्वारा पट्टी खीचकर सीमांकन किया जा रहा है।

सीमा के बाहर रहने पर उनके विरुद्ध नगर प्रशासन एवं थाना द्वारा कठोर कार्यवाही की जायेगी। नाली के ऊपर अथवा नाली के बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या विक्रय हेतु किसी भी प्रकार का सामान अथवा कपड़ा नही टांगने का निर्णय लिया गया है।

सड़क की साफ सफाई के उपरांत किसी भी प्रकार का कूड़ा करकट नही फेका जायेगा। उनके प्रति स्वच्छ भारत मापदंडों के अनुसार नगर प्रशासन द्वारा जुमार्ने की कार्यवाही प्रस्तावित किया जायेगा। नगर में निर्मित घरों में वर्षा व घरों के उपयोग के पानी सीधा सड़कों पर गिराने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उक्त पानी को पाईप के माध्यम से नाली में ही गिराये जायेंगे। नगर पंचायत सीमान्तर्गत किसी भी सरकारी भूमि पर किसी भी व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया गया है या किया जाता है तो उसे राजस्व विभाग सहित नगर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराते हुए नगर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। नगर पंचायत सीमान्तर्गत द्वारा किसी भी प्रकार के सरकारी एवं प्राईवेट बैंकों द्वारा निर्मित सड़को पर किसी भी प्रकार के दो पहिया वाहन या चार पहिया वाहनों को न खड़ा कर उसके लिये उचित प्रबन्ध सुनिश्चित करें। अन्यथा के अभाव में नगर प्रशासन द्वारा बैंकों के प्रति कार्यवाही प्रेषित की जायेगी। नगर पंचायत के सड़कों पर मवेशियों को बांधने अथवा गोबर आदि रखने पर स्वच्छ अभियान बीके मापदंडों के तहत नगर प्रशासन द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## कॉमन सर्विस सेंटर का सघन सत्यापन

कुशीनगर। सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिकृत सीएससी ई-गवर्नेंस के अंतर्गत संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) केंद्रों का सघन सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान समय में साइबर अपराध की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए यह अभियान डिजिटल लेन-देन द्वारा नागरिकों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सीएससी ई-गवर्नेंस द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटरों को चिन्हित कर उनके संचालन की गहन जांच की जा रही है। साथ ही, इन केंद्रों का सत्यापन जिला एवं राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्राधिकरण के आधार पर किया जा रहा है। हाल ही में देशभर में बड़ी संख्या में ऐसे सीएससी केंद्र बंद किए गए हैं, जो या तो अनधिकृत स्थान पर संचालित पाए गए अथवा जिनका पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (पीसीसी) जमा नहीं किया गया था। यह सत्यापन प्रक्रिया आगे भी चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगी। जो सीएससी केंद्र समय से सक्रिय नहीं पाए जा रहे हैं अथवा स्थापना के बाद से ही संचालन में नहीं हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से आईडी निष्क्रिय (डी-एक्टिवेट) किया जा रहा है। जिला प्रबंधक सीएससी ई-गवर्नेंस कुशीनगर ने जानकारी दी कि प्रथम चरण में जनपद के कुल लगभग 500 सीएससी केंद्रों को पुनरीक्षण के तहत बंद किया गया है, जबकि अब तक कुल 70 सीएससी केंद्रों का सत्यापन पूर्ण किया जा चुका है। इन केंद्रों के माध्यम से बिजली बिल भुगतान, श्रम कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, बीमा सेवाएं, ई-डिस्ट्रिक्ट, आधार, बैंकिंग आदि सेवाएं नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सीएससी केंद्रों पर बोर्डिंग, सेवा सूची, रेट लिस्ट तथा प्रशिक्षित ऑपरेटर की उपलब्धता अनिवार्य रूप से हो। जांच के दौरान विशेष ऐप के माध्यम से जियो-टैगिंग सहित सभी मानकों का परीक्षण किया जा रहा है। सीएससी ई-गवर्नेंस द्वारा सभी संचालकों से अपील की गई है कि वे स्वयं साइबर फ्रॉड से बचें तथा आम नागरिकों को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि सुरक्षित एवं पारदर्शी डिजिटल सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों के कैशलेस इलाज योजना को लेकर बैठक

देवरिया । भारत सरकार ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य दुर्घटना के बाद के सबसे कीमती समय में बिना पैसे की चिंता किए मरीज का इलाज सुनिश्चित करना है। इस योजना का नाम कैशलेस ट्रीटमेंट ऑफ रोड एक्सीडेंट विक्टिम है।

कल दिनाँक 09 जनवरी 2026 को पुलिस लाइन देवरिया के सभागार में जनपद के समस्त थानों के उप निरीक्षक गण को इस योजना से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण, जिला कलेक्ट्रेट, एन आई सी कार्यालय के जिला रोल आउट मैनेजर श्री सौरभ गुप्ता द्वारा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री कृष्णानंद यादव के मार्ग दर्शन में दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्री सुनील कुमार सिंह के निर्देश एवं यातायात कार्यालय से टी एस आई श्री गुलाब सिंह के सहयोग से इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमे बताया गया कि जब कोई सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल पहुँचता है तो उसको तुरंत भर्ती कररिक्वेस्ट दुर्घटना से संबंधित थाना प्रभारी के ई डार आई डी ( पूर्व में आई रेड) मे जाती है। फिर संबंधित पुलिस अधिकारी द्वारा दुर्घटना की जाँच कर 24 घंटे के अंदर एक्सीडेंट आई डी (विक्टिम आई डी) जेनेरेट कर अस्पताल को अप्रूवल दी जाती है, पेशेंट आई डी से मैपिंग के लिए। जिसके बाद केस स्कीम मे ऐड हो जाता है। के लिए पुलिस को वेरिफिकेशन के लिए 48 घंटे का समय दिया जाता है।

# हिन्दू स्वाभिमान जगाने के लिए हुई संघ की स्थापना: दीपक




कसया, कुशीनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिन्दू समाज की बन्धुता, परस्पर प्रेम, सहयोग तथा स्वाभिमान को सुदृढ करने के उद्देश्य से आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन शिव मन्दिर परिसर, परसौनी मुकुन्दहा में सम्पन्न हुआ। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का प्रारम्भ भारत माता के चित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। मुख्यअतिथि विभाग प्रचारक दीपक ने कहा कि भारत को वर्तमान भारत को बनाने हमारे राष्ट्रभक्तों ने बलिदान दिया है। गुरू तेग बहादुर ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपना शीश कटा दिया। गुरू गोविंद सिंह ने हिन्दुत्व की रक्षा के लिए अपना सम्पूर्ण परिवार को ही न्योछावर कर दिया।

● हिंदू धर्म के प्रति बढ़ी नवयुवकों में श्रध्दा: प्रियंका
● परसौनी मुकुन्दहा में विराट हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न

वन्देमातरम सम्पूर्ण क्रान्तिकारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। स्वामी विवेकानंद ने उद्घोष किया था कि गर्व से कहो हम हिन्दू है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डा केशव बलिराम हेडगेवार ने महापुरूषों के विचारों को लेकर की थी। हिन्दू में स्वाभिमान जगाने के लिए संघ की स्थापना की। राजनीति समाज को तोड़ता है धर्म समाज को जोड़ता है। महापुरूषों की कोई जाति नही होती है वे सर्व समाज के होते हैं। आज हिन्दू जगा है 64 करोड हिन्दू महाकुंभ में स्नान किये। मुख्य वक्ता महंत दीनबन्धु दास ने कहा कि हिन्दुत्व जीवन जीने की एक पद्धति है।

हिन्दुत्व धर्म और विज्ञान का संगम है। हिंदुत्व ही राष्ट्रीत्व है। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी आश्रम कुशीनगर की प्रमुख योगिनी मीरा बहन ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व का नेतृत्व भारत करेगा। गोरखपुर से पधारी डा प्रियंका वर्मा ने कहा कि हिन्दुत्व एक संस्कार है। आज नवयुवकों में धर्म के प्रति श्रध्दा बढ़ी है। हिन्दू संस्कारों से ही हमने वैश्विक महामारी कोरोना पर विजय प्राप्त की कार्यक्रम में स्वयंसेवक देवी उपाध्यक्ष आलोक, नगर प्रचार सुरेश गुप्ता, रमेश मद्धेशिया, राम प्रताप चौरसिया, विनय प्रताप राव, बलराम मिश्र, धर्मराज गुप्ता, सह जिला कारवां शैलेश सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक राजू मद्धेशिया ने किया।

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस करेगी आंदोलन

देवरिया। शहर के टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल, मनरेगा के कोऑर्डिनेटर सत्य प्रताप मिश्रा और शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबीझ्जी राम जी) कर दिया है। जो कानून की मूल भावना के खिलाफ है। इसके विरोध में गांव से लेकर दिल्ली तक आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू मनरेगा एक अधिकार आधारित कानून है, जो ग्रामीण परिवारों को रोजगार की वैधानिक गारंटी देता है। इसके तहत 15 दिन में काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि यह योजना ग्रामीण आजीविका की रीढ़ रही है और हर वर्ष करोड़ों परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराती है। उन्होंने आरोप लगाया कि नया वीबीझ्जी राम जी कानून रोजगार की वैधानिक गारंटी समाप्त करता है। ग्राम पंचायतों को कमजोर करता है और केंद्र के योगदान को घटाकर राज्यों पर बोझ डालता है, जिससे ग्रामीण संकट बढ़ेगा। महात्मा गांधी के नाम को हटाना भी श्रम की गरिमा के खिलाफ है। कांग्रेस ने ह्लमनरेगा बचाओ संग्रामह्व के तहत राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा की। इसके तहत 11 जनवरी को एक दिन का उपवास, 12 से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर पर जनसंपर्क व चौपालें, 30 जनवरी को वार्ड स्तरीय धरना तथा 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिला स्तरीय धरना दिया जाएगा। प्रेसवार्ता में जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, शिवशंकर सिंह, विनोद दुबे, विनोद त्रिपाठी सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद।

# प्रभारी मंत्री बोले-ग्रामीण भारत को नयी दिशा देगा विकसित भारत जी राम जी विधेयक



कुशीनगर। प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 को ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक 20 वर्ष पुराने मनरेगा कानून की कमियों को दूर कर आधुनिक, पारदर्शी और टिकाऊ रोजगार व्यवस्था स्थापित करेगा। प्रभारी मंत्री शनिवार को कुशीनगर में थे वह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद पत्रकारों से मुखातिब होकर सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे। उन्होंने कहा कि नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को अब हर वित्तीय वर्ष 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी, जो पहले 100 दिन थी। इससे मजदूरों की आय में सीधा इजाफा होगा और गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। दिनेश प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि इस बिल में काम को चार प्रमुख श्रेणियों जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से जुड़ा निर्माण और मौसमीय आपदाओं से सुरक्षा तक सीमित किया गया है, ताकि काम सिर्फ रोजगार तक सीमित न रहकर गांवों के स्थायी विकास का आधार बने। प्रभारी मंत्री ने कहा कि डिजिटल उपस्थिति, आधार व बायोमेट्रिक सत्यापन और सीधे खाते में भुगतान से मजदूरी की चोरी और फर्जीवाड़ा पूरी तरह खत्म होगा। काम न मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देना सरकार की बाध्यता होगी। किसानों के हित को ध्यान मे रखते हुए प्रभारी मंत्री ने बताया कि बुआई और कटाई के समय 60 दिनों की ह्लनो वर्कह्व अवधि तय करने का प्रावधान है, जिससे खेती के समय श्रमिकों की कमी नहीं होगी और कृषि लागत नियंत्रित रहेगी। पत्र उन्होंने कहा कि यह विधेयक रोजगार, आय सुरक्षा, जल संरक्षण, अवसंरचना निर्माण और पलायन रोकने में मील का पत्थर साबित होगा। ह्लविकसित भारतझ्जी राम जी बिल आत्मनिर्भर और सशक्त ग्रामीण भारत की नींव है, ह्व यह कहते हुए प्रभारी मंत्री ने इसे प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन का मजबूत आधार बताया।

# विकास और कानून व्यवस्था पर कसा शिकंजा, अधिकारियों को मंत्री की दो-टूक चेतावनी



कुशीनगर। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा हुई। बैठक में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए मंत्री ने तल्ख लहजे मे कहा ₹अब फाइलों में नहीं, जमीन पर दिखेगा काम।₹ पीएमजीएसवाई व प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़कों पर संतोषजनक जवाब न मिलने पर मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाई और सभी सड़कों की सूची जनप्रतिनिधियों की सहमति से तैयार कर मरम्मत प्रस्ताव तत्काल भेजने के निर्देश दिए। मनरेगा, आवास, स्वास्थ्य, विद्युत, मंडी व राजस्व मामलों की समीक्षा में मंत्री ने चेताया कि जनकल्याणकारी योजनाओं में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। चिकित्सकों की गैरहाजिरी पर केवल वेतन कटौती को नाकाफी बताते हुए निष्क्रिय व लापरवाह कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि मुसहर कॉलोनी निर्माण के लिए 50 लाख की व्यवस्था तथा मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस की कमियों को दूर करने के लिए 2 करोड़ की स्वीकृति की गई है। डीएम ने बैठक के सभी निर्देशों के शत-प्रतिशत अनुपालन का भरोसा दिलाया। इसी कडी में एसपी केशव कुमार ने जनशिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की बात कही, जबकि सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव ने योजनाओं में तेजी लाकर पात्रों को पूरा लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। बैठक में मंत्री ने स्पष्ट चेतावनी दिया कि अब जवाबदेही तय होगी, काम नहीं तो कार्रवाई तय है।

आईजीआरएस में कुशीनगर पिछड़ा, प्रभारी मंत्री ने कसे स्क्रू:

आईजीआरएस में राजस्व मामलों के निस्तारण को लेकर कुशीनगर की बदतर स्थिति पर प्रभारी मंत्री का गुस्सा फूट पड़ा।

उत्तर प्रदेश रैंकिंग में जिले को 62वां स्थान मिलने पर समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने एडीएम की क्लास लगाई। मंत्री ने साफ कहा कि यह रैंकिंग प्रशासनिक लापरवाही और खानापूर्ति का परिणाम है। उन्होंने चेतावनी दी कि झूठी रिपोर्ट और कमजोर निस्तारण अब बर्दाश्त नहीं होगा, अगली रैंकिंग में सुधार नहीं हुआ तो जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई तय है।

## चोरी की तीन बाइक जब्त, तीन गिरफ्तार

देवरिया। जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना लार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक फर्जी नंबर प्लेट भी मिली है, जिसका इस्तेमाल चोरी की बाइक को वैध दिखाने के लिए किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात सहजोर चौराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक युवक चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया, जिस पर फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 65 ईके 7996 लगा हुआ था। पूछताछ में उसकी पहचान बलिराम गुप्ता निवासी रउतपार अमेठिया के रूप में हुई। पूछताछ में बलिराम ने खुलासा किया कि वह अपने दो साथियों अंश कुमार उर्फ आदित्य कुमार और अजय कुमार के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करता था और उन्हें बेच देता था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया। साथ ही रउतपार अमेठिया गांव से दो और चोरी की मोटरसाइकिलें—हीरो पैशन प्रो और स्प्लेंडर प्लस—बरामद की गईं, जो बिना नंबर की थीं। थाना लार पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा संख्या 11/2026 दर्ज कर धारा 317(2), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ में अन्य चोरी की वारदातों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

संक्षेप

## फांसी पर लटका किसान, पुलिस ने कराया पीएम

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी एक किसान नवयुवक श्याम मोहन पुत्र ऋषि कुमार उम्र लगभग 28 वर्ष ने शुक्रवार की देर शाम घर के कमरे में गले में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। परिजनों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पीएम के लिए भेज दिया है।

## मैनुअल एक्स-रे मशीन खराब, मरीज परेशान

उन्नाव। जिला अस्पताल के मैन्युअल एक्सरे मशीन का एक्सपोजर फ्यूज खराब हो गया है। इससे दो दिन से मशीन बंद चल रही है। एक्स-रे टेक्नीशियन राज कौशल ने बताया एक्सपोज फ्यूज खराब होने की जानकारी सीएमएस को दे दी गई है। मैनुअल एक्स-रे मशीन खराब होने से मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में हड्डी से संबंधित औसतन 400 मरीज पहुंचते थे। इनमें से 200 मरीजों को डॉक्टर एक्सरे कराने की सलाह देते हैं। लेकिन दो दिन से मैन्युअल एक्सरे मशीन बंद पड़ी है। इससे मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। शनिवार को मैन्युअल एक्सरे कक्ष जांच के लिए पहुंचे 34 मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ा। सीएमएस डॉ.राजीव गुप्ता ने बताया कि इंजीनियर को सूचना दे दी गई। जल्द ही मशीन की मरम्मत करा दी जाएगी।

## पत्रकार एसोसिएशन की वार्षिक बैठक संपन्न

उन्नाव। मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन (रजि.) की वार्षिक बैठक कुमार गेस्ट हाउस कलेक्टर गंज फाटक में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुधीर शुक्ला द्वारा की गई। इस बैठक में पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अरुण पांडे को प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया। गायत्री प्रसाद प्रजापति को जिले का 2 साल के लिए अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ाया गया।वहीं अखिलेश श्रीवास्तव प्रिंस को कानपुर नगर का जिलाध्यक्ष बनाकर एक अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश अध्यक्ष ने यह कहा कि पत्रकारों की दशा पर शासन-प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। लगातार कई प्रार्थना पत्र देने के बाद भी अभी तक किसी जिम्मेदार अधिकारी ने सूचना संकुल के विषय में कोई उचित कार्यवाही नहीं की है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सूचना कार्यालय जो कलेक्ट्रेट में तीसरी मंजिल पर है जिस पर बुजुर्ग पत्रकार भाइयों को जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है उसका भी स्थानांतरण प्रथम तल पर किया जाए। उपरोक्त मांगों के साथ पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई। इस अवसर पर सुधीर शुक्ला, गायत्री प्रसाद प्रजापति, आशीष दीक्षित, आनन्द कुमार शर्मा, प्राचीन्द्र मिश्रा, नीरज सिंह, प्रदीप कुमार तिवारी, अरुण कुमार दीक्षित, अरुण पांडे अनिल कुमार शुक्ला अखिलेश श्रीवास्तव शिवांश शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, आरिफ सहित कई पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में बालक की मौत

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के हिंदू नगर भाटन खेड़ा में 15 वर्षीय बालक ने शुक्रवार देर शाम घर में कमरे के कुंडे से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है। हिंदू नगर निवासी दीपांशु पुत्र रमेश चंद्र 15 वर्ष शाम को भोजन करने के बाद अपने कमरे में गया वही रस्सी से कमरे की छत में लगे कुंडे में रस्सी से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि पिता गांव में ही रहकर खेती-बाड़ी करते हैं वही बड़ा भाई आकाश भी साथ रहता है। घर में काम करने को लेकर बड़े भाई व पिता की डांट से क्षुब्ध होकर दीपांशु के फांसी लगाने की चर्चाएं है। मृतक तीन बहनों व तीन भाइयों में सबसे छोटा भाई था।

# कार्यशैली सुधारें अधिकारी और कर्मचारी

जिला संवाददाता(vol)

**● डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न**

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की गहनतापूर्वक समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न इंडीकेटर्स पर जनपद की प्रगति को देखा तथा धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी कार्यशैली में सुधार लायें, अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना से पात्रों को लाभान्वित किये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से लक्षित लाभार्थियों की सूचनाओं का संकलन कराते हुए पात्रों को लाभान्वित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। सभी केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों इन्फेंटोमीटर, स्टीडियोमीटर, वजन मशीन आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा बच्चों की लम्बाई, माप आदि का त्रुटिरहित विवरण पोषण ट्रैकर पर अपलोड किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि वी0एच0एस0एन0डी0 सत्रों को व्यापक रूप से आयोजित कराया जाये।

वीएचएसएनडी के सभी सत्रों में समस्त तैनात कार्मिक समय से निर्धारित उपकरणों एवं दवाओं के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये। वी0एच0एस0एन0डी0 सत्रों के दौरान गोद भरायी एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में कराया जाये। वीएचएसएनडी सत्रों को मेले के रूप में आयोजित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरगांव चौराहे पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



सीतापुर। जनपद के अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत हरगांव के कस्बा हरगांव के मुख्य चैराहे पर किए गए अतिक्रमण को हटाने को लेकर एसडीएम सदर के नेतृत्व में नगर पंचायत हरगांव के अधिकारियों व कर्मचारियों के व्दारा लहरपुर रोड व दतेली रोड पर अतिक्रमण को जेसीबी के द्वारा हटाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतापुर जनपद के आदर्श नगर पंचायत हरगांव के कस्बा हरगांव के मुख्य चैराहे पर लहरपुर रोड व दतेली रोड पर विकासखंड हरगांव कार्यालय के सामने फैले अतिक्रमण को शनिवार को उपजिलाधिकारी सदर धामिनी एस दास के नेतृत्व में नगर पंचायत हरगांव के अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र ने अपने कर्मचारियों के साथ जेसीबी के व्दारा अतिक्रमण हटाने का कार्य कराया गया। इस अवसर पर विनोद कुमार, सुशील कुमार, अहिबरन लाल, दीपक कुमार, अमित कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## कटरा चौराहे पर तीन दुकानों में चोरी

सीतापुर। मानपुर इलाके के कटरा चौराहे पर बीती रात अज्ञात चोरों ने तीन दुकानों को निशाना बनाते हुए शटर के ताले काट दिए। चोर दुकानों से नकदी समेत कीमती सामान उठा ले गये। सुबह दुकानदारों के पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पीड़ित दुकानदारों ने घटना की सूचना मानपुर थाने में देकर तहरीर सौंप दी है। नसीम निवासी बिराहिमबाद की कटरा चैराहे पर मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान है। नसीम ने बताया कि शुक्रवार रात में अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसमे रिपेयरिंग के लिए रखा मोटरसाइकिल का इंजन, रिपेयरिंग औजार व वजनी लोहा उठा ले गये। दूसरी दुकान के मालिक प्रदीप अवस्थी निवासी सधुवापुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात में चोर शटर का ताला काटकर 11 हजार 6 सौ की नकदी उठा ले गये। तीसरी दुकान रमई पुर निवासी हरी शंकर रस्तोगी की है। जिसमें वह पुरानी ज्वैलरी की मरम्मत का काम करते हैं। उन्होंने बताया चोर शटर का ताला काटकर पुरानी 3 जोड़ी पायल व गुल्लक में रखी नकदी उठा ले गए। उपनिरीक्षक रामवृक्ष ने बताया कि मामले की जांच कर जल्द ही उचित कारवाई की जाएगी।

## सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

सीतापुर। बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन के वार्षिकोत्सव के अंतिम चरण में शुक्रवार देर रात तहसील प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी शरद चौधरी एसडीएम शिखा शुक्ला एवं तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी उपस्थित रहे। हारमनी बाय हरिमोहन म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों में कलाकार हरिमोहन बिष्ट, रूबी मिश्रा, ऋषि तिवारी, पवन कुमार, रिंकू एवं सुधीर रंजन ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाजसेवी शरद चौधरी ने भी संगीत के साथ अपने पुराने गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को और यादगार बना दिया, वहीं एसडीएम शिखा शुक्ला ने सुंदर गीत




प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। देर रात तक चले कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता एवं आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई एवं सचिव एस.पी. सिंह ने सभी अतिथियों, कलाकारों व उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अंजय चौधरी, रसिक बिहारी गुप्ता, संकटा प्रसाद शुक्ला, उमर अंसारी, राजेश जायसवाल, सुशील शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, ललित शर्मा, राकेश सिंह, रजनीश मिश्रा, बरखा सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में जन शिकायतों का हुआ निस्तारण



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर माह के द्वितीय शनिवार को थाना समाधान दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थानों पर उपस्थित जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया।

इस दिवस कुल 68 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 47 राजस्व से संबंधित और 21 पुलिस से संबंधित मामले शामिल थे। प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से राजस्व टीम के सहयोग से 10 प्रार्थना पत्रों का पूर्ण निस्तारण किया गया, जबकि पुलिस से जुड़े 8 प्रार्थना पत्रों को भी हल कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण प्रमुखपुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने इस आयोजन को जनता और पुलिस के बीच मजबूत पुल का माध्यम बताते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस जैसे कार्यक्रमों से आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही समाधान हो जाता है, जिससे न्याय प्रक्रिया तेज होती है। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि शेष मामलों का निस्तारण प्राथमिकता से सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी ऐसी शिकायत निवारण व्यवस्था को और मजबूत बनाएं।यह आयोजन जनपदवासियों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ाने वाला साबित हुआ। स्थानीय निवासियों ने थाना समाधान दिवस की सराहना करते हुए इसे नियमित बनाने की मांग की है।

वहीं फतेहपुरः थाना समाधान दिवस में 68 जन शिकायतें प्राप्त हुईं 18 का त्वरित निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर द्वितीय शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। थाना प्रभारियों ने जन शिकायतों की सुनवाई कर निस्तारण किया।

## मनरेगा को लेकर कांग्रेस का आंदोलन

फतेहपुर। जिले की कांग्रेस इकाई ने आज अपने ज्वालागंज स्थित कार्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर 'मनरेगा बचाओ संग्राम' का औपचारिक आगाज किया। पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकार पर मनरेगा योजना को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए आगे की रणनीति साझा की, जिसमें गांव-गांव चौपालें लगाकर मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना प्रमुख है।प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा, अगर सरकार को महात्मा गांधी से नफरत है, तो मनरेगा का नाम बदल दें, लेकिन गरीब मजदूरों का हक मारना उचित नहीं।₹ उन्होंने बताया कि पूर्व मनमोहन सिंह सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की थी। द्विवेदी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार नाम बदलने के बहाने योजना को समाप्त करने पर तुली है।तीन मुख्य मांगें: काम की गारंटी, जवाबदेही और 400 रुपये न्यूनतम मजदूरीकांग्रेस ने देशव्यापी आंदोलन की घोषणा करते हुए तीन प्रमुख मांगें रखीं:काम की 100 दिन की गारंटी बहाल करना।

जवाबदेही सुनिश्चित करना, ताकि मजदूरों को समय पर भुगतान और काम मिले।न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन करना।द्विवेदी ने चेतावनी दी कि सरकार को इन मांगों को मानना ही पड़ेगा, वरना आंदोलन तेज होगा।भाजपा के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलानशहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, भाजपा सरकार के सभी फैसले जनविरोधी हैं। कांग्रेस जनता के हित में हर चुनौती स्वीकार करने को तैयार है और आर-पार की लड़ाई लड़गी।₹ उन्होंने मनरेगा को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि इसका कमजोर होना लाखों परिवारों को भुखमरी की ओर धकेलेगा।गांव-गांव चौपाल: मजदूरों को जोड़ने की रणनीति'मनरेगा बचाओ संग्राम' के नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर आरिफ खान ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता अब गांव-गांव जाकर चौपालें लगाएंगे। इन चौपालों में मनरेगा मजदूरों को उनके अधिकारों, योजना के लाभों और आंदोलन से जोड़ने की जानकारी दी जाएगी। खान ने कहा, ₹हम मजदूर भाइयों का साथ देंगे और उन्हें इस संघर्ष का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे।₹प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे और आदित्य श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। पार्टी ने आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।

## 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। रेउसा थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत रेउसा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर 2 नफर वांछित अभियुक्तों सहित 11 नफर वांछित वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार वांछित अभियुक्तों में विजय लोनिया पुत्र छेदीलाल लोनिया उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम लोनियनपुरुवा मजरा बेदौरा थाना रेउसा तथा अमरीश उर्फ छोटू दीनबंधु गौतम उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मान सिकरी थाना रेउसा शामिल हैं। ये दोनों लंबे समय से पुलिस को वांछित थे। इसके अतिरिक्त जिन 11 वांछित वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उनमें अजीत पुत्र संभूदयाल निवासी कोडवा, दीपू पुत्र राजेंद्र निवासी खरुविलया, मुसर्रफ पुत्र मो. आसिफ निवासी खारौंहा, जयंती प्रसाद उर्फ जयंतीलाल पुत्र रामेश्वर निवासी मूरतपुर थाना थानगांव, इसरार पुत्र बाबू अली निवासी चैनी, बुधई पुत्र रामप्रसाद रैदास निवासी पट्टी पुरवा मजरा भैंसहा, जमील पुत्र शहजाद निवासी सेमरा, गुड्डू पुत्र मुख्तार निवासी सेमरा, इस्लामुद्दीन पुत्र बाबू निवासी कोडवा, जियालाल पुत्र भवन पासी तथा चंद्रिका पुत्र भवन पासी निवासी खुरवलिया थाना रेउसा शामिल हैं। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक नागेंद्र कुमार पांडेय, उपनिरीक्षक राजेश निषाद, उपनिरीक्षक हरिकेश सरोज, अरुण प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक लल्लन चैधरी, उपनिरीक्षक शेषनाथ दूबे, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार, शिवकुमार, कमलेश उपाध्याय सहित कांस्टेबल कौशल कुमार, विक्की सागर, संजय कुमार, योगेश कुमार व महेंद्र कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप है। वहीं आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

## रुक्मिणी मईया के विवाह में झूमें भक्त



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगरपंचायत ऊगू में चल रही श्री मद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस पर कथा व्यास आचार्य श्री राम जी शुक्ल ने बताया कि किस प्रकार से गोवर्धन पर्वत उठाकर भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र के कोप से नगर वासियों की रक्षा की, ग्वाल बालों को गोलोक का दर्शन कराया और दिव्य महा रास, गोपी उद्धव संवाद एवं कंस वध की कथा सुनाई और बताया कि किस प्रकार भगवान अधर्म से धर्म की रक्षा करने के लिए बार बार धरती पर अवतार ग्रहण करके धरती का भार समाप्त कर अधर्म का विनाश और धर्म की जय करते हैं। कथा के विश्राम पर सभी ने मिलकर भगवान श्री कृष्ण जी के प्रथम विवाह के उत्सव का आनंद लिया और सभी लोग महारानी रुक्मिणी मईया के विवाह पर झूमे। कथा समापन के बाद श्रोताओं में प्रसाद वितरण किया गया।

## पुरवा विधानसभा में 43 हजार मतदाताओं को नोटिस




पुरवा, (वीओएल)। 167 पुरवा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के शुद्धीकरण एवं अंतिम प्रकाशन को लेकर बड़ी प्रशासनिक कवायद शुरू हो गई है। इस क्रम में लगभग 43,000 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने तथा उनसे संबंधित अभिलेख मांगे जाने हैं। इन्हीं अभिलेखों के आधार पर मतदाता सूची का फाइनलाइजेशन किया जाएगा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी टाइम टेबल के अनुसार 6 जनवरी से 27 फरवरी तक सुनवाई की प्रक्रिया चलेगी।

इस दौरान पात्रता, नाम जोड़ने/हटाने एवं संशोधन से जुड़े मामलों पर निर्णय लिया जाएगा इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए पदवार कुल 28 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (म्ल्०) एवं अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (।म्ल्०) नियुक्त किए गए हैं। इनमें मंडी सचिव पुरवा, उपनिबंधक पुरवा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, एसडीओ विद्युत मौरावां, एसडीओ विद्युत पुरवा सहित अनुपस्थिति रहें और तहसील के सभी बीडीओ नायब तहसीलदार कालेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे इसी क्रम में एसडीएम की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मतदाता सूची के पुनरीक्षण, नोटिस वितरण, अभिलेख संकलन एवं सुनवाई की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई बैठक में तहसील के सभी बीडीओ, सभी एबीएसए, विभागीय सीवीओ, तहसीलदार, एनटी, सीडीपीओ पुरवा तथा कॉलेजों के प्राचार्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से कार्य पूर्ण किया जाए बैठक में उपरोक्त नामित अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिनकी जानकारी पृथक से संज्ञान में ली गई। प्रशासन का कहना है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम न छूटे और अपात्र नामों को नियमानुसार हटाया जा सके।

## स्वराज सेवा फाउंडेशन ने वितरित किये कंबल

सीतापुर। स्वराज सेवा फाउंडेशन की तरफ से कंबल वितरण महा अभियान जरूरतमंदों के लिए युवाओं की पहली 10 जनवरी की तरफ से कंबल वितरण



किया गया। जिसमें हमारे मुख्य अतिथि महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, विशिष्ट अतिथि सागर गुप्ता, मुनेंद्र अवस्थी, अंबेडकर नगर से आए हमारे जिला पंचायत सदस्य नीरज प्रताप सिंह और नैमिष की धरा से चलकर आए हुए हमारे श्री-श्री 1008 हनुमानगढ़ी के पीठाधीश्वर महाराज पवनदास जी महाराज और महंत बजरंग मुनि दास जी, महंत राजू दास जी, हनुमान धारा चित्रकूट अयोध्या और इस कार्यक्रम के हमारे आयोजक प्रणव सिंह राजपूत, शिवेंद्र त्रिवेदी, आशुतोष प्रताप सिंह, अर्णव प्रताप सिंह, कमल शर्मा, अर्जुन वाल्मीकि, सूरज ईशान त्रिपाठी, गोलू आदित्य त्रिपाठी, शाहरुख गाजी, सद्दाम गाजी, सागर मिश्रा, मोहसिन रजा, अंकुर साथी व मित्रगण मौजूद रहे।

## वीबी जी आरएएम जी अधिनियम से बदलेगी गांवों की सूरत




जिला संवाददाता

उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह रहे। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के स्थान पर लाए गए नए अधिनियम वीबी जी आरएएम जी (विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन - ग्रामीण) को ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक बताया।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि भारत का गाँव आत्मनिर्भर बने। वीबी जी आरएएम जी अधिनियम के अंतर्गत अब मजदूरों को साल में 125 दिन का रोजगार मिलेगा। उन्नाव जैसे कृषि प्रधान जिले के लिए यह वरदान है क्योंकि अब फसल की बुवाई और कटाई के समय मजदूरों की कमी नहीं होगी, इसके लिए अधिनियम में विशेष प्रबंध किए गए हैं। पशुधन मंत्री ने विशेष रूप से रेखांकित किया कि नए अधिनियम के तहत गाँवों में पशु आश्रय स्थल और दुग्ध संग्रहण केंद्रों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि उन्नाव की प्रत्येक ग्राम पंचायत तक इस योजना का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुँचाया जाएगा। बायोमेट्रिक उपस्थिति और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग से अब बिचैलियों का खेल पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इस अवसर पर उन्नाव के विधायकगण श्रीकांत कटियार, पंकज गुप्ता, बृजेश रावत, आशुतोष शुक्ला, अनिल सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा भगवती प्रसाद रावत जिलाध्यक्ष निषाद समाज पार्टी बालकृष्ण निषाद राष्ट्रीय लोकदल (महिला) की राष्ट्रीय मंत्री नमृता शुक्ला जिला और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ल द्वारा किया गया। पत्रकार वार्ता के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल द्वारा वर्चुअल प्रस्तुतिकरण दिखाया गया। पत्रकार वार्ता के पूर्व भाजपा कार्यालय उन्नाव में ही कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, गंगा प्रसाद वर्मा, राजकिशोर रावत, विधायकगण श्रीकांत कटियार, पंकज गुप्ता, बृजेश रावत, आशुतोष शुक्ला, अनिल सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा भगवती प्रसाद रावत जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा प्रवीण सिंह नूतन आशीष बाजपेई अटल जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा आनंद अवस्थी जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## एसएपी ने थाना असोहा का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

असोहा, उन्नाव (वीओएल)। अखिलेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) द्वारा थाना असोहा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, थाना कार्यालय की कार्यप्रणाली, महिला हेल्पडेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्पडेस्क तथा सीसीटीएनएस प्रणाली का गहन अवलोकन किया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने के विभिन्न अभिलेखों, रजिस्टरों एवं लंबित मामलों की प्रविष्टियों की जांच की और उन्हें समयबद्ध व त्रुटिरहित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण, साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई तथा आमजन के साथ संवेदनशील और सौहार्दपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक असोहा को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, जनशिकायतों के त्वरित समाधान तथा शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तेज बहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी पुरवा भी उपस्थित रहे।

## श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का आज मनेगा 138वां जन्मोत्सव

उन्नाव। साक्षात्कार में अरूण कुमार वर्मा (सह प्रति ऋत्विक) ने बताया कि शुक्लागंज सत्संग केन्द्र के तत्वाधान में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र का 138वां जन्मोत्सव 11 जनवरी दिन रविवार को गौरव गेस्ट हाउस (बालाजी हास्पिटल के सामने राजधानी मार्ग, शुक्लागंज- उन्नाव) में प्रातः 06.30 से सायं 06.00 तक मनाया जायेगा। जिसमें विशाल सत्संग, सांस्कृतिक कार्यकम, मातृ सम्मेलन तथा भण्डारा होगा। साथ ही निशुल्क मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा।




जिसमें ईसीजी, शुगर व नाक, कान और गले की निःशुल्क जाँच तथा आवश्यतानुसार दवा का भी वितरण किया जायेगा। श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र कहते है कि सदगुरु के शरणापन्न हो जाओ, सतनाम मनन करो, और सत्संग का आश्रय ग्रहण करो, मै निश्चय कहता हूँ तुम्हे अपने उन्नयन के लिए अब और सोचना नहीं पड़ेगा। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उन्नाव सदर विधायक पंकज गुप्ता, अरूण पाठक (एमएलसी), पालिकाध्यक्षा कौमुदी पाण्डेय, सभासदगण तथा अन्य समाजसेवी आदि उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री निवास तिवारी, एम.के. अस्थाना, ए.बी.आले, हिरणयम्य चक्रवर्ती, डॉ0 सुनील कुमार श्री श्री ठाकुर अनुकूल के जीवन पर प्रकाश डालेंगे। दौरान अरूण कुमार वर्मा, शैलेश मिश्रा, डा० सुनील राय, नीलेश चन्द्रा, अरूण दीक्षित, अशोक सविता आदि उपस्थित रहें।

संक्षेप

## एडीएम ने किया धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण

**बांदा।** यूपीएसएस एजेंसी मंडी समिति धान क्रय केंद्रों का अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र ने निरीक्षण किया। उन्होने मंडी स्थित दो धान क्रय केंद्रों में पहुंचकर केंद्र प्रभारी संजय शर्मा को निर्देश दिए कि किसानों के धान की तौल का भुगतान किसी भी दशा में लंबित न रखा जाए। केंद्रों पर पर्याप्त बोरे की व्यवस्था की जाए तथा आने वाले हर किसान को नियमानुसार टोकन देकर तत्काल तौल कराई जाए। जिन किसानों की तौल हो चुकी है, उनकी क्रॉस चेकिंग करते हुए दो किसानों को फोन किया। मौके पर तौल कार्य चल रहा था। किसान भगवान दीन एवं अन्य किसानों से मंडी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। केंद्र प्रभारी संदीप कुमार भारती को सख्त निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, क्योंकि किसान देश के अन्नदाता हैं। इस दौरान केंद्र प्रभारी सहित खाद एवं विपणन अधिकारी रामानंद जैसवाल मौजूद रहे।

## किशोरी को लेकर युवक रफूचक्कर

**बांदा।** किशोरी को गांव का युवक लेकर रफूचक्कर हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कालिंजर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती 5 जनवरी को वह अपने भतीजे को देखने के लिए सतना मध्य प्रदेश गया था। इस दौरान उसकी दोनो बेटियां घर में अकेली थीं। आरोप लगाया कि उसी दिन लगभग शाम 5 बजे गांव का ही पिंटू कुशवाहा पुत्र खुन्नीलाल कुशवाहा उसकी 15 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों ने रिश्तेदारों व संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की लेकिन किशोरी का कोई सुराग नही लग सका। कालिंजर थाना प्रभारी सुखराम सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। मामले की जांच उप निरीक्षक सतीशचंद्र गौतम को सौंपी गयी है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## जेठ से शादी न करने पर विधवा का उत्पीड़न, रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** जेठ के साथ शादी करने से मना करने पर ससुरालीजनों की गाली-गलौज व मारपीट से आजिज महिला ने पुलिस को तहरीर देकर 7 लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। गिरवां थानाक्षेत्र की काजीपुर गांव निवासी विधवा महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ससुर, सास, जेठ, जेठानी, देवर व देवरानी लगातार उसका मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। यह लोग मेरी शादी जेठ के साथ कराना चाहते हैं। मना करने से नाराज ससुराल के लोग आए दिन गाली-गलौज कर धमकी देते हैं। पीड़ित ने कहा कि बीते 5 दिसम्बर की रात जेठ नशे की हालत में घर में घुस आया और मुह दबाकर छेड़खानी करने लगा और कहा कि मुझसे शादी कर लो। जब मैने शोर मचाया तो वह गाली बकता हुआ जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित का कहना है कि मायके से बड़े पापा व चाचा भी जबरन मेरी शादी जेठ से कराना चाहते हैं। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित विधवा की तहरीर पर बृजकिशोर, रवि, बबीता, छोटा, उदय कुमार, रेनू व रमाशंकर के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कटरा बाजार में सार्वजनिक शौचालय विधिवत हुआ संचालित

ललितपुर। शहर के प्रमुख बाजार कटरा बाजार में लम्बे समय से महिलाओं व पुरुषों को लघुशंका करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस परेशानी को समझते हुये नपाध्यक्ष सोनाली जैन द्वारा कटरा बाजार में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया है। इस सार्वजनिक शौचालय के निर्माण से यहां के दुकानदार, आने वाले लोगों को लाभ मिल सकेगा। इस सार्वजनिक शौचालय का आज विधिवत संचालन शुरू हो गया है। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि जिले भर के सुदूर ग्रामीण अंचलों से आने वाले ग्रामीणों, शहर क्षेत्र से आने वाले लोगों को लघुशंका व दीर्घ शंका से निजात पाने के लिए कटरा बाजार में संसाधन उपलब्ध नहीं थे। मशीनरी लाइन में एक पेशाबघर है, लेकिन संख्या में मात्र एक होने के चलते व्यस्त रहता था, जिस कारण लोग यहां-वहां लघुशंका करने के लिए बैठ जाते थे, जिससे लोगों को शर्मिंदगी उठानी पड़ती थी, लेकिन अब सार्वजनिक शौचालय का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान अनेकों व्यापारी एवं आमलोग मौजूद रहे।

# भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स का समापन

जिला संवाददाता (वीओएल)



**बिजनौर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओ के स्काउट्स/गाइड्स का पांच दिवसीय स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स का डायट प्राचार्य महावीर सिंह के निर्देशन में सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान इस्माईलपुर तहसील चांदपुर में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओ के स्काउट्स/गाइड्स के 05 जनवरी 2026 से प्रारंभ हुए पांच दिवसीय स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स प्रशिक्षण में 121 स्काउट/गाइड ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षुओ को स्काउट/गाइड की मूल भावना, उद्देश्य ,सिद्धांत, नियम, प्रतिज्ञा तथा अन्य गतिविधियों से परिचित कराना था कोर्स के दौरान प्रतिभागियों को अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व कौशल, टीमवर्क, प्राथमिक उपचार, शारीरिक प्रशिक्सन एवं नैतिक मूल्यों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में अशोक कुमार लीडर ऑफ द कोर्स (स्काउट) एवं रितु रानी लीडर ऑफ द कोर्से (गाइड) द्वारा कोर्स के विभिन्न सत्रों को सरल एवं रुचिपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से विस्तृत रूप से समझाया गया। स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स के दौरान सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त ब्रिजेश कुमार ने विधिपूर्वक औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कोर्स के प्रतिभागियों को शिविर के महत्त्व और शिविर सम्बन्धी विभिन्न जानकारी प्रदान की तथा शिविर की व्यवस्था की सराहना की। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को स्कार्फ भी वितरित किये कोर्स के अंतिम दिवस पर सभी प्रतिभागी टीमो ने वेज तम्बू निर्माण एवं बिना बर्तन के भोजन बनाया। अंत में आयोजित कैंप फिरे कार्यक्रम में सभी टोलियों द्वारा विभिन्न शिक्षा प्रद एवं मनोरंजक गीत ,नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गए जिन्होंने सभी का मैन मोह लिया। स्काउट/गाइड के कर्यक्रम को अनुशासित एव गुणवत्ता पूर्ण बनाने में प्रमोद कुमार प्रभारी का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर डायट प्रवक्ता प्रमोद कुमार, मेघा शर्मा, मुकेश कुमार, जयदीप, कुलदीप त्यागी, निशा रानी, वसीम अहमद, राकेश भारती, अम्बरीश यादव, हिमांशु आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



जिला संवाददाता (वीओएल)

**स्योहारा, बिजनौर।** नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले के मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश किया जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज गया है। स्योहारा थाना पुलिस के अनुसार बीती 08 जनवरी को पीड़िता के परिजन द्वारा थाना स्योहारा में दी गई तहरीर में आरोप था कि अभियुक्त सितार उर्फ सत्तार ने नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर परिजनों के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने बीते दिन मुखबिर की सूचना पर आरोपी सितार उर्फ सत्तार पुत्र मुश्ताक, निवासी मोहल्ला मुस्लिम चैधरियान थाना स्योहारा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश किया जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# सड़क चौड़ीकरण को लेकर व्यापारी लामबंद, करेंगे विरोध



**बांदा।** बबेरू कस्बे के मुख्य चौराहे के चौड़ीकरण व सुन्दरीकरण को लेकर मिली नोटिस के बाद व्यापारियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। व्यापारियों के नाराजगी को देखते हुए भाजपा और सपा भी व्यापारियों के बीच पहुंच गयी। भाजपा ने कहा कि सरकार बसाने का काम कर रही है, बेघर करने का नही। सपा का कहना है कि व्यापारियों की दुकानों पर बुल्डोजर नही चलने दिया जाएगा, भले ही प्रदर्शन करना पड़े। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष के के महंत की अगुवाई में अनिश्चितकालीन दुकानें बंद करने की घोषणा के बाद व्यापारी सड़क पर निकल आए और कस्बे के मुख्य मार्गों पर समर्थन जुटाने के लिए सैकड़ों की तादाद में चैराहे पर एकत्र हो गये। जानकारी मिलने पर सपा के पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल, किरण यादव, विधायक विशम्भर यादव, भाजपा चेयरमैन विवेकानंद गुप्त व अजय सिंह पटेल वहां पहुंचे। विवेकानंद गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के साथ ही रोजगार देने का काम कर रही है। किसी को बेघर करने का काम नही करेगी। भरोसा दिलाया कि किसी भी हालत में व्यापारियों को बेघर नही होने दिया जाएगा। शिवशंकर सिंह पटेल ने कहा कि एसडीएम बबेरू को आवास बनाकर बबेरू में लोगों की समस्याएं सुननी चाहिए न कि जिला मुख्यालय में रहकर। उन्होने कहा कि यदि व्यापारियों के मकानों के ऊपर बुल्डोजर चलेगा तो आखरी दम तक लड़ाई लड़ूंगा। विधायक विशम्भर सिंह यादव ने कहा कि हम लोग कंधे से कंधा मिलाकर व्यापारियों के साथ आंदोलन में खड़े रहेंगे। किसी कीमत में व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस दौरान व्यापार संगठन के जिला प्रभारी श्रीराम गुप्त, अजय पटेल, महेश सोनी, राकेश अग्रहरि, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव मौजूद रहे। एसडीएम अवनीश त्यागी ने कहा कि व्यापारियों के साथ जिला स्तरीय अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

# लखनऊ चलो लखनऊ चलो बुन्देलखण्ड प्रभारी प्रान्तीय अध्यक्ष कैलाश निषाद

**ललितपुर।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के प्रान्तीय अध्यक्ष कैलाश निषाद ने पीडब्ल्युडी रेस्ट हाऊस में सभी विंग के अध्यक्ष निषाद पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ मीटिंग की सन्देश देते हुए बताया कि सभी लोग बूथ लेविल पर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। अधिक से अधिक संख्या में 13 जनवरी लखनऊ चलों लखनऊ चलों का सन्देश सभी कार्यकताओं को दिया।

जिसमें निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष महेश रैकवार हरपुरा, वरिष्ठ जिला महासचिव मुकेश रैकवार, संगठन अध्यक्ष काशीराम रैकवार, विधानसभा अध्यक्ष हरगोविंद रैकवार, महरौनी युवा मोर्चा अध्यक्ष पीयूष रैकवार, नगर अध्यक्ष विनोद रैकवार, ब्लॉक अध्यक्ष शिवराज रैकवार, सचिव सुनील रैकवार, जगदीश केवट, नगर मीडिया प्रभारी पूजा रैकवार, झांसी अरूण निषाद, चित्रकूट अनीता रैकवार, तालपुरा झांसी भीकम रैकवार, अमित कशयप, रितिक रैकवार, भकतू निषाद, सुरेन्द्र रैकवार, रमेश, कमलेश, राजेश, दशरथ, धनवीर सैकड़ों की संख्या में निषाद पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## महिला समेत पुत्री को पीटने का आरोप

ललितपुर। घर में अकेली महिला के साथ दबंगों ने गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं बचाने आयी उसकी पुत्री के साथ भी मारपीट करते हुये उसे घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला सदनशाह नई तहसील के पीछे रहने वाली अमीना पत्नी जाविद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 जनवरी को शाम करीब 4 बजे वह अपने घर पर थी। तभी सदनशाह निवासी लकी पुत्र फीरोज, सलमान पुत्र नवाब व पप्पू नाम के युवक उसके घर एकराय होकर आये और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। चीख-पुकार सुनकर उसका पुत्र अजमेरी, पुत्री शबनम आयी तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे उसकी पुत्री के मुंह में चोट लगी। इसके बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। आरोप है कि उसका पुत्र अजमेरी इसके पहले उक्त लकी की 5 वर्षीय पुत्री को छोड ? उसके घर गया हुआ था, जहां उक्त लोगों ने गालियां दीं और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं, जिसके चलते आये दिन उसके साथ गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# गरीब मजदूरों और महिलाओं के लिए जी राम जी योजना अधिक लाभकारी: प्रभारी मंत्री



जिला संवाददाता (वीओएल)

**बिजनौर।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास/प्रभारी मंत्री बिजनौर कपिल देव अग्रवाल ने पत्रकार बंधुओं से वार्ता कर जी राम जी योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कहा कि अब ग्रामीणों को 100 के स्थान पर 125 दिनों की गारंटी ग्राम सभा तय करेगी।

शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास/प्रभारी मंत्री बिजनौर कपिल देव अग्रवाल ने पत्रकार बंधुओं को जी राम जी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा। विकसित भारत की जी राम जी योजना गरीब मजदूरों, महिलाओं, किसानों तथा बेरोजगारों को लाभ पहुंचाने के लिए पूर्व योजना को संशोधित करके अधिक लाभकारी बनाई गई है, जिसमें 100 दिन के स्थान पर अब 125 दिन की गारंटी दी गई है तथा 7 दिन में भुगतान दिया जाना भी अनिवार्य किया गया है।

प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 को ग्रामीण भारत के लिए ऐतिहासिक और कांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि संसद द्वारा हाल ही में पारित यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों की आजीविका को मजबूत आधार देगा।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डीसी मनरेगा आरबी यादव, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, उप जिलाधिकारी (सदर) रितु चैधरी सहित जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार बंधु मौजूद थे।

# हिंदी हमारी संस्कृति, पहचान और आत्मा की अभिव्यक्ति : डॉ. सौरभ

जिला संवाददाता (वीओएल)

**ललितपुर।** विश्व हिन्दी दिवस के शुभावसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ डॉ. सौरभ यादव प्रबंध निदेशक, पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज पनारी ललितपुर, डॉ. महेश कुमार झा प्राचार्य, डॉ. विनोद यादव

● विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

फामेर्सी प्राचार्य, असिस्टेंट प्रोफेसर रामलाल रायकवार उपप्राचार्य एवं असिस्टेंट प्रोफेसर गंगाराम विश्वकर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि डायरेक्टर डॉ. सौरभ यादव ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और हमारी आत्मा की अभिव्यक्ति है। यह भाषा करोड़ों लोगों को जोड़ने वाली सेतु है। हिंदी ने हमें सोचने, समझने और अपनी भावनाओं को सहज रूप से व्यक्त करने की शक्ति दी है।हमें दैनिक जीवन, शिक्षा और कार्यक्षेत्र में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का संकल्प लेना चाहिए। अन्य भाषाओं का सम्मान करते हुए हिंदी को गौरवपूर्ण स्थान दिलाना समय की आवश्यकता है। इसी संकल्प के साथ हिंदी दिवस मनाना तभी सार्थक होगा।डॉ. विनोद यादव ने कहा कि आज हम यहाँ विश्व हिंदी दिवस के पावन अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह दिवस प्रतिवर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1975 में नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हुआ था, जिसकी स्मृति में यह दिन विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

उपप्राचार्य असिस्टेंट प्रोफेसर रामलाल रायकवार ने कहा कि हिंदी की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सरलता, मधुरता और वैज्ञानिकता है। यह भाषा ज्ञान, विज्ञान, साहित्य, प्रशासन, मीडिया और तकनीक के क्षेत्र में निरंतर समृद्ध हो रही है। आज डिजिटल युग में हिंदी इंटरनेट, सोशल मीडिया, मोबाइल ऐप्स और ई-शिक्षा का भी सशक्त माध्यम बन चुकी है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा ने कहा कि निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता का सशक्त माध्यम है। हिंदी ने हमें भावनात्मक, बौद्धिक और सामाजिक रूप से जोड़ने का कार्य किया है।

वैश्वीकरण और तकनीकी युग में हिंदी की उपयोगिता और स्वीकार्यता निरंतर बढ़ रही है। हिंदी का संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व है। संगोष्ठी का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर गंगाराम विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** थाना जाखलौन पुलिस ने क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धारओं में वांछित अभियुक्त छोटे राजा उर्फ भज्जू अहिरवार पुत्र इमरत उम्र 22 वर्ष नि0ग्राम पिपरिया वंशा थाना जाखलौन जनपद ललितपुर को गिरफ्तार किया है।

## डामरीकरण कार्य का हुआ लोकार्पण




**ललितपुर।** राजघाट रोड में पिसनारी तिराहा से बस स्टैण्ड की ओर डामरीकरण कार्य, वार्ड नं. 2 व 6 में पुल निर्माण एवं एप्रोच मार्ग निर्माण का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। स्थानीय सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि लम्बे समय से इस सड़क का जीर्णोद्धार न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती थी, चूंकि शहर को राजघाट मार्ग से जोड ? वाली यह मुख्य सड़क है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों व वाहनों का आना जाना यहां से होता है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि नगर पालिका ने शहर में अनेक सड़कें डलवाई जा रही है, जिसमें नपाध्यक्ष, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा एवं समस्त वार्ड पार्षद मिलकर सहयोग कर रहे है। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर में विकास के लिए अनेक कार्य कराये जा रहे है, जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों में सड़कें डलवाई जा रही है, उन्होंने कहा कि पिसनारी तिराहे से लेकर राजघाट रोड़ तक जीर्णशीर्ण पड़े होने के चलते राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसका जीर्णोद्धार के लिए टैण्डर प्रक्रिया पास कराते हुए शिलान्यास किया गया है। इस दौरान राज्यमंत्री मनोहरलाल के अलावा नपा कर्मी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक, शीघ्र पूरा करायें काम



**बांदा।** जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्राथमिक विद्यालयों में बाउंड्री एवं दिव्यांग शौंचालयों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अवशेष विद्यालयों में इस काम को माह जनवरी के अंत तक प्रत्येक दशा में कराए जाने के निर्देश खंड शिक्षाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने जिन प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर हाई टेंशन लाइन के तार निकले हुए हैं उन्हें हटाए जाने के लिए विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को जनवरी के आखिर तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने विद्यालयों की प्राथमिक शिक्षा समिति के तहत कार्य कराए जाने के बारे में खंड विकास अधिकारियों व खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति की निगरानी कर विद्यालयों में जो कार्य अधूरे हैं उन्हे शीध्र पूर्ण कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षाधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा का स्वाभिमान पर्व, वामदेव मंदिर में रुद्राभिषेक



**बांदा।** सोमनाथ मंदिर में आक्रमण के एक सौ वर्ष पूरा होने पर भाजपा ने जिले में स्वाभिमान पर्व मनाया। शिवालयों में पूजा-पाठ व हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित किये गए। शहर के बॉम्बेश्वर पर्वत की गुफा में स्थापित शिवलिंग की मूर्ति में रुद्राभिषेक किया गया साथ ही अपने इतिहास, आस्था और आत्मसम्मान को स्मरण करते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। शुभारम्भ बामदेव मंदिर के शिवलिंग में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण शिवमय हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान, आस्था और पुनर्जागरण का प्रतीक है जिसने बार-बार टूटकर भी उठना सिखाया। यह हजार वर्षों की आस्था और पुनरिनिर्माण की विरासत है। इसी प्रकार पहाड़ की चोटी पर स्थित मंदिर, छोटी बाजार झंडा चैराहा स्थित शिव मंदिर, बन्योटा स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित कर सभी लोगों ने मंदिर व मूर्ति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, पालिकाध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, ममता मिश्रा, जागृति वर्मा, संतू गुप्ता, राजेश गुप्ता रज्जन, शशि धुरिया, धीरेन्द्र सिंह धीरू, प्रेम स्वरुप द्विवेदी, रामकृष्ण शुक्ला, इंद्रजीत राजपूत, दिनेश शुक्ला, राजेश सेन व शनि धुरिया मौजूद रहे।

## नशेड़ी पिता ने मासूम का गला दबाकर यमुना में फेंका

**बांदा।** शराबी पिता ने ननिहाल में रह रही पत्नी के साथ सो रहे मासूम की गला दबाकर उसे यमुना नदी में फेंक दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। पैलानी थाना क्षेत्र के पचकौरी गांव में बीती 5 जनवरी की रात राजेन्द्र पुत्र छोटका निवासी धनवन डेरा थाना ललौली फतेहपुर अपनी ससुराल बोट के जरिए यमुना नदी पार कर एक किलोमीटर दूर 11 बजे ससुराल आया। इस दौरान राजेन्द्र की पत्नी शारदा, नाना रामफल व नानी शांति छप्पर के नीचे सोये हुए थे। रात 11 बजे चुपचाप पहुंचे राजेन्द्र बच्चे को उठाकर ले गया। जैसे ही उसकी मां को जानकारी हुई, उसने शोर मचाया और परिजनों के साथ बच्चे को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन दोनो नही मिले। शारदा के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और बच्चे के मामा, दिलीप, हिमांशु, संदीप व अन्य लोग धनवन डेरा गये। परिजनों को देखते ही आरोपी भागने लगा और जंगल में घुसकर बैठ गया। उसके मामा ने ढूंढ कर पकड़ लिया और बोट के माध्यम से उसको घर लेकर आए और पुलिस को सुपुर्द कर दिया। मामा दिलीप ने बताया कि आरोपी घटना के बाद रात भर बोट पर नदी में ही सोता रहा। पुलिस ने स्थानीय गोताखोर शिवशंकर दिलीप, विनोद व जयसुख को लेकर ढूंढने का प्रयास किया लेकिन लाश बरामद नही हुई। दिलीप ने बताया कि बहन की शादी 5 वर्ष पहले हुई थी जिसके दो बच्ची रानी व शिवानी तथा एक लड़का हुआ था। बच्चियां इलाज के अभाव में मर गयीं। आरोपी नशेड़ी था, कोई काम नही करता था। इसी के चलते बहन को घर ले आए थे लेकिन उसने बच्चे की भी हत्या कर दी। आरोप लगाया कि यदि पुलिस ने तत्परता दिखाई होती तो शायद बच्चे की लाश मिल जाती।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत स्कूली, यात्री बसों के विरुद्ध चलाया गया सघन चेकिंग अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, जनपद ललितपुर मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत यातायात पुलिस द्वारा पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज में स्कूली वाहनों बसों, मैजिक का, फिटनेस, बीमा, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट एड बॉक्स, फायर इंस्टीगशर वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि को चेक किया गया। साथ ही वाहन चालकों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, स्कूली बसों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा फायर गैस किट और पर्याप्त मात्रा में फर्स्ट एडबॉक्स लेकर चलने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं इसी क्रम में यात्री बसों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान बसों के परमिट, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा दस्तावेजों के साथ-साथ फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंगुइशर आदि सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की गई तथा चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया । चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 07 बसों के चालान किए गए।

## एआरटीओ ने वाहन चालकों को किया जागरूक



**महोबा।** उप संभागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर ने 10 जनवरी 26 को झलकारी बाई तिराहे पर यातायात पुलिस के साथ संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से संबंधित पंपलेट का वितरण भी किया गया। 60 वाहनों के चालक हेलमेट, सीट बेल्ट एवं ड्राइविंग लाइसेंस के बिना वाहन चलाते पाये गये, जिस पर सभी का चालान किया गया तथा 4 वाहनों को सीज कर सदर कोतवाली में खड़ा किया गया। इस दौरान उप संभागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर के साथ यातायात प्रभारी सुनील सिंह व यातायात पुलिस मौजूद रही।

संक्षेप

## युवक की हत्या के दोषी को उम्रकैद

बलिया। स्थानीय अदालत ने एक युवक की हत्या करके लाश घर में एक गड्ढे में दफनाने की कोशिश के मामले में एक व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश रामकृपाल ने धर्मेंद्र गुप्ता को हत्या का दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि अदालत ने उस पर 11 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील के अनुसार, 30 मई 2021 को गुप्ता अपने दोस्त जितेंद्र साहनी को कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर नयी बस्ती में स्थित अपने घर ले गया और उसकी हत्या कर दी। बाद में उसने घर में गड्ढा खोदकर शव को दफनाने की कोशिश की। जितेंद्र के भाई ओमप्रकाश की शिकायत पर पुलिस ने गुप्ता के खिलाफ हत्या और बंधक बनाने का मामला दर्ज किया। जांच के बाद पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत दूसरा घायल

कुशीनगर। जिले में एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। घटना शुक्रवार रात करीब आठ बजे तरयासुजान थाना क्षेत्र में बहादुरपुर पुलिस चौकी के पास हुई। पड़ोसी राज्य बिहार के गोपालगंज जिले के नरहवा शुक्ला गांव निवासी मुन्ना साह (40) अपने साथी महेश चौहान (32) के साथ कुशीनगर जिले के सेलमगढ़ बाजार से घर लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर बहादुरपुर चौकी पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तमकुही राज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मुन्ना साह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल महेश चौहान को प्राथमिक उपचार के बाद कुशीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## छत से गिरकर युवक की मौत

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गांव आकमपुर में छत पर काम कर रहे अखिलेश प्रजापति छत से नीचे आ गिरे जिससे अखिलेश गंभीर घायल हो गए। अस्पताल में डॉक्टर ने घायल को मृत घोषित कर दिया। आकमपुर निवासी अखिलेश कुमार प्रजापति पुत्र मेवालाल उम्र 35 वर्ष शनिवार दोपहर अपने घर की छत पर काम कर रहे थे अचानक पैर फिसल जाने से दरवाजे नीचे आ गिरे। परिजन गंभीर हालत में 100 बेड हॉस्पिटल लाए जहां डॉक्टरों ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि मृतक के भाई निखिलेश की सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है। मृतक के तीन पुत्रियां स्वाती 12 वर्ष, सोन्या 10 वर्ष तथा दीपाली 4 वर्ष है। घटना के बाद पत्नी रीतिका का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के भाई प्रकाश चंद और निखिलेश है।

# एसपी ने किया पिंक बूथ का उद्घाटन

## थाने का किया निरीक्षण, असहायों के बीच बांटे कंबल



जिला संवाददाता(vol)

बीजपुर/सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार वर्मा ने शनिवार को बीजपुर थाने का मुआयना कर, गरीब असहायों में कम्बल का वितरण किया तथा बीजपुर बाजार के श्रीराम चैक पर महिला पिंक बूथ का उद्घाटन किया।

पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान थाने के कार्यालय, बंदी गृह और परिसर की स्वच्छता व व्यवस्थाओं को परखा। बीजपुर थाने में पहली बार पहुंचने पर उनके सम्मान में जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनरर्स देकर सलामी दी गई। निरीक्षण के दौरान आयोजित श्थाना दिवसश्र पर एसपी ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कड़ाके की ठंड को देखते हुए एसपी ने ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण भी किया। उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है और किसी भी समस्या की स्थिति में वे बिना किसी हिचकिचाहट के थाने आ सकते हैं। इस दौरान रेणुकूट-बीजपुर सड़क मार्ग की बदहाली पर ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए एसपी ने चिंता व्यक्त की।

उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुख्य मार्ग की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण के लिए शासन को आधिकारिक पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा ताकि आम जनमानस को आवागमन में हो रही दिक्कतों से राहत मिल सके। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए एसपी ने बीजपुर बाजार में श्रीराम चैक पर नवनिर्मित महिला सहायता पिंक बूथ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा महिलाओं अब अपनी समस्याओं को साझा करने के लिए बेझिझक पिंक बूथ पर आ सकती हैं। यह बूथ महिलाओं की सुरक्षा और उनकी मदद के लिए समर्पित है जहाँ उनकी बातों को संवेदनशीलता से सुना जाएगा। कार्यक्रम के शुरूआत में क्षेत्राधिकारी सीओ दुद्धी राजेश कुमार राय ने पुलिस अधीक्षक को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया।

मिशन शक्ति के तहत डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर की बारहवीं की छात्रा दीपाली केशरी, दसवीं की छात्रा शैलजा यादव, कीर्ति मिश्रा तथा एनसीसी कैडेट तन्वी तिवारी को पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्वेता ने किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बीजपुर नरेंद्र कुमार सिंह समेत थाने के समस्त स्टाफ सहित क्षेत्र के भारी संख्या में संभ्रांत नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## फर्जी हस्ताक्षर बनाने का आरोपी कानूनगो गिरफ्तार

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले के थाना नगर कोतवाली पुलिस ने तहसीदार के फर्जी हस्ताक्षर करके धोखाधड़ी करने के मामले में वांछित एक कानूनगो को ट्रेजरी चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। नगर क्षेत्र के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रशांत राज ने शनिवार को बताया कि सदर तहसीलदार अरविंद कुमार ने 10 मई 2023 को थाना नगर कोतवाली में तहरीर देकर उनके फर्जी हस्ताक्षर से अभिलेखों में हेरफेर करने का मामला पंजीकृत कराया था। एएसपी ने बताया कि पुलिस जांच के दौरान क्षेत्र के पश्चिमी सहोदरपुर निवासी तत्कालीन लेखपाल निर्भय यादव की संलिप्तता पाई गई, जो वर्तमान समय में जौनपुर में कानूनगो के पद पर कार्यरत है। लेखपाल ने एक व्यक्ति के पक्ष में जमीन करने के लिए यह धोखाधड़ी की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के ट्रेजरी चौराहे से आरोपी निर्भय यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर उसे जेल भेज दिया है।

## रामलीला में धनुष यज्ञ का मंचन



घोरावल/सोनभद्र। धर्म प्रचारक रामायण रामलीला मंडल द्वारा घोरावल नगर में आयोजित रामलीला में शुक्रवार रात्रि धनुष यज्ञ का मंचन किया गया राम, सीता, लक्ष्मण, जनक, विश्वामित्र की भूमिका निभा रहे पात्रों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला में परदा उठते ही राजा जनक का राजदरबार दिखाई पड़ता है। देश विदेश से आए राजाओं महाराजाओं का राजदरबार में आगमन होता है। भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के साथ ब्रह्मर्षि विश्वामित्र भी राजदरबार में पहुंचते हैं। राजा जनक सभी का स्वागत करते हैं और राजदरबार में घोषणा करते हैं कि यहां रखे शिवधनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने वाले राजा के साथ उनकी पुत्री सीता का स्वयंवर किया जाएगा। इसके बाद एक एक कर तमाम राजा महाराजा धनुष के पास जाते हैं लेकिन प्रत्यंचा चढ़ाना तो दूर कोई भी धनुष को हिला तक नहीं पाता है। इसी दौरान बाणासुर एवं रावण का बड़ा रोचक संवाद होता है, जिसके बाद दोनों वापस लौट जाते हैं। अंततः राजा जनक निराश होकर कहते हैं कि क्या धरती वीरों से खाली हो गई है। इस पर लक्ष्मण क्रोधित होकर कहते हैं कि रघुकुलवंशियों के होते उन्होंने ऐसी बात क्यों कही। इसके बाद गुरू विश्वामित्र की आज्ञा से श्रीराम धनुष को उठाकर उसकी प्रत्यंचा चढ़ाते हैं, लेकिन शिवधनुष खंडित होकर टूट जाता है। इस मौके पर घोरावल सुंदरम, अशोक अग्रहरि, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, संचालक दिनेश दुबे, अशोक अग्रहरि, संगम उमर, मनोज कुमार, महंत दिनेश सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने सुनीं समस्याएं, दिये निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

करमा/सोनभद्र। थाना समाधान दिवस पर शनिवार को मण्डलायुक्त, विंध्याचल मण्डल एवं पुलिस महानिरीक्षक रेंज मिर्जापुर आर.पी. सिंह द्वारा थाना करमा में उपस्थित होकर आमजन की समस्याएं सुनी गईं। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका गम्भीरतापूर्वक अवलोकन किया गया।

विशेष रूप से राजस्व सम्बन्धित शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण हेतु मण्डलायुक्त एवं आईजी रेंज मिजार्पुर द्वारा राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांच करने तथा नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों द्वारा उपस्थित फरियादियों को आश्वस्त किया गया कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण किया जाएगा तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के साथ थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# नेपाल से आये हाथियों ने मचाया उत्पात, फसलें बर्बाद की

जिला संवाददाता(vol)

पीलीभीत। पीलीभीत बाघ संरक्षित क्षेत्र (पीटीआर) से सटे गांवों में नेपाल के गौरी फंटा अभयारण्य से आए हाथियों के झुंड ने महुआ, गोयल कॉलोनी और सिरसा सरदाह सहित कई गांवों में सैकड़ों बीघा फसलें नष्ट कर दीं। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।

उन्होंने कहा कि गन्ना, गेहूं, धान, सरसों और मसूर की खड़ी फसलें हाथियों ने रौंदकर किसानों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। वन दरोगा अमित तिवारी और डिप्टी रेंजर शेर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि टीमें मशाल और पटाखों की मदद से हाथियों को भगाने का प्रयास कर रही हैं।

महुआ गांव के प्रभावित किसानों श्रीकृष्णा और प्रेम प्रकाश ने बताया के खेतों में सिंचाई के लिए लगे पंपसेट को हाथियों ने पलट दिया और करीब 50 मीटर तक घसीट ले गए। प्रेम प्रकाश ने बताया कि एक जनवरी से लगातार हाथी उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान गौरीशंकर ने कहा कि फसल बर्बाद होने से बच्चों की स्कूल फीस भरने तक की समस्या खड़ी हो गई है।

बरखेड़ा के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने स्पष्ट किया कि किसानों का नुकसान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वन विभाग की ओर से हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास जारी हैं। हाथियों से प्रभावित किसानों में जगन्नाथ, रमनदीप सिंह, कुलविंदर कौर, हल्द्वारी लाल, लाल बहादुर समेत दर्जनों किसान शामिल हैं। सभी किसानों ने सरकार और प्रशासन से जल्द मुआवजा दिलाने और हाथियों के आतंक से स्थायी राहत प्रदान करने की मांग की है। बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद ने इस प्रकरण पर प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) भरत कुमार से फोन पर बात कर प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने और किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाने को कहा है।

## महिला ऑटो चालक की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

झांसी। जिले में पहली महिला ऑटो चालक के तौर पर मशहूर अनीता चौधरी की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। नगर पुलिस अधीक्षक प्रीति सिंह ने पिछले सोमवार को कहा था कि चार और पांच जनवरी की दरमियानी रात पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला ऑटो रिक्शा चालक की ऑटो रिक्शा पलटने से स्टेशन रोड पर मौत हो गई है। मृतक की पहचान अनीता चौधरी (35) के रूप में हुई। हालांकि, सोमवार देर शाम अनीता के पति द्वारका चौधरी ने शक के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में, पोस्टमॉर्टम जांच में जब यह पुष्टि हो गयी कि महिला की गोली मारकर हत्या की गई थी, तो प्रेम नगर इलाके के रहने वाले 37 साल के मुकेश झा, उसके बेटे और साले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, महिला के परिवार वालों की शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया और उनमें से दो को देर शाम हिरासत में ले लिया गया, जबकि मुख्य आरोपी फरार था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की सूचना देने वाले को 25,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। इस मामले में मुख्य आरोपी के बेटे शिवम (18) और उसके साले मनोज (35) को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पुलिस ने फरार मुख्य आरोपी मुकेश की गिरफ्तारी पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात एक सूचना के आधार पर जब पुलिस ने मुख्य आरोपी मुकेश झा को गिरफ्तार करने पहुंची तो वह भागने की कोशिश करने लगा और उसने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी गोलीबारी में मुकेश घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि उसने अनीता की हत्या इसलिए की क्योंकि उसे प्यार में धोखा मिला था। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। इलाके की पहली ऑटो चालक बनने पर 13 दिसंबर 2021 को तत्कालीन पुलिस उपमहानिरीक्षक जोगेंद्र सिंह ने अनीता चौधरी को सम्मानित भी किया था। इसके अलावा झांसी की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं सहित पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने भी उन्हें सम्मानित किया था।

# गीजर से लीक हुई गैस, दम घुटने से बच्चे की मौत

बदायूं। बदायूं जिले के कोतवाली सदर क्षेत्र के एक मोहल्ले में शुक्रवार को गीजर से संदिग्ध रूप से गैस लीक होने के कारण दम घुटने से चार साल के एक बच्चे की मौत हो गई और उसके 11 साल वर्षीय भाई को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस के मुताबिक, शहर के मोहल्ला शहवाजपुर में बरेली रोड पर राय साहब की धर्मशाला के बाहरी इलाके में मोहम्मद सलीम का कारखाना है और वह अपने परिवार के साथ उसके ऊपर रहता है। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे उसके बेटे अयान (11) और रयान (चार) स्नानगृह में नहाने गए थे जिसमें गैस गीजर लगा है। दोनों ने नहाने के लिए दरवाजा बंद कर लिया और जब काफी देर तक बच्चे बाहर नहीं निकले तो सलीम की पत्नी रुखसार ने दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। इसके बाद रुखसार चीखने लगी तो सलीम भी वहां आ गया और शोर सुनकर अन्य लोग भी एकत्र हो गए। लोगों ने मिलकर दरवाजे को तोड़ा तो अंदर दोनों बच्चे बेहोश मिले। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन रेयान ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया जबकि अयान की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बरेली ले जाया गया। कोतवाली सदर के प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि गैस गीजर से दम घुटने के कारण चार साल के बच्चे की मौत हो गई।

# टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता का आयोजन



रेणुसागर/सोनभद्र। हिंडालको रेणुसागर के यूनिट हेड आर. पी. सिंह के दिशा-निर्देशन में तथा हिंडालको रेणुसागर के तत्वावधान में अन्तर्विभागीय स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेड एचआर आशीष कुमार पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों में उत्साह और खेल भावना देखने को मिली।

प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय, टीम भावना एवं शारीरिक स्फूर्ति को बढ़ावा देना रहा। आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कालेज रेणुसागर के मैदान में आयोजित टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता प्रारम्भिक मैच सुरक्षा विभाग एवं सिविल विभाग के मध्य हुआ। टॉस जीतकर सुरक्षा विभाग ने प्राथमिक पाठशाला छोर से प्रारम्भ किया। सुरक्षा विभाग ने टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर सिविल विभाग को 2-0 से प्रतियोगिता जीत लिया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सुधाकर अन्नामलाई, आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह, कर्नल सुरेश नारायण, बृजेश बर्मा सहित भारी में अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित सक्सेना ने किया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका बीएल पाठक एवं ए के राय ने निभाई।

## पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर उपचार के बाद वापस लौटे देवरिया जेल

देवरिया। पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) से उपचार के बाद देवरिया जिला कारागार लौट आए हैं। उन्हें सीने में दर्द और हृदय संबंधी शिकायत के बाद गोरखपुर से एसजीपीजीआई भेजा गया था। जांच में कोई गंभीर समस्या नहीं पाई गई। ठाकुर ने जेल के चिकित्सकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। वह 10 दिसंबर से एक जमीन धोखाधड़ी मामले में जिला कारागार में बंद हैं। जेल प्रशासन देवरिया के अनुसार पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी अमिताभ ठाकुर लखनऊ से उपचार कराने के बाद शुक्रवार की रात सात बजे जिला कारागार देवरिया पहुंच गए। उन्हें लखनऊ से कड़ी सुरक्षा के बीच यहां जिला कारागार लाया गया। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। जेल के डॉक्टर ने मौके पर पहुंच उनका हाल जाना। जानकारी के अनुसार, छह जनवरी की रात अमिताभ ठाकुर को सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। इसके बाद जेल प्रशासन ने तत्काल कार्वाई करते हुए उन्हें देवरिया मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। बाद में उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर से एसजीपीजीआई लखनऊ उपचार के लिए भेजा गया था। अभिलेखों में कूटरचना कर जमीन लिखवाने के मामले में दर्ज मुकदमे में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर जिला कारागार में 10 दिसंबर से बंद हैं। वह औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी जमीन के एक पुराने धोखाधड़ी मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

# स्वैच्छिक रक्तदान देश व समाज के लिए अहम : अरुण कुमार

जिला संवाददाता




सोनभद्र। कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन प्रांगण में शुक्रवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन एवं उत्सव ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्वैक्षिक रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में 19 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे उत्सव ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी अरविंद सिंह के साथ मुख्य अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र एडवोकेट, विशिष्ट अतिथि महामंत्री अखिलेश कुमार पाण्डेय एडवोकेट, बार के पूर्व अध्यक्ष, महामंत्री आदि पदाधिकारीयों, सोनभद्र बार एसोसिएशन निर्वाचन सत्र 2026 - 27 के समस्त प्रत्याशियों सहित उपस्थित विद्वान अधिवक्ताओं, गणमान्य व्यक्तियों के साथ उत्सव ट्रस्ट रक्तदान विभाग के निदेशक डॉ अजय कुमार शर्मा, सह निदेशक कुंदन कुमार सिंह, विशेष दुबे, पंकज कनोडिया, ट्रस्टी आशीष कुमार पाठक आदि ने सर्व प्रथम सोनभद्र बार एसोसिएशन के प्रांगण में प्रतिष्ठित डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण कर तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा फीता काट कर सोनभद्र बार एसोसिएशन के अधिवक्ता विजय प्रकाश मालवीय एवं उत्सव ट्रस्ट के सह निदेशक अनिल कुमार शर्मा द्वारा सर्व प्रथम रक्तदान कर किया गया।

पहली बार रक्तदान करने वालों में श्रवण कुमार (मक्खन चाय वाले), आयुष केशरी एडवोकेट, किशन मेहता एडवोकेट के साथअनिल कुमार शर्मा, विजय प्रकाश मालवीय एडवोकेट, विशेष दुबे सह निदेशक उत्सव ट्रस्ट, पंकज कनोडिया एडवोकेट, द्वारिका नाथ नागर एडवोकेट, संजय कुमार पाण्डेय एडवोकेट, आसमा रब्बानी एडवोकेट, ललित सक्सेना एडवोकेट, शोभित श्रीवास्तव एडवोकेट, अमन तिवारी एडवोकेट, राजीव कुमार सिंह गौतम एडवोकेट, धनंजय शुक्ला एडवोकेट, कुशकान्त मौर्य एडवोकेट, कपिल कुमार एडवोकेट, उत्कर्ष दीक्षित एडवोकेट, अम्ब्रिश कुमार पाठक न्यायिक कर्मचारी जनपद न्यायालय सोनभद्र ने रक्तदान किया। श्याम किशोर मिश्रा एडवोकेट, राधेश्याम एडवोकेट, शालिनी चतुर्वेदी एडवोकेट एवं बृजेश पाण्डेय एडवोकेट ने रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन 23 रजिस्ट्रेशन में एक महिला अधिवक्ता आसमा रब्बानी सहित कुल 19 लोगों ने ही रक्तदान किया। मुख्य अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र ने स्वैच्छिक रक्तदान को देश व समाज के लिए बेहद जरूरी कार्य बताते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु उत्सव ट्रस्ट परिवार को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि महामंत्री अखिलेश कुमार पाण्डेय ने रक्तदान को महादान बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों को लगातार कराते रहने का संकल्प लिया।

संरक्षक उत्सव ट्रस्ट स्वामी अरविंद सिंह ने रक्तदान से स्वास्थ्य लाभों को बताते हुए 64 वर्ष की उम्र में भी रक्तदान करने एवं ट्रस्टी उत्सव ट्रस्ट आशीष कुमार पाठक एडवोकेट ने रक्तदान को जीवन को सार्थकता प्रदान करने वाला निःस्वार्थ सेवा कार्य बताया। रक्तदान शिविर में शुगर, हेमोग्लोबिन, वजन, बी०पी० आदि के जांच की सुविधा के साथ ही उपस्थित जन समुदाय के लिए चाय, काफी, फल, नास्ता आदि की भी व्यवस्था रही। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह, रक्तदानियों को प्रमाण पत्र आदि प्रदान कर भारत माता की जय, वंदे मातरम, अधिवक्ता एकता जिंदाबाद एवं रक्तदान महादान के उद्घोष के साथ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे महिला अधिवक्ताओं पूनम सिंह एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष सोनभद्र बार एसोसिएशन, आसमा रब्बानी एडवोकेट, गीता गौर एडवोकेट, सरिता सिंह एडवोकेट, सुशीला वर्मा एडवोकेट, पुष्पा तिग्गा एडवोकेट, शालिनी चतुर्वेदी एडवोकेट के साथ राजेश पाठक एडवोकेट, अतुल कुमार पटेल एडवोकेट, संजय कुमार पाण्डेय एडवोकेट, पंकज यादव एडवोकेट, धनंजय शुक्ला एडवोकेट, मुनिराज शाह एडवोकेट, पवन केशरी एडवोकेट, राकेश भारती एडवोकेट, रमेश कुमार पाल एडवोकेट, अविनाश त्रिपाठी एडवोकेट, धीरज पाण्डेय एडवोकेट आदि के साथ ब्लड बैंक के चिकित्साधिकारी डॉक्टर शुभम जैश, स्टाफ नर्स सरोज देवी, डॉक्टर रवींद्र प्रसाद काउंसलर, एलटी अभय कुमार व अखिलेश सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दिनेश केशरी व बी०सी०टी०वी० वैन चालक उमेश चैबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन उत्सव ट्रस्ट के रक्तदान विभाग के निदेशक डॉ अजय कुमार शर्मा ने किया।

# 2027 में सपा साफ हो जायेगी : केशव मौर्य

## उप मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को बताया भ्रष्टाचार की जननी

जिला संवाददाता(vol)

बरेली। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी करार देते हुए दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी तरह साफ हो जाएगी।

बरेली के सर्किट हाउस में मौर्य ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि 2027 में होने वाला विधानसभा चुनाव भाजपा के खाते में जाएगा और सपा पूरी तरह साफ हो जाएगी। बिहार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जातिवादी और परिवारवादी राजनीति करने वालों को जनता पसंद नहीं करती है।

मौर्य ने कहा कि सभी जानते हैं कि जब कांग्रेस की सरकार थी और राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे तो वह कहते थे कि जब हम संसद से एक रुपया भेजते हैं तो लाभार्थी तक जाते जाते 25 पैसे रह जाते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में भ्रष्टाचार खत्म हुआ। अब योजनाओं का पूरा पैसा लाभार्थियों के सीधे अकाउंट में पहुंचता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि न खाऊंगा न खाने दूंगा। उन्होंने केंद्र के नए कानून की सराहना करते हुए कहा कि विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी



मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) अधिनियम में अब कोई गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) काम नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम से जो योजना चल रही थी अब उसकी जगह वीबी जी राम जी को महीनेभर के अंदर जमीन पर लागू कर दिया जाएगा जिससे श्रमिकों को अधिक रोजगार मिलेगा और मजदूर को सात दिन के अंदर उसका भुगतान मिल जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा, टीएमसी इन सबको राम जी के नाम से नफरत है। राम जी का नाम सुनने से इनमें खलबली मच जाती है, पेट में दर्द होता है। उनकी पार्टी के विधायक प्रो. श्याम बिहारी का दो जनवरी को निधन हो गया था और आज वह उनके घर पर श्रद्धांजलि देने गए थे। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी के निधन से पूरा बरेली दुखी है और भगवान उनके समर्थकों को दुख सहने की शक्ति दे।

उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम से जो योजना श्रमिकों के विकास के लिए चल रही थी उसके तहत 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बाद भी गांव का विकास नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि पहले 100 दिन काम था, अब नई योजना मैं 125 दिन काम मिलेगा।

मौर्य ने कहा कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मिलने वाला निश्चित रोजगार 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है तथा कृषि कार्यों के लिए 60 दिन का काम आरक्षित किया गया है। इस प्रकार नया वीबी जी राम जी कानून 185 दिनों के काम की गारंटी देता है।

संक्षेप

## रेलवे स्टेशन व पीएम के बीच स्थापित होगा सुलभ शौचालय

**अयोध्या।** कैंट रेलवे स्टेशन एवं पोस्टमार्टम हाउस के बीच नगर निगम सुलभ शौचालय का निर्माण कराएगा। पार्षद दीप कुमार गुप्ता के प्रयास से रेलवे ने शौचालय निर्माण के लिए नगर निगम को भूमि उपलब्ध करा दी है, जिस पर निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। रेलवे स्टेशन से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक कोई भी टॉयलेट नहीं था। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं तथा पोस्टमार्टम आने वाले पीड़ित लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसे देखते हुए संत रविदास नगर वार्ड के पार्षद दीपकुमार ने रेलवे के अधिकारियों से वार्ता कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराई। इसके बाद महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने शौचालय निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति दिला दी। अब नगर निगम 8 सीटर शौचालय का निर्माण कर रहा है। जिसमें चार सीटें महिलाओं के लिए लगाई जाएंगी। इसके निर्माण पर नगर निगम आठ लाख रुपये खर्च करेगा। पार्षद दीप कुमार गुप्ता ने बताया कि रेलवे स्टेशन चैराहे से पोस्टमॉर्टम हाउस तक कोई सार्वजनिक पानी पीने की व्यवस्था नहीं थी। इसको देखते हुए नगर निगम से वॉटर कूलर भी लगवाया गया है।

# समय पर पूरी की जायें परियोजनाएं

## एडीए के उपाध्यक्ष अनुराग जैन ने कार्यदायी संस्थाओं को दिये आवश्यक निर्देश

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुराज जैन द्वारा प्राधिकरण सभागार में प्राधिकरण द्वारा कराये जा रहे परियोजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। उक्त समीक्षा बैठक में प्राधिकरण के सचिव, विशेष कार्याधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, वित्त एवं लेखाधिकारी, सहायक

- एडीए उपाध्यक्ष ने की प्राधिकरण द्वारा कराये जा रहे परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

अभियन्तागण, अवर अभियन्तागण, राइट्स लिमिटेड, कार्यदायी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। अयोध्या शहर में विभन्न स्थानों पर वर्षा ऋतु में जल भराव की समस्या रहती है जिसके निस्तारण हेतु प्राधिकरण द्वारा 05 नालो के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। उक्त नालों की समीक्षा की गयी। फतेहगंज सब्जी मण्डी से निकलकर चैदहकोसी परिकमा मार्ग पर पठान टोला तक जाने वाले नाले के निर्माण हेतु फतेहगंज सब्जीमण्डी से साहबगंज तक कच्चे नाले का विकास कार्य-प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण का कार्य। उपाध्यक्ष द्वारा उक्त नालों की कार्यदायी संस्था एक्मे को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि स्थल पर कार्य बहुत ही धीमी गति से किया जा रहा है और प्रगति संतोषजनक नहीं है। मैनपावर बढ़कार निर्माण कार्य को त्वरित गति से गुणवत्तापूर्वक करते हुए 31 मार्च, 2026 तक निर्माण कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें। यदि निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं होता है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह से कौशलपुरी फेज-1 एवं फेज-2, अवध विहार, ट्रांसपोर्ट नगर नाले के विकास का कार्य, जालपा नाले का विकास कार्य एवं तेलाई नाले का विकास कार्य कर रहे कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये गये कि निर्माण कार्य में प्रगति लाते हुए निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्वक कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। प्राधिकरण द्वारा विकसित अयोध्या शहर में कौशलपुरी आवासीय योजना फेज-1 एवं फेज-2 में स्थित विभिन्न सामुदायिक पार्को तथा साकेतपुरी आवासीय योजना



भाग-1 एवं भाग - 2 में स्थित विभिन्न सामुदायिक पार्को के सौन्दर्गीकरण का कार्य, तहसील सोहावल में स्थित सुरवारी झील के संरक्षण एवं जीर्णोद्वार का कार्य, अयोध्या शहर में स्थित 15 सड़कों एवं नालियों के निर्माण कार्य, फैजाबाद चैक क्षेत्र में स्थित मच्छरहट्टा पार्किंग का निर्माण कार्य, अयोध्या में स्थित पारम्परिक शवदाह स्थल पर जनसुविधाओं के विकास कार्य, अयोध्या में रामपथ के दोनो ओर अवशेष रिक्त भूमि के सैन्दर्गीकरण एवं विकास कार्य, अयोध्या में सरयू नदी में फ्लोटिंग पब्लिक बाथिंग कुण्ड का निर्माण कार्य, अयोध्या विकास प्राधिकरण एवं अयोध्या नगर निगम कार्यालय भवन का निर्माण कार्य, राज्य स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत जनपद अयोध्या के नगर निगम अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत नजूल भूमि पर यात्री निवास का निर्माण कार्य तथा प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही वशिष्ठ कुंज योजना फिरोजपुर उपरहार आवासीय योजना के विकास कार्यो की विस्तृत रूप से समीक्षा बैठक की गयी। उपाध्यक्ष द्वारा समीक्षा बैठक में कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि सभी कार्यदायी संस्थायें कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओ को निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के प्रथम आगमन पर स्वागत की तैयारी



**अयोध्या।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी के अयोध्या धाम में प्रथम आगमन को लेकर स्वागत की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप देने के लिए पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। अयोध्या की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप स्वागत की रूपरेखा तय की गई है। महानगर की सीमा सहादतगंज पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव की अगुवाई में स्वागत किया जाएगा। निषादराज चैराहे पर पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत शंखध्वनि और स्वस्तिवाचन के बीच किया जाएगा। इस अवसर पर 501 बटुक ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन किया जाएगा, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। इसके साथ ही मार्ग की दोनों पटरियों पर 501 मीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाकर प्रदेश अध्यक्ष के काफिले पर पुष्पवर्षा की जाएगी। बस स्टेशन स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के समक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय ह्यबादलह्न के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यहां अवधी लोकसंगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया जाएगा। स्वागत तैयारियों को लेकर महानगर के कई स्वागत स्थल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर ने महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि स्वागत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और सभी कार्यकताओं को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का अयोध्या आगमन संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। मौके पर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, हेमंत जायसवाल, रवि सोनकर, हरभजन गौड, अमल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में चला बाल श्रम, भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान



**बाराबंकी।** बेसहारा लोगों का चिंहान्कन एवं पुनर्वासन तथा बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत जनपद मे जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, संवाद संस्था की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं प्रमुख चैराहों पर रेस्क्यू आपरेशन चलाया। अभियान के दौरान होटल, ढाबा, मेडिकल स्टोर एवं अन्य दुकानों पर छापेमारी की गयी। तथा बाल श्रम करते हुए पाये जाने पर संचालकों के विरूद्व नियमानुसार कठोर कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गई। अभियान मे सदस्य, बाल कल्याण समिति, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, एएचटीयू प्रभारी, संरक्षण अधिकारी, प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, जिला समन्वयक आदि मौजूद रहे।

## अवैध अतिक्रमण हटाने केलिए टास्क फोर्स गठित



**बहराइच 10 जनवरी।** भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि एवं नो मेन्स लैन्ड पर अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. और नो मैन्स लैन्ड के बीच स्थित अवैध कब्जे को हटाये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा टास्क फोर्स गठन करते हुये अतिशीघ्र अवैध कब्जे हटाने एवं भारत-नेपाल सीमा के ज्वाइन्ट सर्वे हेतु सर्वे आफ इंडिया को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि टास्क फोर्स द्वारा की गयी कार्यवाही की समीक्षा हेतु प्रत्येक सप्ताह सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक भी की जाय इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच, कमॉडेन्ट 42वीं वाहिनी एस.एस.बी., कमॉडेन्ट 59वीं वाहिनी एस.एस.बी. नानपारा, उप जिलाधिकारी नानपारा, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मोतीपुर एवं सहायक भूलेख अधिकारी मौजूद रहें।

# छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली




जिला संवाददाता

**सतरिख, बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर सप्त दिवसीय कार्यक्रमों के अन्तर्गत जागरुकता रैली को प्रबंधक व शासी

- जनमानस को युवाओं के प्रति सोच बदलने, कर्तव्य निर्वहन के लिए किया प्रेरित

निकाय अध्यक्ष डॉ. सुजीत चतुर्वेदी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने युवा शक्ति-देश की प्रगति, जागो युवा-बदलो जमाना, विकास की राह-युवाओं के साथ, युवा जागो-राष्ट्र संभालो नारो के साथ जनमानस को युवाओं के प्रति सोच बदलने एवं युवाओं को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रेरित किया। इसके उपरान्त सेमिनार हॉल में डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने युवा भारत देश के निर्माण एवं विकास में सहभागिता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संयोजिका डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार गुप्ता सहित विधि परास्नातक, विधि स्नातक विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर रामलला को लगेगा खिचड़ी का भोग



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में मकर संक्रांति का पर्व इस वर्ष 15 जनवरी को पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला को विशेष रूप से खिचड़ी का भोग अर्पित किया जाएगा। साथ ही विशेष पूजन कर तिल, गुड़ और अन्य सात्विक पदार्थ भी अर्पित किए जाएंगे। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही पुण्यकाल का आरंभ माना जाता है। इसी कारण इस दिन स्नान, दान और पूजन का विशेष महत्व है। पंडित कौशल्यानंदन वर्धन बताते हैं कि मकर संक्रांति 14 जनवरी की रात 9:39 बजे ही लग रही है, लेकिन संक्रांति का पुण्यकाल सूर्योदय के बाद ही मान्य होगा। 15 जनवरी को सुबह से दोपहर एक बजकर 39 मिनट तक का समय पुण्य प्राप्ति के लिए ज्यादा लाभकारी होगा। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति सूर्य और शनिदेन से जुड़ा पर्व है। इसमें सूर्य शनिदेव के घर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। खिचड़ी शनिदेव को प्रिय है और यह नवग्रहों का प्रतीक मानी जाती है, जिससे ग्रह दोष शांत होते हैं। वहीं रामनगरी के मठ-मंदिरों में भी मकर संक्रांति को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हनुमानगढ़ी, कनकभवन, दशरथ महल समेत अन्य प्रमुख मंदिरों में भगवान को तिल और खिचड़ी का भोग अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालु सरयू स्नान के बाद दान-पुण्य कर भगवान के दर्शन करेंगे। इस दिन अन्न, तिल, वस्त्र और कंबल दान को विशेष फलदायी बताया गया है। रामनगरी में कई स्थानों पर खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया जाएगा। दशरथ महल, मणिराम दास की छावनी, श्रीराम बल्लभाकुंज, हनुमान बाग, सियाराम किला सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद बांटा जाएगा।

## बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे के एक युवक को एक तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शमशाद पुत्र मोहर्रम अली (उम्र 32 वर्ष), निवासी टेढियागली भीटी चैराहा से अपने घर लौट रहा था जब वह भूमिजा मार्केट के पास पहुँचा तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में शमशाद का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया तथा सिर में भी गंभीर चोटें आईं।

## रुपईडीहा में कड़ाके की सर्दी में समाजसेवी ने गरीब बच्चों को वितरित किए जैकेट और कोट



**रुपईडीहा बहराइच।** भारतझनेपाल सीमा से सटे नगर पंचायत रुपईडीहा में पड़ रही भीषण शीत लहर के बीच कस्बे के युवा व्यापारी एवं समाजसेवी रितेश अग्रवाल (45 वर्ष) ने एक सराहनीय पहल करते हुए गरीब छात्र-छात्राओं को ठंड से बचाव के लिए जैकेट एवं कोट वितरित किए। उल्लेखनीय है कि रुपईडीहा स्थित इमीग्रेशन चेकपोस्ट पर तैनात अधिकारी आशुतोष दुबे अपने निवास पर सैकड़ों निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बना चुके हैं। उन्हीं जरूरतमंद बच्चों के उत्साहवर्धन एवं ठंड से सुरक्षा के उद्देश्य से समाजसेवी रितेश अग्रवाल द्वारा प्रत्येक बच्चे को एक-एक जैकेट एवं कोट उपलब्ध कराया गया। जैकेट एवं कोट पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस पुनीत कार्य के लिए बच्चों के अभिभावकों ने रितेश अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं इस अवसर पर इमीग्रेशन अधिकारी एवं बच्चों के शिक्षक आशुतोष दुबे ने भी समाजसेवी रितेश अग्रवाल की इस उच्चस्तरीय सामाजिक सेवा की सराहना करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद दिया।

## निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर आयोजित



**बहराइच।** सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, रोगों की रोकथाम तथा पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कमांडेंट सशस्त्र सीमा बल की 70वीं वाहिनी राजन कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में ह्लएफह्न समवाय के ह्लग्राम अम्बाह्न में वृहद निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 125 पशुओं का अनुभवी पशु चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त 24 लाभार्थियों को आवश्यक पशु औषधियाँ एवं विटामिन आदि पूर्णतः निःशुल्क वितरित की गईं। इस शिविर में ग्राम अम्बा सहित आसपास के कुल 04 गाँवों के पशुपालकों ने अपने पशुओं का इलाज कराकर लाभ उठाया। ग्रामीणों ने सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित इस जनकल्याणकारी पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। कमान्डेन्ट राजन कुमार श्रीवास्तवने बताया कि पशु चिकित्सा शिविर के माध्यम से क्षेत्र के पशुपालकों को न केवल आर्थिक राहत मिली, बल्कि पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के प्रति जागरूकता भी बढ़ी। सशस्त्र सीमा बल समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास तथा आम जनमानस से सुदृढ़ संबंध स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। शिविर के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी, सुजौली डॉ. बिपिन बिहारी द्वारा पशुओं का परीक्षण एवं उपचार किया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक (सा.) भास्करानंद जोशी, मुख्य आरक्षी (पशु चिकित्सा) अजित सिंह सहित अन्य बलकर्मी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिविर के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बलकर्मियों द्वारा पशुपालकों को पशुओं की देखभाल, टीकाकरण, स्वच्छता एवं संतुलित आहार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी दी गईं।

# कोई भी पात्र मतदाता न छूटे, अपात्र मतदाता सूची में न रहेः जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




प्रशिक्षण में एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत अनमैप मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने एवं उनके निस्तारण की प्रक्रिया के

- एसआईआर अभियान 2026 के ईआरओ, एईआरओ तथा अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग 4.40 प्रतिशत (करीब 86,144) ऐसे मतदाता हैं, जो वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैप नहीं हो पाए हैं। इन सभी अनमैप मतदाताओं को सम्बन्धित बीएलओ के माध्यम से नोटिस तामील कराकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक कार्यविधि (एसओपी) के अनुसार निस्तारण किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य के लिए जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंपे गए हैं।

वे उनका निर्वहन पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में उप जिलानिर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व निरंकार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेनानी बिगुलर की आज मनायर जायेगी पुण्यतिथि

**अयोध्या।** अपने बिगुल के माध्यम से अंग्रेजों के खिलाफ आम जन में हुंकार भर देने वाले, देशभक्त स्वाधीनता सेनानी बाबू महावीर प्रसाद गुप्ता बिगुलर की पुण्यतिथि पर रविवार 11 जनवरी को अपराह्न 1:00 बजे कचहरी परिसर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में श्रद्धांजलि समारोह के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद के सचिव मनोज मेहरोत्रा ने बताया कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जब 1932 के कांग्रेस अधिवेशन में जब अयोध्या आए तो उन्होंने एक तांबे का बिगुल, प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी स्वर्गीय बिगुलर को देते हुए उन्हें कहा कि आज से आप बिगुलर के नाम से जाने जाएंगे और तभी से उनके नाम में या उपाधि सदैव के लिए उनके नाम से जुड़ गई, जो आज भी उनके वंशज अपने नाम के साथ लगाते हुए गौरव का अनुभव करते हैं। सेनानी बिगुलर जी के इस श्रद्धांजलि समारोह में जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों पत्रकारों एवं सामाजिक संगठनों के लोगों के साथ ही साथ आमजन को भीआमंत्रित किया गया है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की अध्यक्षता मे थाना सफदरगंज परिसर मे थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जंहा डी0एम आये हुये फरियादियो की समस्याएं को सुना। तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को अपने-

- भूमि विवादों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश
- दूरभाष से पूर्व के प्रार्थना पत्रो के निस्तारण का आवेदको से लिया फीड़बैक

अपने क्षेत्रान्तर्गत लंबित एवं प्रमुख भूमि विवादों को चिन्हित करते हुए आपसी समन्वय के साथ मौके पर जाकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पूर्व के थाना समाधान दिवस मे प्राप्त प्रार्थना पत्रो का अधिकारी द्वारा निस्तारण आख्या का अवलोकन कर दूरभाष के माध्यम से आवेदकों से संवाद कर फीडबैक लिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों से फार्मर रजिस्ट्री तथा डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए निर्देशित किया। इस दौरान तहसीलदार नवाबगंज भूपेंद्र विक्रम सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना सफदरगंज सहित अन्य संबंधित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रवर्तन टीम की कार्यवाही तेज

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन विभाग द्वारा 8 से 14 जनवरी तक शुरू किये गये विशेष चेकिंग आपरेशन के अन्तर्गत मानको का उल्लंघन करने वालो वाहनों के खिलाफ कार्यवाही तेज कर दी है।

इस दौरान प्रवर्तन टीम द्वारा नो फ्यूल नो हेलमेट, सीटबेल्ट, रागसाइड़, रेटो रिफ्लेक्टर टेप, एचएसआरपी का उल्लंघन मिलने पर 21 चालान व 2 ओवरलोड़ वाहनो को थानो मे निरुद्ध करते हुये लगभग 2 लाख रुपये जुर्माना

- ओवरलोड को बंद कराने के लिए घंटों तक एक से दूसरे थाने के प्रवर्तन दल ने लगाये चक्कर
- 21 चालान व 2 ओवरलोड को थानों में निरुद्ध कर लगाया 2 लाख का जुर्माना

किया गया। आज शनिवार को यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने दर्जनो पेट्रोल पम्प पर नो हेलमेट नो फ्यूल के तहत दो पहिया वाहन चालको को जागरुक किया। तथा पम्प संचालको को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। तो वही पूर्वांचल एक्सप्रेस पर क्षमता से अधिक माल लदा मिले वाहन संख्या आर0जे 05 जीडी 0052 को चालान कर सीज किया। वाहन को सीज कराने के लिये पीटीओ श्री



त्यागी को कई घंटो तक एक से दूसरे थाने मे चक्कर भी लगाने पडे। उच्च अधिकारियो से सम्पर्क के बाद वाहन को नवीन बस अड्डा मे बंद किया गया।

# सनातन परंपरा की रक्षा से ही होगी विश्व शांतिः कृष्ण कुमार

**बहराइच।** शनिवार को बहराइच जनपद के महसी खंड के मंडल मसाडीह के बाबा बिहारी दास हनुमान मंदिर प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर तिवारी ने की व

- राष्ट्र चेतना का भाव आने वाली पीढ़ियों में जागृत करना होगा
- हर हिंदू को धर्म योद्धा की भूमिका निभानी होगी

संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह टीकाराम ने किया मुख्य अतिथि के रूप में मायाराम शास्त्री, हनुमान प्रसाद व मुख्य वक्त के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार जी रहे उन्होंने हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंच से हिंदू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज हिंदू समाज को जातियों में बांटने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि एक हजार वर्षों के शासन में भी विधर्मी ताकतें हिंदुओं को तोड़ नहीं पाई, इसलिए अब राजनीतिक दल जाति के नाम पर खड़े किए जा रहे हैं उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि सनातन परंपरा की रक्षा से ही विश्व शांति संभव है। लव जिहाद और धर्मांतरण पर उन्होंने ह्यलव जिहादह्न की कथित बढ़ती घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह अब सीमांचल क्षेत्रों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि भारत नेपाल सीमा से लगे हुए सीमावर्ती गांव समेत लगभग हर जिले में ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं उन्होंने लोगों से दो संकल्प लेने का आह्वान किया अपने आसपास ह्यलव जिहादह्न की घटनाओं को रोकना




मत्तांतरण रोकते हुए भटके लोगों को फिर से हिंदू समाज से जोड़ना उन्होंने कहा कि इसके लिए हर व्यक्ति को ह्लधर्म योद्धाह्न की भूमिका निभानी होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में शशिकांत त्रिपाठी, बांकेलाल, प्रवीण सिंह, पंकज कुमार शुक्ला, ललित तिवारी, राजेश द्विवेदी, अविनाश, राजन सहित की संख्या में स्वयंसेवक बंधु व स्थानीय निवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यलय पर बैठक आयोजित



**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे के अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जितेंन्द्र सिंह रहे। मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जी के अवध क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा से स्वागत की तैयारी बैठक हुई बैठक में बताया गया कि जनपद बहराइच के सभी विधानसभा के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ता ब्लॉक प्रमुख के द्वारा जनपद बाराबंकी के कोटवा धाम मार्ग के लखनऊ अयोध्या हाइवे पर स्वागत करना निश्चित किया गया है। स्वागत के पश्चात सभी विधानसभा के जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता ब्लॉक प्रमुखों को अयोध्या धाम जाकर श्री राम लला का दर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा, तथा प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा अयोध्या में ही एक बैठक अपेक्षित कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुषमा चौधरी, सूवेद वर्मा उमाशंकर तिवारी, महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, नन्हेंलाल लोधी जिला मंत्री, हेमा निगम सुनील श्रीवास्तव, डॉक्टर डिंपल जैन, रामनिवास जायसवाल, संजय राव राजन सिंह, देवेंद्र कुमार मिश्रा, अमित शर्मा गौरव वर्मा शिव सागर गौतम संजय जयसवाल शिवांकर शुक्ला मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा जिला संयोजिका सोनी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## 6 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

अमेठी। एसपी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित वारण्टी के धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में शनिवार को थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 07/13 धारा 2/3(1) गैंगेस्टर अधि0 से संबन्धित 05 वारण्टी अभियुक्त .विकास वर्मा पुत्र अयोध्या प्रसाद वर्मा नि0 ग्राम छोटे गंज बाबा की बगिया थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़, गंगाराम पुत्र अमर नाथ शर्मा, अनीता पत्नी गंगाराम शर्मा, मनीषा पत्नी राजबहादुर निवासीगण तहेलियापुर मजरे राजापुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी, .अशोक कुमार पुत्र रामसूरत नि0 ग्राम मड़ौली थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार वाद संख्या 5773/23 धारा 323,504,325 भादवि से संबन्धित वारण्टी अभियुक्त राधेश्याम पुत्र प्रताप नरायण दूबे नि0 ग्राम पूरे घीसा कनू थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 38 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## दूषित पेयजल आपूर्ति से बढ़ी लोगों की चिंता

महराजगंज, रायबरेली। नगर पंचायत महराजगंज के पैगम्बर नगर वार्ड व आर्य नगर वार्ड में इन दिनों दूषित पेयजल आपूर्ति ने नगरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। सप्लाई के पानी में गंदगी के साथ-साथ कीड़े निकलने की शिकायत सामने आने के बाद लोगों में हड़कंप मच गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है और जनस्वास्थ्य पर बड़ा खतरा मंडराने लगा है। पैगम्बर नगर वार्ड निवासी रेशमा बानो, शुभम व सभासद पति अलीम कुरैशी समेत कई नागरिकों का कहना है करीब बीस दिनों से सप्लाई में आने वाला पानी पीने योग्य नही है। मजबूरी में लोग बदबूदार पानी का उपयोग करने को विवश हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। कई परिवारों ने पानी उबालकर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है, जबकि कुछ लोग बाहर से पानी लाने को मजबूर हैं। अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने बताया कि पाइप लाइन लीकेज की वजह से दूषित पानी आने की सूचना मिली है। दसों वार्डों व चार नलकूपों सहित कुल चैदह जगह के नमूने वाटर टेस्टिंग के लिए भेजे गए है। समस्या को देखते हुए कार्य भी किया जा रहा है। जल्द ही समस्या का निराकरण कराया जाएगा।

## कांग्रेस कार्यालय में हुआ कंबल वितरण

लालगंज, रायबरेली। भीषण ठंड में जरूरतमंदों के लिए ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय लालगंज में कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस के जिला कोषाध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता और लालगंज नगर पंचायत की अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने भीषण ठंड में जरूरतमंदों को कंबल प्रदान कर सराहनीय कार्य किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने बताया कि कंबल जनपद के सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा भेजे गए थे जिन्हें गरीबों के मध्य वितरण किया गया है। जिला कोषाध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सदैव गरीबों और मजदूरों की सहायता करने में अग्रसर भूमिका निभाती है। जाड़ा पढ़ते ही गरीबों को कंबल प्रदान किया गयाहै। इस मौके पर कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने रामचंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर कंबल बांटे



रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने क्षेत्र के ग्राम सनही में स्व रामचन्द्र सिंह की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर एक भावपूर्ण कम्बल वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों को सर्दी से राहत पहुंचाना और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक सरोकारों को मजबूत करना था।

कार्यक्रम के दौरान विधायक अदिति सिंह ने स्व. रामचन्द्र सिंह को गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें भावपूर्ण ढंग से याद किया। उन्होंने कहा कि स्व. रामचन्द्र सिंह का जीवन सेवा, समर्पण और सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित था, और उनकी पुण्यतिथि पर ऐसे आयोजन उनके आदर्शों को जीवित रखने का एक सुंदर माध्यम हैं।

इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों, सम्मानित नागरिकों और कार्यकर्ताओं से विधायक जी ने आत्मीय संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और क्षेत्र के विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कम्बल वितरण के माध्यम से सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को शीत लहर से बचाव के लिए गर्माहट प्रदान की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश गया। यह कार्यक्रम सेवा, संवेदना और सामाजिक एकता की भावना को और सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। विधायक अदिति सिंह का यह प्रयास एक बार फिर दशार्ता है कि वे न केवल राजनीतिक नेता हैं, बल्कि जनता की सच्ची सहयोगी और संवेदनशील जनप्रतिनिधि भी हैं, जो हर अवसर पर अपने क्षेत्रवासियों के साथ खड़ी रहती हैं।

## इलाज के नाम पर लिखवा ली छः बिस्वा जमीन

रायबरेली। तुम हमें जमीन दो हम तुम्हें उपचार देंगे, बिगड़ गया मामला तो रुपयों से संभाल लेंगे। यह कहना है शहर के बरगद चैराहा स्थित न्यू सुविधा एंड ट्रामा सेंटर के संचालक का। जिले का स्वास्थ्य विभाग पान की दुकान जैसा लाइसेंस बांटकर प्राइवेट अस्पताल नर्सिंग होम आदि खोलवा दिया। यह प्राइवेट अस्पताल अभी तक गलत उपचार करके लोगों की जिंदगियां निगल रहे थे लेकिन अब यह उपचार की आड़ में गरीबों की महंगी जमीनें कम पैसों में हड़पने लगे हैं। यानी यह अस्पताल गरीब परिवारों का शोषण कर रहे हैं। एक ऐसा ही मामला शहर के बरगद चैराहा स्थित न्यू सुविधा एंड ट्रामा सेंटर का प्रकाश में आया है। अस्पताल के खिलाफ मरीज को एंबुलेंस में लादकर परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे हालांकि छुट्टी होने के चलते पुलिस के अधिकारी परिजनों को नहीं मिले लेकिन सूचना पर चैकी प्रभारी सिविल लाइन सहित पुलिस बल एसपी दफ्तर पहुंच गई और पुलिस परिजनों को उसके आरोपित अस्पताल लेकर पहुंच गए उसके बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। मुल्हिमाऊ निवासनी नीलम ने बताया कि उसके गांव का चंदन युवक ने सुविधा अस्पताल में उसके पति को भर्ती कराया था अस्पताल के डॉक्टर संदीप ने पांच लाख रुपए ले लिया फिर आपरेशन लखनऊ में ले जाकर करवा दिया। पूरा पेट फाड़ दिया तकलीफ बढ़ने पर फिर अस्पताल लेकर आए तो फिर लखनऊ भेज दिया अब दवा नहीं कर रहे हैं जबकि उपचार के नाम पर 6 विस्वा जमीन भी लिखवा लिया। अब देखना यह है कि इस मामले मे पुलिस किस नतीजे पर पहुंचती है जांच या फिर रसूख और पैसों के आगे सब शून्य होकर रह जाता है।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के शहर स्थित नारायणपुर में स्व. अवध नारायण सिंह स्मारक वॉलीबॉल टूनामेंट में आयोजक चंदन नारायण सिंह भाजयुमो अध्यक्ष युवा मोर्चा की अगुआई में बक्सर बिहार, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, गाजीपुर, आजमगढ़, बाराबंकी और सुलतानपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन गाजीपुर और अयोध्या के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर वैभव सिंह राष्ट्रीय महामंत्री भाजयुमो विशिष्ट अतिथि राजेश विक्रम सिंह ब्लॉक प्रमुख ने मौजूद रहकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। दिनभर चले मैच में बक्सर बाराबंकी डीवीए सुलतानपुर वाराणसी सुलतानपुर आजमगढ़ ने जगह बनाई, जहां बक्सर बिहार की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। तीन सेट के मैच में बिहार ने बाराबंकी को 2-1 से हराया डीवीए सुलतानपुर ने अयोध्या को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# जिला पंचायत निधि से सीसी रोड का हुआ शुभारंभ



तिलोई-अमेठी। विकास क्षेत्र के ग्राम लोधवरिया में जिला पंचायत निधि से अरियावाँ रोड से जयपाल वर्मा के घर तक बन रहे सीसी रोड का विधिपूर्वक भूमि पूजन कर भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी ने शुभारंभ किया। जर्जर खड़ंजा मार्ग पर सीसी रोड निर्माण होने पर ग्रामीणों का आवागमन अत्यंत सुगम होगा। शनिवार को तिलोई क्षेत्र के जिला पंचायत वार्ड संख्या पंद्रह से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार तिवारी के अथक प्रयासों से ग्राम लोधवरिया में जिला पंचायत अमेठी निधि से अरियावाँ रोड से जयपाल वर्मा के घर तक लगभग एक सौ पचास मीटर जर्जर खंडजे पर सीसी रोड निर्माण का भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया। काफी समय से बदहाल हो चुके इस मार्ग पर ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सीसी रोड का कार्य प्रारंभ होने से स्थानीय लोंगो में खुशी का माहौल है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार तिवारी ने कहा कि आगे भी जनहित में तमाम विकास कार्य जिला पंचायत अमेठी से कराए जायेंगे। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पांडेय, रमेश पांडेय, प्रधान प्रतिनिधि राजामऊ बादल सिंह, अखिलेश तिवारी, राजा पाठक, भानू पाठक, विकास तिवारी, भारत मिश्रा आदि तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।

## नशे में कार चालक ने ट्रक में मारी टक्कर

अमेठी। फैजाबाद, बार्डर पर शुक्रवार को करीब 11:40 बजे किलोमीटर संख्या 71.7 पर एक सड़क दुर्घटना हो गई। बलेनो कार चालक अनुरुद्ध यादव पुत्र हरकेश यादव, निवासी 120 उ/1 लाल बंगला, देवनपुर कानपुर (थाना रामादेवी, जनपद कानपुर) अपनी कार चला रहा था। बताया जा रहा है कि चालक काफी नशे की हालत में था, जिसके कारण आगे चल रहे ट्रक की लाइन में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि राहत की बात यह रही कि चालक को कोई चोट नहीं आई। कार में चालक के अलावा कोई अन्य सवारी मौजूद नहीं थी। सूचना मिलने पर मौके पर बृजपाल कनोजिया अपनी टीम के साथ पहुंचे। कारदाई संस्था की सहायता से हाइड्रा मंगवाकर क्षतिग्रस्त वाहन को टोल प्लाजा उचगांव शुकुल बाजार अमेठी पहुंचाया गया। मौके पर सेफ्टी कोन लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। घटना के बाद यातायात को नियंत्रित कर लिया गया और फिलहाल सड़क पर आवागमन सुचारु रूप से जारी है।

## वीबी जी राम जी योजना विकसित भारत की बनेगी आधारशिला : ओपी राजभर

सुलतानपुर (वीओएल)। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को सिविल लाइन स्थित डाक बंगला में ह्वविकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबी जी राम जी योजना)ह्व को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने योजना की विशेषताओं को विस्तार से बताया। प्रभारी मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि जी राम जी कानून-2025 पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने इसे विकसित भारत की आधारशिला बताते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी देकर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगी। उन्होंने बताया कि पहले जहां 100 दिनों का कार्य प्रावधान था, उसे बढ़ाकर 125 दिन किया गया है, साथ ही खेती एवं अन्य संबंधित कार्यों के लिए 60 दिन आरक्षित किए गए हैं। इस प्रकार यह योजना कुल 185 दिनों के रोजगार की गारंटी देती है। ओपी राजभर ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत मजदूरी का भुगतान 7 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा, और यदि भुगतान में देरी होती है तो लाभार्थियों को ब्याज सहित राशि दी जाएगी। उन्होंने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पर बिना तथ्यों के जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने पंचायत चुनाव को लेकर स्पष्ट किया कि चुनाव निर्धारित समय पर ही कराए जाएंगे। कोडीन प्रकरण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ है और अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक सीताराम वर्मा, विनोद सिंह, राज प्रसाद उपाध्याय, राजेश गौतम, सुभासपा जिलाध्यक्ष विनीत सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक ने शिवालयों पर पूजन अर्चन के साथ प्रसाद का कराया वितरण



- सोमनाथ मंदिर के 1000 वर्ष पूरे होने पर कूरेभार में हुआ धार्मिक कार्यक्रम

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। सोमनाथ मंदिर के 1000 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे कूरेभार कस्बे में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने इन आयोजनों का नेतृत्व किया। इस अवसर पर विधायक उपाध्याय ने कूरेभार के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर स्थित शिवालय मेंविधि-विधान से जलाभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने कूरेभार जूनियर हाई स्कूल के समीप स्थित शिवालय में भी जलाभिषेक कर आरती उतारी और प्रसाद वितरित कराया। विधायक ने इस दौरान क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, आस्था और अखंडता का प्रतीक है। इसके 1000 वर्ष पूर्ण होने का यह पर्व हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और सामाजिक एकता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आमजन से आपसी सौहार्द, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कूरेभार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह, संतराम शुक्ला, मीरामानिकपुर प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष राज मणि मोर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप पांडये, अंजनी तिवारी, रुद्र प्रताप सिंह, कूरेभार प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार, रामजी सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। जलाभिषेक और आरती के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र में धार्मिक चेतना और सामाजिक एकजुटता बढ़ाने वाला बताया।

## मनरेगा का नाम बदलने से शुरू हुआ सियासी संग्राम

रायबरेली। राकेश सचान ने जिला पंचायत सभागार में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 की विशेषताओं के सम्बन्ध में जानकारी साझा की। प्रभारी मंत्री ने बताया कि मनरेगा में जो खामियां थीं उनको दूर कर वीबी-जी राम जी योजना लायी गयी है। यह योजना एक आपूर्ति आधारित मॉडल है, जिसमें रोजगार पूर्व-अनुमोदित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से प्रदान किया जाएगा और इसका बजट निर्धारित होगा। इस योजना में 125 दिन प्रति ग्रामीण परिवार प्रति वर्ष अनुमन्य है जो मनरेगा में 100 दिन ही थी। कृषि कार्य के दौरान इस बिल में पहली बार बुवाई और कटाई के चरम कृषि मौसम के दौरान 60 दिनों तक कार्य बंद रहेंगे, ताकि खेतों में मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इस योजना की देखरेख एक नवगठित केन्द्रीय व राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद द्वारा की जायेंगी। पहले मनरेगा श्रमिकों के भुगतान में काफी दिक्कतें होती थी अब




भुगतान एक सप्ताह में करना होगा। यदि भुगतान एक सप्ताह में नही होता है तो ब्याज सहित भुगतान कराना होगा, इसके साथ ही यदि रोजगार नही दे पा रहे है तो बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रविधान है। वीबी-जी राम जी में ग्रामीण अवसंरचना के कार्यों को प्राथमिकता से कराने का प्राविधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करने का अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि जब गांव विकसित होगा तभी जनपद विकसित होगा। जब जनपद विकसित होगा तब प्रदेश विकसित होगा। प्रदेश विकसित होगा तो देश विकसित होगा इस लिए गांवों को विकसित करना आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, जिला अध्यक्ष अपना दल कुंवर सतेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा



रायबरेली। प्रभारी मंत्री व मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सर्वे में यह सुनिश्चित कराया जायें कि कोई पात्र लाभार्थी का नाम सर्वे में न छूटें। निराक्षित गोवंश की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि अभी भी सड़कों पर निराश्रित गोवंश घूमते हुए दिखाई पड़ते है तो यह सुनिश्चित कराया जाये कि शतप्रतिशत निराश्रित गोवंशों को आश्रित कराया जायें, इसके लिये आवश्यकतानुसार गोवंश आश्रय स्थल का निर्माण कराया जायें। गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत लोगों को प्रेरित कर अधिक से अधिक गोवंशों की सुपुर्दगी करायें। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में निर्देश दिये कि कार्य में तेजी लाते हुए शतप्रतिशत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जायें। किसानों को सिंचाई हेतु नहरों में टेल तक पानी पहुंचाया जाए, जिससे किसानों को फसल सिंचाई में कोई दिक्कत न हो, किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत आपूर्ति भी रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित करायी जायें। धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को कोई असुविधा न हो इसकी समुचित व्यवस्था करायी जायें। किसानों को क्रय केन्द्रों में आसानी से सुगमता के साथ विक्रय करने में सहूलियत मिलें। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों की मरम्मत कार्यों की जांच करवाकर ही कार्यदायी संस्था को भुगतान किया जायें, कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक न होने पर कार्यदायी संस्था का भुगतान न किया जाये तथा उसके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायें। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष के शेष बचे दिनों में सभी विभाग अपने लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करायें। बैठक के पूर्व प्रभारी मंत्री ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत दर्जी ट्रेड के 10 लाभार्थी स्वाति, शैलू सोनकर, अनामिका शुक्ला, दरक्शा, रेनू, शीबा फातिमा, तेजस्वी सिंह, अनीता वर्मा, श्रद्धा बाजपेयी एवं नेहा को टूल किट वितरित किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष रंजना चौधरी, सलोन विधायक अशोक कुमार, डीएम हर्षिता माथुर, एसपी डॉ0 यशवीर सिंह, सीडीओ अंजूलता, डीएफओ प्रखर मिश्रा, एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, एडीएम (वि0/रा0) अमृता सिंह, एडीएम (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, सीएमओ डॉ0 नवीन चन्द्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कवि गोष्ठी व सम्मान समारोह संपन्न

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। विश्व हिंदी संस्थान के अवसर पर साहित्य संवर्धन संस्थान जसरा प्रयागराज के तत्वावधान में बच्चों की प्यारी बगिया बाल त्रैमासिक पत्रिका के सौजन्य से बहु उद्देश्यीय बाल विकास कार्यशाला का आयोजन आरगएवीडी स्पेक्ट्रम एकेडमी मूंगर जयसिंहपुर सुलतानपुर के प्रांगण में किया गया, जिसकी अध्यक्षता कवियत्री सुनीता श्रीवास्तव मुख्य अतिथि शिक्षक साहित्यकार अनिल कुमार वर्मा मधुर विशिष्ट अतिथि के रूप राज बहादुर राना मंचासीन रहे। कुशल संचालन कवि रोहित राय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरवस्ती की पूजा-अर्चना से हुई।वाणी वंदना सहायक अध्यापिका सिंह आर्या वर्मा श्रेया मिश्रा ने किया। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और पुष्प पत्र से किया गया तो स्कूल की छात्राएं सोनाक्षी सिंह और आर्या वर्मा ने स्वागत गीत गाया। काव्यपाठ की श्रृंखला में बृजेश वर्मा ने -नया साल है।

## मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान : केएल शर्मा




रायबरेली। मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर सांसद अमेठी के.एल.षर्मा ने कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना न सिर्फ राष्ट्रपिता का अपमान है, बल्कि देष से गांधीवादी विचारधारा की भी हत्या का प्रयास है। आर.एस.एस. का एजेण्डा ही महात्मा गांधी जी का नाम देष के इतिहास से मिटाना है, मनरेगा में बदलाव मजदूरों और गरीबों के साथ अन्याय व उनके अधिकारों का हनन है। सांसद षर्मा ने कहा कि कोरोना काल में जब पूरा देष बंदी की मार झेल रहा था तब मनरेगा ही ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब-मजदूरों के जीवन यापन का सहारा था, मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं गरीब-मजदूरों का अधिकार है। केन्द्र सरकार ने मनरेगा के बजट में अपनी 90 प्रतिषत की हिस्सेदारी को समाप्त कर 60 प्रतिषत कर दिया है, ऐसे में जब राज्य सरकारें अपने हिस्से का 10 प्रतिषत नहीं दे पा रही थी, वह अब 40 प्रतिषत कैसे देगी, केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाल कर अपना पीछा छुड़ा रही है। उमेष बहादुर सिंह जिला कोऑर्डिनेटर मनरेगा बचाओं संग्राम ने कहा कि जमीनी स्तर पर भाजपा के सत्ता में आने के बाद से ही मनरेगा पर संकट मंडरा रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब, मजदूरों पर एक बार फिर पलायन की मजबूरी आ सकती है। जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने मनरेगा बचाओ संग्राम में आम जनता को तैयार रहने की अपील की और बड़े संघर्ष की बात कहीं।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ मनाई गयी। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान छात्रा वर्तिका सिंह ने विद्यार्थियों को शास्त्री जी के व्यक्तित्व पर जानकारी देते हुए बताया कि भारतवर्ष के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन संघर्षपूर्ण किन्तु सादगी और ईमानदारी से परिपूर्ण रहा, उन्होंने राष्ट्रहित के लिए कई ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण निर्णय लिए। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उनकी एक आवाज पर पूरे देश ने उपवास रख लिया, इसी दौरान उन्होंने ह्यजय जवान, जय किसानह्य जैसा नारा दिया जो कि आज भी देश के जवानों और किसानों को नई ऊर्जा व दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम का समापन शास्त्री जी के विचारों को आत्मसात करने तथा एक जिम्मेदार, ईमानदार और राष्ट्रसेवी नागरिक बनने के संकल्प के साथ हुआ। वहीं न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में आजाद भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शास्त्री जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनको नमन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक प्रदीप शर्मा ने शास्त्री जी के जीवन से सम्बन्धित प्रेरक जानकारियों से बच्चों को अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, अजय सिंह, शुभी सिंह, कामरान, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गौरीगंज में एनीमिया मुक्त अभियान का आयोजन



गौरीगंज, अमेठी। किशोरियां व गर्भवती महिलाये एनीमिया से पीड़ित है इसी चुनौतियों को देखते हुए सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ, एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी सम्बद्ध मेरा युवा भारत अमेठी एवं सहायक ट्रस्ट मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ग्राम दरपीपुर विकास खंड गौरीगंज अमेठी में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीतू यादव सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने शुभारम्भ किया।

इस अभियान में नीतू यादव ने कहा कि अध्ययन में सामने आया कि करीब 31 फीसदी गर्भवती महिलाएं जिले में अनीमिया की शिकार पाई गईं। इन गर्भवतियों में हिमोग्लोबिन का स्तर सात डेसी लीटर से भी कम मिला है। श्री मती रंजना श्रीवास्तव आशा बहू ने कहा कि सरकार हर माह 9, 16, 24 तारीख को सरकारी अस्पतालों में जांच शिविर लगाती है। सामान्य महिला के शरीर में 12 ग्राम प्रति डेसी लीटर रक्त होना चाहिए। इंजी० लालमणि कश्यप सदस्य जिला युवा कार्यक्रम परामर्श दात्री समिति एवं संस्थापक साहस ने कहा कि 89 फीसदी किशोरियां एनीमिया से देश भर में पीड़ित हैं। तंबाकू ,गुटखा ,शराब लोहे के अवशोषण को रोकता है। अंकुरित दाने,सहजन और लोहे की कड़ाही खाना पकाने के लिए प्रयोग करे।

उन्होंने कहा कि पीड़ित किशोरियों/ गर्भवतियों में थकान, चक्कर, सांस लेने में दिक्कत, चेहरा पीला पड़ना, सिर दर्द, दिल की धड़कन तेज होने के साथ भूख न लगना, कम वजन का और समय से पहले बच्चे का जन्म, चिड़चिड़ापन, बार-बार बीमार पड़ना और मानसिक एकाग्रता की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मास्टर ट्रेनर श्री चन्दर पाल यादव ने कहा कि 0 से 59 महीने के 2 बच्चों में से 1 बच्चा एनीमिया से पीड़ित है। 15 से 59 उम्र के 2 महिलाओ में से 1 महिला एनीमिया से पीड़ित है। जैविक पोषण वाटिका बनाने की विधि, बीजामृत और जीवामृत तैयार करने की विधि और फायदे पर विस्तार से चर्चा की। इस बीमारी से बचना है तो संतुलित आहार करे और जंक फूड से बचे। संतुलित आहार में लौह, प्रोटीन, विटामिन सी, हरी सब्जियों, चुकंदर, गाजर का प्रयोग करें। दिन में 6 से 7 ग्लास पानी पीजिए।

इस अवसर पर कलावती, संतोष कुमारी, रेनू, लक्ष्मी, सुनीता सहित 25 से अधिक बच्चियों उपथित रही।

संक्षेप

## अवैध चाकू सहित युवक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** खैरगढ़ कलूपुरा मार्ग पर बंबा की पुलिया के समीप थाना खैरगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को पकड़ा। थाना खैरगढ़ पुलिस खैरगढ़ कलूपुरा मार्ग पर चेकिंग के दौरान बंबा पुलिया के समीप पहुंची तभी संदिग्ध व्यक्ति दिखा जिसे कब्जे में लेकर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सूरज पुत्र भानु प्रताप निवासी ग्राम साखनी थाना खैरगढ़ बताया तलाशी में उसके पास से अवैध रूप से रखे हुए चाकू बरामद हुआ। सूरज के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है।

## सिटी केयर हॉस्पिटल में वरिष्ठ हड्डीरोग विशेषज्ञों की सेवाएं शुरू

**मथुरा।** देश के जाने माने प्रतिष्ठित अस्पतालों में अपनी स्वास्थ्य सेवाएं दे चुके वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. (ले.क.) मनोज कुमार और वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट) डॉ. अश्विनी पाठक अब सिटी केयर हॉस्पिटल में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक अपनी सेवायें दे रहे हैं। इससे पूर्व डॉ. मनोज एएमसी (आर्मी) हॉस्पिटल में 14 साल अपनी सेवायें दे चुके हैं। इसके साथ ही मैक्स हॉस्पिटल और आकाश हेल्थकेयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, द्वारिका दिल्ली भी अपनी सेवायें दे चुके हैं। अब मथुरा में ब्रजवासियों की सेवा के लिए डॉ. मनोज सिटी केयर हॉस्पिटल का हिस्सा बने है। डॉ. मनोज ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं ऑर्थोस्कोपी के क्षेत्र में 5000 से अधिक सर्जरी कर चुके हैं।इस अवसर पर सिटी केयर हॉस्पिटल के ऑर्थो, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, स्पोर्ट्स इंजरी एंड ऑर्थोस्कोपी स्पेशलिस्ट डॉ. (लेफ्टिनेंट कर्नल) मनोज कुमार और डॉ. ए.के. पाठक ने कहा कि सभी प्रकार के हड्डी रोग का सर्वश्रेष्ठ इलाज अब सिटी केयर हॉस्पिटल में उपलब्ध है। जैसे, घुटना जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी, कूल्हा जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी, ऑर्थोस्कोपी (की-होल लिगामेंट सर्जरी), ट्रौमा एंड स्पोर्ट्स इंजरी आदि सभी हड्डी एवं जोड़ रोग का इलाज सिटी केयर हॉस्पिटल में उपलब्ध है। इस अवसर पर सिटी केयर हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि सिटी केयर हॉस्पिटल नेशनल हाइवे 19 पर टाउनशिप चौराहा के निकट स्थित है और यहाँ ट्रौमा, एक्सीडेंट में बहुत मरीज ऐसे आते हैं जिनको कोहनी का फ्रेक्चर, घुटने का फ्रेक्चर, कूल्हे का फ्रेक्चर या शरीर की कई हड्डियाँ टूटने की समस्या होती है, ऐसे मरीजों के बेहतरीन इलाज के लिए डॉ.(ले.क.) मनोज कुमार और डॉ. ए.के. पाठक मील का पत्थर साबित होंगे।

## ब्रजभूमि में नॉनवेज खाने की डिलेवरी पर रोक की मांग

**मथुरा।** जिस प्रकार अयोध्या में नॉनवेज खाने की डिलीवरी पर सरकार के द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया है, अब ब्रजभूमि में भी ये मांग होने लगी है ,आज श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य हिंदू पक्षकार दिनेश फलाहारी महाराज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मांग की है कि ब्रिज भूमि में भगवान श्री कृष्ण ने महारास किया था ,यहां पर गोपियों के साथ मांखन चोरी लीला की है ,ऐसे दिव्य और पवित्र स्थान पर नॉनवेज खाने की डिलीवरी पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की मांग की है,उन्होंने पत्र में लिखा है कि यहां पर मांस बिक्री पर भी रोक लगा दीजिए,जिससे ब्रजभूमि की संस्कृति और धर्म को पवित्र बनाए रखा जा सकता है।

# प्रभुपाद का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोतः मोहन भागवत

## परिषदीय विद्यालय के बच्चों को वितरित किया मध्याह्न भोजन प्रसाद



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** वृंदावन चंद्रोदय मंदिर में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ प्रमुख मोहन भागवत का पावन आगमन हुआ। उनके आगमन पर मंदिर के भक्तों द्वारा पारंपरिक वैदिक विधि के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर विराजमान श्रीश्री राधा वृंदावन चंद्र के दिव्य दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना कर समाज के कल्याण हेतु मंगलकामना की।

चंद्रोदय मंदिर के भक्तों को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के संस्थापकाचार्य अभय चरणारविंद भक्तिवेदांत श्रील प्रभुपाद का संपूर्ण जीवन मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि श्रील प्रभुपाद ने भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों एवं भगवद्गीता के सार्वभौमिक संदेश को विश्वभर में पहुँचाकर मानव समाज को नई दिशा प्रदान की।

इस अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अक्षय पात्र फाउण्डेशन द्वारा पोषित विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से मध्याह्न भोजन प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा, संस्कार एवं सेवा के महत्व से अवगत कराया तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि संघ एवं चंद्रोदय मंदिर से जुड़े भक्तों का उद्देश्य केवल धार्मिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, संस्कारयुक्त शिक्षा, सेवा और सामाजिक समरसता के माध्यम से भारत को पुनः विश्व के आध्यात्मिक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित करना है।

मीडिया को जानकारी देते हुए चंद्रोदय मंदिर के जनसंपर्क प्रमुख भरतर्षभा दास ने बताया कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर में दर्शन के उपरांत श्रील प्रभुपाद के विग्रह पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं चेयरमैन मधु पंडित दास एवं अध्यक्ष चंचलापति दास द्वारा उन्हें श्रील प्रभुपाद द्वारा रचित भगवद्गीता यथारूप के विभिन्न संस्करणों का अवलोकन कराया गया, जिनमें विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित ग्रंथ शामिल थे। इस दौरान उन्होंने निमार्णाधीन चंद्रोदय मंदिर के प्रतिरूप का भी अवलोकन किया। च

ांचलपति दास ने चंद्रोदय मंदिर की भव्य वास्तुकला, इसकी अद्वितीय संरचना एवं इसके पीछे निहित आध्यात्मिक उद्देश्य के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृंदावन चंद्रोदय मंदिर का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को विश्व पटल पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करना तथा युवाओं को नैतिकता, सेवा और भक्ति के मार्ग पर प्रेरित करना है। इस अवसर पर इस्कॉन बैंगलोर के विभिन्न केन्द्रों से आए भक्तगण उपस्थित रहें। वहीं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से सुरेश सोनी जी, बडे. दिनेश जी, डॉ0 कृष्ण गोपाल, महेन्द्र जी, धर्मेंद्र जी, डॉ. हरीश रौतेला, पारस पार्थ, अजय सिकरवार, प्रेम शंकर वैद्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हिंदू एक होगा तो आसुरी शक्तियों में बिखराव होगा

**मथुरा।** वृंदावन के कुंभ मेला क्षेत्र में स्थित श्री सुदामा कुटी आश्रम के शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम में शुक्रवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर संत समाज और आश्रम से जुड़े पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। सुदामा कुटी के दस दिवसीय शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने किया। इस अवसर पर उन्होंने हिंदू समाज की एकजुटता और शक्ति संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम में देशभर से आए प्रमुख संत मौजूद रहे। उन्होंने संतों के साथ दीप प्रज्जवलन कर महोत्सव का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत कार्यक्रम में लगभग 2 घंटे तक मौजूद रहे। वहीं उन्होंने लगभग 30 मिनट तक अपना उद्बोधन दिया। वे बोले कि वह हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते लेकिन जैसे हमें तैयार होना है वैसे हम तैयार नहीं हुए। इसीलिए वह हमारे सामने नाच रहे हैं। अंदर से खोखले हो गए है और सारी दुनिया में हार रहे हैं। जैसे-जैसे सनातन धर्म के सभी लोग एक होते जाएंगे, वैसे-वैसे वह टूटते जाएंगे। आप देख लीजिए पिछले 50 वर्षों में जैसे-जैसे हिंदू एक होता गया वैसे-वैसे इनके टुकड़े होते चले गए। हिंदू एक होगा तो आसुरी शक्तियां टूटेंगीं, उनमे बिखराव होगा।

## हेमा मालिनी ने वृंदावन में की जनसुनवाई



**मथुरा।** मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने शनिवार को वृंदावन के कैलाश नगर सेक्टर-1 स्थित पार्क में सांसद जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सांसद ने क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।जनसुनवाई के बाद सांसद हेमा मालिनी ने सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर लंबित मामलों की समीक्षा की।

मीडिया से बात करते हुए सांसद ने बताया कि जनता की समस्याओं को सुनने के लिए हम कार्यालय और आवास पर भी व्यवस्था है लेकिन आज विशेष रूप से शिविर लगाकर मौके पर ही समाधान का प्रयास किया गया है। शिविर में मुख्य रूप से पेंशन, राशन कार्ड, नगर निगम, विद्युत विभाग और मतदाता सूची से नाम कटने जैसी शिकायतें सामने आईं। सांसद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन मामलों में ढिलाई न बरती जाए और जनता को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार की विश्वकर्मा योजना के तहत पात्र लाभार्थियों और जरूरतमंदों को सिलाई मशीन व कंबल वितरित किए गए। सांसद ने जोर दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। कार्यक्रम में नगर निगम के उपसभापति मुकेश सारस्वत, प्रशासनिक अधिकारी, क्षेत्रवासी एवं फरियादी मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में 20-20 हजार के दो इनामी गिरफ्तार



**मथुरा।** थाना जमुनापार और जैत पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए टैम्पो चालक की बेरहमी से हत्या कर लूट को अंजाम देने वाले दो शातिर अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए दोनों बदमाशों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गौरतलब हो कि शुक्रवार की रात करीब 11:32 बजे, जब पूरा शहर कड़ाके की ठंड में सो रहा था, तब यमुना एक्सप्रेस वे पानीगांव लिंक रोड के पास निमार्णाधीन ह्लसत्ते कॉलोनीह्ल में पुलिस और बदमाशों के बीच आमना-सामना हो गया। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने जब बिना नंबर की पैशन प्रो मोटरसाइकिल को रोकने की कोशिश की, तो बदमाशों ने बाइक भगा दी। संतुलन बिगड़ने से बाइक गिरी और बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग झोंक दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश घायल हो गए और उन्हें दबोच लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दिनेश निवासी चैमुहां और जयपाल निवासी अछनेरा आगरा के रूप में हुई है। 31 दिसंबर 2025 को थाना जमुनापार क्षेत्र के हयातपुर के रहने वाले अशोक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके भाई यशपाल उर्फ राजा 25/26 दिसंबर की रात को छटीकरा के पास टैम्पो चालक यशपाल उर्फ राजा की पेचकस से गोदकर और गला घोंटकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद शव को अलेपुर के जंगलों में फेंक दिया था और टैम्पो व मोबाइल लूटकर मार हो गए थे। टेम्पो लेकर भाग रहे थे, लेकिन गैस खत्म होने के कारण उसे जैत गाँव के पास एक ढाबे पर छोड़ दिया था, जिसे पुलिस ने पाहले ही बरामद कर लिया था। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे सेमृतक का मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की पैशन प्रो मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचा, 03 जिंदा कारतूस और 03 खोखा कारतूस बरामद किए हैं। इस मामले में मृतक के परिजनों ने गांव हयातपुर के ही शेर मोहम्मद और उसके भाई शमशु के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी। जानकारी मिली कि दोनों का इस हत्याकांड से कोई लेना देना नहीं है।

# सभापति ने मथुरा, फिरोजाबाद के अधिकारियों संग की समीक्षा




**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति किरन पाल कश्यप की अध्यक्षता में जनपद मथुरा एवं जनपद फिरोजाबाद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में माननीय विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, नगर आयुक्त जग प्रवेश, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, एस0पी0 ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राधावल्लभ, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति, जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन नीतू सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में लगभग 30 विभागों की समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्तमान सरकार के गठन के पश्चात से अब तक सांसदों, विधायकों एवं एम0एल0सी0 द्वारा सरकार, शासन तथा प्रदेश के जनपदों को भेजे गए पत्रों पर की गई कार्यवाही की जानकारी के संबंध में था। बैठक में सभापति किरन पाल कश्यप ने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा विभिन्न विभागों को भेजे गए पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। निस्तारण के उपरांत माननीयों को निस्तारण आख्या से अवगत कराए। उन्होंने कहा कि माननीयों को पत्र के माध्यम से निस्तारित आख्या के संबंध में अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। सभापति ने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को निर्देश दिए कि सभी विभागों की बैठक कर उनके द्वारा बजट के प्रयोग की जानकारी ले। वर्ष 2025-26 में किस विभाग को कितना बजट प्राप्त हुआ था और कितना उनके द्वारा अभी तक प्रयोग किया गया है। माननीय सभापति जी ने जिलाधिकारी को उक्त जानकारी को 15 दिवस में संकलित करते हुए समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। सभापति ने सभी विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि समस्त परियोजनाओं, निर्माण कार्यों आदि का लोकार्पण एवं शिलान्यास माननीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए। उन्होंने नगर आयुक्त जग प्रवेश एवं सीडीओ मनीष मीना को निर्देश दिए कि वृंदावन की सर्विस रोड पर जलभराव की समस्या का निराकरण सुनिश्चित करें। सभापति एवं विधायक बल्देव ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में सिंचाई विभाग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए। सभी जगहों को कब्जा मुक्त किया जाए। बैठक में ग्राम्य विकास, नगर विकास, लोक निर्माण, पंचायतीराज, सिंचाई, प्राविधिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, बेसिक शिक्षा, ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, गृह, समाज कल्याण, राजस्व, चकबंदी, आबकारी, पशुपालन, संस्कृति, कृषि, मण्डी परिषद, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, गन्ना, पर्यटन, पर्यावरण, वन, दुग्ध विकास, खाद्य एवं रसद, परिवहन, कारागार तथा सहकारिता विभाग की समीक्षा संपन्न हुई।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत



**टूंडला।** मतदाता पुनरीक्षण गहन शुद्धिकरण अभियान नेक्स्ट फेज को लेकर भाजपा की एक आवश्यक बैठक भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई।उसके बाद क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र सचिन जैन के आवास पर पुनः नव निर्वाचित फिरोजाबाद भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का स्वागत ओर सम्मान भव्य तरीके से किया गया क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन ने भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह को खाटू श्याम मंदिर के स्मृति चिन्ह ओर शाल माला पहनाकर उनका भव्य तरीके सम्मान किया इसी क्रम में मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने भी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का स्वागत किया स्वागत कार्यक्रम के बाद जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की मजबूत नींव है ओर संगठन सर्वोपरि है सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण गहन शुद्धिकरण नेक्स्ट फेज अभियान में लगें और ज्यादा से ज्यादा नए वोट जुड़वाने को फॉर्म 6 भरवाएं जिससे सभी के वोट व्यवस्थित बन सके इसकी सभी को चिंता करनी है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह कमलेश कुमार जैन कोल्ड,विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र सचिन जैन नगर प्रभारी योगेंद्र चौहान अनंत प्रताप सिंह राजू जैन, शशांक प्रताप सिंह विवेक वर्मा जुबिन भारद्वाज आदि सभी भाजपाई मौजूद रहे।

## नियत तिथि से पूर्व ही करा दी प्री बोर्ड परीक्षा

**फिरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद के विकासखंड हाथवंत के एक विद्यालय में यूपी बोर्ड के छात्रों को प्री बोर्ड परीक्षा नियत तिथि से ही पहले करा देने का मामला सामने आया है जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय के प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण मांगा है। विदित रहे के यूपी प्री बोर्ड की लिखित परीक्षा 10 जनवरी से शुरू होनी थी जिसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा प्रश्न पत्र नोडल कॉलेजों को उपलब्ध करा दिए गए थे परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कराई जाने के लिए आदेश भी दिए गए थे जिसमें बोर्ड परीक्षा जैसे इंतजाम करने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके महाराज सिंह बघेल इंटर कॉलेज पोहपगढ़ हाथवंत के प्रधानाचार्य ने जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश को ताक पर रखकर 9 जनवरी से ही परीक्षा शुरू कर दी थी। मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि कॉलेज से स्पष्टीकरण मांगा है,स्पष्टीकरण के आधार पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

## तहसील प्रशासन का अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद मेहराबाद में अवैध रूप से प्लाटिंग करने वालों पर तहसील प्रशासन ने कार्यवाही की। तहसील प्रशासन ने अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर चलवाकर उसे ध्वस्त करा दिया। तहसील प्रशासन की कार्यवाही से अवैध प्लॉटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया। तहसील प्रशासन ने अवैध प्लॉटिंग करने वालों को चेतावनी दी कि अगर बिना इजाजत प्लॉटिंग की तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मोहल्ला मेहराबाद में बिना विकास प्राधिकरण की मंजूरी के अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। लोगों ने अवैध प्लॉटिंग को लेकर तहसील प्रशासन से शिकायत की थी। शुक्रवार को नायब तहसीलदार नितिन कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल शिवांश मोहन, सचिनराज की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध प्लॉटिंग की जांच की। जांच के दौरान प्लॉटिंग करने वाले कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। उसके बाद तहसील प्रशासन ने अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर को बुलाकर उसे ध्वस्त करा दिया। तहसील प्रशासन की कार्यवाही से अवैध प्लॉटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार ने चेतावनी देते हुए कहा कि बिना शासन की अनुमति के अवैध प्लॉटिंग करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस बारे में क्षेत्रीय लेखपाल शिवांश मोहन मिश्रा ने बताया कि बिना आबादी की जमीन घोषित कराए ही अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। जबकि उनके पास विकास प्राधिकरण से भी कोई अनुमति नहीं थी। इसलिए वहां हुए निर्माण कार्य को ध्वस्त करा दिया गया है।

## इंक्वास की टीम ने अस्पताल का तीन दिवसीय निरीक्षण कर जांचीं स्वास्थ्य सेवाएं



**फिरोजाबाद।** इंक्वास से तीन सदस्यीय टीम ने असेसमेंट करने के उद्देश्य से शिकोहाबाद नगर के सयुक्त जिला चिकित्सालय का तीन दिवसीय निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने अस्पताल का निरीक्षण कर सभी विभागों के अभिलेखों के साथ कक्ष का निरीक्षण किया। जिससे नगर की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जा सके। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई खामियां भी मिली। भारत सरकार के इंक्वास से नॉमिनेट डॉ महेंद्र कुमार जयपुर, के नेतृत्व में डॉ गरिमा पंत देहरादून, विमला रानी पंत सोनीपत हरियाणा तीन सदस्यीय टीम ने असेसमेंट करने के उद्देश्य सयुक्त जिला चिकित्सालय का तीन दिवसीय निरीक्षण किया। तीन दिवसीय दौरे के दौरान अस्पताल के निरीक्षण में साफ सफाई की स्थित सहित कई खामियां मिली, उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान टीम ने इमरजेंसी, महिला वार्ड, ओपीडी, दवा स्टोर सहित, ऑक्सिजन, पैथोलॉजी, एक्सरे की स्थित का जायजा लिया। खामियों में सुधार के निर्देश दिए। तीन सदस्यी टीम ने तीन दिन रहकर पूरा निरीक्षण कर शनिवार को वापस लौट गए। निरीक्षण के दौरान टीम ने ज्यादातर विभागों में संतोष प्रकट किया। इस बारे में सीएमएस डॉ आर सी केशव ने बताया कि टीम ने अस्पताल के सभी विभागों का निरीक्षण कर चली गई है। इस दौरान टीम अपनी सारी रिपोर्ट को तैयार करके नंबरिंग कर प्रदेश सरकार को भेजेगी। जिसके आधार पर अस्पताल की रैंकिंक करेगी।

## आज सभी विधानसभाओं के मतदेय स्थलों पर आयोजित होगा मेगा कैंप / खुली बैठक

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ०प्र० लखनऊ के द्वारा निर्देशित किया गया है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत समस्त बीएलओ द्वारा दिनांक 11 जनवरी 2026 को अपने बूथ पर उपस्थित होकर सम्बन्धित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जाएगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभाओं के समस्त मतदेय स्थलों पर 11 जनवरी को समय प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक मेगा कैम्प / खुली बैठक का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए है। उक्त मेगा कैंप / खुली बैठक में बी०एल०ओ० द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जायेगा तथा अधिक से अधिक फार्म- 6, 7 व 8 प्राप्त किए जायेंगे। मेगा कैम्प मतदेय स्थल पर ही आयोजित होगा। मेगा कैम्प / खुली बैठक में बीएलओ, समस्त बीएलए (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल), सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपाल, नगरीय क्षेत्रों में संबंधित नगर निकाय के क्षेत्रीय कर्मचारी जैसे टैक्स कलेक्टर, सैनेटरी इंस्पेक्टर, सफाई नायक, सफाई कर्मी, पार्षद इत्यादि, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सदस्य, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, बीसी सखी, नरेगा महिला मेट इत्यादि, राशन डीलर, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, विद्युत विभाग के लाइन मेन व मीटर रीडर, आशा, ए.एन.एम., आंगनबाड़ी कार्यकत्री, क्षेत्रीय विद्यालय के समस्त अध्यापक (बी०एल०ओ० की ड्यूटी के अतिरिक्त बचे हुए अवशेष) आदि उक्त कैंप में उपस्थित रहेंगे।

## नगर पालिका में कर्मचारियों को वितरित की गयी गर्म वर्दी



**टूंडला।** नगर पालिका परिषद में शीत ऋतु को देखते हुए पालिका कर्मचारियों को गर्म वर्दी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी एवं नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह ने संयुक्त रूप से कर्मचारियों को गर्म वर्दी वितरित की,इस अवसर पर ईओ ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी शहर की सफाई व्यवस्था और जनसेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ठंड के मौसम में उन्हें सुविधा देना पालिका की जिम्मेदारी है। वहीं चेयरमैन ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखना परिषद की प्राथमिकता है। गर्म वर्दी पाकर कर्मचारियों ने प्रसन्नता जताई और नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वार्ड नं 6 के सभासद प्रतिनिधि राकेश दिवाकर, गुड्डा दीक्षित स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अशोक कुमार शर्मा प्रभारी सफाई नायक बिक्की बाबू, रंजीत कुमार, आदि सफाई मित्र मौजूद रहे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर कांग्रेस ने की प्रेसवार्ता

- 2005 में यूपीए सरकार ने लागू किया था जो ग्रामीण आजीविका सुरक्षा की रीढ़ रहा है



**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी सेठबाड़ा स्थित कार्यालय पर काम के अधिकार मनरेगा बचाओ संग्राम हेतु एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण युवा रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया था जो ग्रामीण आजीविका सुरक्षा की रीढ़ रहा है। नया वीबी-ग्राम-जी अधिनियम इस पूरे ढांचे से एक मौलिक विचलन है। यह काम की वैधानिक गारंटी को समाप्त करता है, निर्णय प्रक्रिया का केंद्रीकरण केंद्र सरकार के हाथों में करता है, ग्राम सभाओं और पंचायतों को कमजोर करता है, तथा केंद्र के मजदूरी अंशदान को लगभग 90 प्रतिशत से घटकर 60 प्रतिशत कर देता है। जिससे वित्तीय बोझ राज्यों और श्रमिकों पर डाल दिया जाता है। बजट- सीमित आवंटन, कृषि के चरम मौसम में कार्य पर प्रतिबंध और मजदूरी सुरक्षा प्रावधानों का कमजोर होना अनिवार्य रूप से रोजगार में कमी, मजदूरों के दमन और ग्रामीण संकट में वृद्धि का कारण बनेगा। कार्यक्रम से महात्मा गांधी के नाम को हटाया जाना भी श्रम की गरिमा और ग्राम स्वराज के उन मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास दशार्ता है, जिन पर मनरेगा आधारित कार्य है। जिला महासचिव मनोज गौड़ ने कहा कि ग्रामीण आजीविकाओं पर इस गंभीर हमले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। आज 11 जनवरी को एकदिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध 12 जनवरी से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर पर जनसंपर्क, 30 जनवरी से वार्ड स्तर पर शांतिपूर्ण धरना, 25 फरवरी तक बैठक, धरना, प्रदर्शन आदि के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों के तहत किया जाएगा, ताकि काम के अधिकार की रक्षा की जा सके और मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल किया जा सके। आज रविवार प्रातः 11 बजे से उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध विकास मार्केट स्थित गांधी प्रतिमा पर किया जाएगा। इस दौरान उमाशंकर शर्मा, रुपा लवानिया, अनाम धन्य तिवारी, राकेश शर्मा, अभय प्रताप सिंह, अप्रितम सक्सेना, रमेश कश्यप, दुर्गेश बघेल आदि मौजूद थे।

## संक्षेप

### भारत ने कई मोर्चों पर प्रगति की : ईएसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने शनिवार को कहा कि भारत ने कई मोर्चों पर प्रगति की है और देश को मध्यम आय के जाल से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समृद्ध और समावेशी समाज एवं अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश को अपनी उपलब्धियों को आगे बढ़ाना चाहिए। देव ने 104वें स्कॉच शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने जीएसटी सुधारों, रेरा, आईबीसी, बीमा में 100 प्रतिशत एफडीआई, परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी, गुणवत्ता नियंत्रण आदेश और कारोबारी सुगमता की पहल सहित कई सुधार किए हैं। भारत ने कई मोर्चों पर प्रगति की है। विभिन्न क्षेत्रों में संसाधनों के सही आवंटन, मजबूत सुधारों और उच्च वृद्धि दर के साथ भारत अपनी वैश्विक आर्थिक हिस्सेदारी में उल्लेखनीय बढ़त दर्ज कर सकता है।

### तेलंगाना में अलमोंट-किड सिरप के इस्तेमाल पर रोक

हैदराबाद। तेलंगाना औषधि नियंत्रण प्रशासन (डीसीए) ने शनिवार को एक अत्यावश्यक परामर्श जारी कर बच्चों में एलर्जी, एलर्जिक बुखार और अस्थमा के इलाज के लिए आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले अलमोंट-किड सिरप का उपयोग तुरंत बंद करने को कहा है क्योंकि इसमें कथित तौर पर एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी) की मिलावट पाई गई है, जो एक अत्यधिक विषैला पदार्थ है। डीसीए की एक अधिसूचना में कहा गया है कि उसे केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ), पूर्वी जोन, कोलकाता से एक प्रयोगशाला रिपोर्ट के संबंध में अलर्ट प्राप्त हुआ है, जिसमें सिरप (लेवोसेटिरिज़िन डाइहाइड्रो क्लोराइड और मोंटेलुकास्ट सोडियम सिरप) को मिलावटी घोषित किया गया है। डीसीए ने कहा उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, आम जनता को सख्त सलाह दी जाती है कि यदि उनके पास यह सिरप मौजूद है तो इसका उपयोग तुरंत बंद करें और बिना किसी देरी के नजदीकी औषधि नियंत्रण प्राधिकरण को इसकी सूचना दें।

### सीसीपीए ने 27 रेस्तरां के खिलाफ की कार्रवाई

नयी दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कानून का उल्लंघन करते हुए अनिवार्य रूप से सेवा शुल्क वसूलने वाले 27 रेस्तरां के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्वाई की है। सीसीपीए ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन रेस्तरां पर 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया गया है और उन्हें ग्राहकों को सेवा शुल्क की राशि वापस करने और अपनी बिलिंग प्रणाली में संशोधन करने के लिए कहा गया है, क्योंकि सेवा शुल्क का अनिवार्य रूप से वसूलना एक अनुचित व्यापार प्रथा घोषित किया गया है। सीसीपीए ने सरकारी हेल्पलाइन नंबर पर उपभोक्ताओं की शिकायतों के आधार पर कार्वाई की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीसीपीए ने देशभर में स्थित 27 रेस्तरां के खिलाफ कार्वाई की है।

### शिमला : इमारतों में आयीं दरारें, कई परिवार बेघर

शिमला। शिमला के चलौंठी क्षेत्र में दो आवासीय इमारतों और एक होटल में दरारें आने के बाद ठंड में करीब 15 परिवार रातोंरात बेघर हो गए। प्रभावित परिवारों ने आरोप लगाया कि भट्टाकुफर और चलौंठी के बीच सड़क को चार लेन करने के लिए सुरंग खोदने के वास्ते चट्टानों में किए जा रहे विस्फोट के कारण इमारतों में दरारें पड़ीं। यह परियोजना भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा शुरू की गई है और इसे एक निजी कंपनी क्रियान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि कई शिकायतें की गईं, लेकिन प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया और अब विस्फोट के कारण उनके मकान जोखिम में हैं। प्रभावित परिवारों ने सुरंग निर्माण करने वाली कंपनी पर दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। पूजा नाम की स्थानीय महिला ने कहा, करीब तीन दिन पहले दीवारों में मामूली दरारें दिखने लगी थीं और निर्माण कंपनी के अलावा जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी गई थी, लेकिन कंपनी के अधिकारियों ने कोई बड़ा खतरा होने से इनकार किया था।

# देश को मजबूत बनाने में योगदान दें युवा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शनिवार को कहा कि भारत को अपनी सुरक्षा सिर्फ सीमाओं पर मजबूत नहीं करनी है, बल्कि आर्थिक और तकनीकी तौर पर भी देश को इतना मजबूत बनाना है कि हमलों और पराधीनता के अपने इतिहास का प्रतिशोध ले सकें।

विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में डोभाल ने स्वतंत्रता के लिये किये गए संघर्षों, भारत की सभ्यता पर हुए हमलों और मजबूत नेतृत्व के महत्व का जिक्र किया। उन्होंने तीन दिवसीय इस आयोजन में भाग ले रहे देश भर के तीन हजार युवाओं से कहा मैं गुलाम भारत में पैदा हुआ था। आप भाग्यशाली हैं कि स्वतंत्र भारत में पैदा हुए। सदियों तक हमारे पूर्वजों ने इसके लिये बहुत कुर्बानियां और अपमान सहे हैं। भगत सिंह को फांसी हुई, सुभाष चंद्र बोस को जीवन भर संघर्ष करना पड़ा, महात्मा गांधी को सत्याग्रह करना पड़ा और अनगिनत लोगों को जानें देनी पड़ीं। भारत के खुफिया ब्यूरो के पूर्व प्रमुख 81 वर्षीय डोभाल ने कहा, हमारे गांव जले, हमारी सभ्यता को समाप्त किया गया, हमारे मंदिरों को लूटा गया और हम एक मूक दर्शक की तरह असहाय होकर देखते रहे। यह इतिहास हमें एक चुनौती देता है कि भारत के हर युवक के अंदर आग होनी चाहिये। उन्होंने कहा प्रतिशोध शब्द अच्छा तो नहीं है, लेकिन यह अपने



आप में बड़ी शक्ति होती है। हमें अपने इतिहास का प्रतिशोध लेना है और हमें इस देश को फिर वहां पहुंचाना है, जहां हम अपने हक, अपने विचार व अपनी आस्थाओं के आधार पर एक महान भारत का निर्माण कर सकें। हमें अपने आपको हर रूप में आर्थिक, रक्षात्मक, तकनीकी तौर मजबूत बनाना है। डोभाल ने कहा हमारी एक बड़ी विकसित सभ्यता थी। हमने किसी के मंदिर नहीं तोड़े और कहीं जाकर लूटा नहीं। हमने दूसरे देशों पर आक्रमण नहीं किया, परंतु हम अपनी सुरक्षा और उस पर खतरों के प्रति उदासीन रहे, तो हमें इतिहास ने एक सबक सिखाया। क्या हमने वह सबक सीखा और क्या उसे याद रखेंगे। अगर आने वाली पीढियां उस सबक को भूल जायेंगी, तो यह इस देश की सबसे बड़ी त्रासदी होगी। कार्यक्रम में भाग ले रहे युवाओं को भविष्य का नेता बताते हुए उनसे इच्छाशक्ति और सही निर्णय लेने की क्षमता के विकास का आह्वान करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा आज हम बहुत भाग्यशाली हैं कि देश में एक ऐसा नेतृत्व है, जिसने दस साल में देश को कहां से कहां पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता, मेहनत, अनुशासन और समर्पण सभी के लिये आदर्श है। मोदीजी के पास इतने नये विचार रहते हैं, जो इच्छाशक्ति और समर्पण से आता है। आप भाग्यवान हैं कि उस भारत को देखेंगे, जिसकी हम कल्पना कर सकते हैं। डोभाल ने कहा, नेपोलियन बोनापार्ट बहुत बड़ा योद्धा था, जो कहता था कि मुझे हजार शेरों की फौज से डर नहीं लगता, अगर उसका नेतृत्व एक भेड़ का बच्चा कर रहा है, लेकिन अगर भेड़ों की फौज का नेतृत्व करने वाला एक शेर होगा, तो मुझे उससे बहुत डर लगता है। नेतृत्व क्षमता इतनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में लड़ाइयां सुरक्षा चिंताओं के कारण ही लड़ी जाती है। उन्होंने कहा लड़ाइयां क्यों होती हैं। लोग मनोरोगी तो नहीं हैं कि लाशें देखने में मजा आता है। लड़ाइयां इसलिये लड़ी जाती हैं, ताकि दुश्मन के मनोबल को कमजोर किया जा सके और उसे अपनी शर्तों पर संधि के लिये मजबूर किया जा सके।

## यंग लीडर्स डायलॉग में 3000 युवाओं से संवाद करेंगे पीएम

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 जनवरी को यहां आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में देश और विदेश से आए 3,000 से अधिक युवाओं के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शनिवार को यह जानकारी दी। संवाद के 2026 संस्करण में चयनित प्रतिभागी प्रधानमंत्री के सामने 10 थीम आधारित ट्रैक में अपनी अंतिम प्रस्तुतियां देंगे, जिसमें वे राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों पर युवाओं के दृष्टिकोण और क्रियान्वयन योग्ज्ञ विचार साझा करेंगे। स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री संवाद के समापन सत्र में भाग लेंगे जो भारत मंडपम में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान





प्रधानमंत्री विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के लिए निबंध संग्रह का विमोचन भी करेंगे जिसमें युवाओं द्वारा लिखित चयनित निबंध शामिल हैं जो भारत की विकास प्राथमिकताओं और दीर्घकालिक राष्ट्रनिर्माण लक्ष्यों पर आधारित हैं। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग एक राष्ट्रीय मंच है जो भारतीय युवाओं और राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच व्यवस्थित संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

## भुवनेश्वर में निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त

एजेंसी

राउरकेला/भुवनेश्वर। राउरकेला के पास एक निजी एयरलाइन के छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से शनिवार को कम से कम छह लोग घायल हो गए। ओडिशा के वाणिज्य और परिवहन मंत्री बी बी जेना ने यह जानकारी दी।

जेना ने पत्रकारों को बताया, नौ सीटों वाले एक निजी ए- । विमान में छह यात्री सवार थे, तभी वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह दुर्घटना राउरकेला से 10 किलोमीटर दूर जलदा में हुई। ईश्वर की कृपा से यह कोई बड़ी दुर्घटना नहीं है। राउरकेला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नितेश वधवानी ने बताया कि विमान में दो महिलाओं और दो पायलट



सहित चार यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि कैप्टन नवीन और कैप्टन तरुण विमान उड़ा रहे थे। एसपी ने बताया गंभीर रूप से घायल दो लोगों को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उनमें कैप्टन नवीन और एक अन्य व्यक्ति शामिल है। कैप्टन नवीन को सिर में चोट आयी है। घायल हुए तीनों यात्रियों की पहचान सुशांत कुमार बिस्वाल, अनीता साहू, सुनील अग्रवाल और सविता अग्रवाल के रूप में हुई है।

## मतदाताओं के नाम काटने की प्रक्रिया है एसआईआर : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया रिकॉर्ड सही करने के बजाय मतदाताओं के नाम हटाने की कवायद बना दी गई है। एसआईआर शुरू होने के बाद से कुमार को लिखे अपने तीसरे पत्र में, बनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर राजनीतिक पक्षपात, असंवेदनशीलता और मनमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने तीन पृष्ठों के पत्र में कहा सुनवाई की प्रक्रिया काफी हद तक यांत्रिक हो गई है, जो पूरी तरह से तकनीकी आंकड़ों द्वारा संचालित है और इसमें विवेक, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण का पूरी तरह अभाव है।

## पंजाब, तेलंगाना ने उठाया वित्तीय बोझ का मुद्दा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पंजाब और तेलंगाना जैसे विपक्ष शासित राज्यों ने शनिवार को केंद्र से 2026-27 के बजट में अतिरिक्त संसाधनों की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विकसित भारत - जी राम जी योजना के तहत 60:40 के अनुपात में लागत साझेदारी के कारण राज्यों के संसाधनों पर और अधिक वित्तीय बोझ पड़ेगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में मणिपुर के राज्यपाल, दिल्ली, गोवा, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, मेघालय और सिक्किम के



मुख्यमंत्रियों, तथा अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। इस दौरान वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे। बजट पूर्व बैठक में विपक्ष शासित राज्यों ने कहा कि मनरेगा में बदलाव रोजगार की गारंटी को कमजोर करेगा और यह सहकारी संघवाद की भावना के खिलाफ है। संसद ने पिछले महीने विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी- जी राम जी विधेयक पारित किया था। इसने 20 साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह ली है। वीबी- जी राम जी योजना के तहत, लागत का 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य वहन करेंगे, जबकि मनरेगा के तहत यह अनुपात 90:10 था। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मनरेगा ढांचे में प्रस्तावित बदलावों पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने तर्क दिया कि नया मॉडल रोजगार गारंटी को कमजोर करेगा और राज्यों पर भारी वित्तीय बोझ

## भारत-यूरोपीय संघ की एफटीए वार्ता में तेजी लाने के निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ के व्यापार मंत्रियों ने अधिकारियों को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता में तेजी लाने और लंबित मुद्दों को जल्द सुलझाने का निर्देश दिया है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविच ने ब्रुसेल्स में मुलाकात की और बातचीत की प्रगति का जायजा लिया। गोयल की दो दिवसीय यात्रा नौ जनवरी को पूरी हुई। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा दोनों नेताओं ने बातचीत करने वाले दलों से लंबित मुद्दों को हल करने और समझौते में तेजी लाने के लिए कहा। बैठक मुख्य रूप से वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच, मूल स्थान के नियम और सेवाओं सहित विभिन्न वार्ता क्षेत्रों में हासिल की गई प्रगति की समीक्षा पर केंद्रित थी। मंत्री स्तर की इस मुलाकात से पहले 6-7 जनवरी 2026 को वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और यूरोपीय आयोग की व्यापार महानिदेशक सबाइन वेयैंड के बीच उच्च स्तरीय चर्चा हुई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों ने मतभेदों को कम करने और बकाया मुद्दों पर स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए काम किया, जिससे मंत्री स्तर की

# सभी के लिए काम करती है भाजपा

एजेंसी

नागपुर। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विचारधारा अपने कार्यकर्ताओं को जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी के लिए काम करना सिखाती है और पार्टी मुसलमानों के खिलाफ नहीं है।

नागपुर में शुक्रवार को चुनाव प्रचार के दौरान गडकरी ने कहा कि यदि भाजपा-शिवसेना गठबंधन 15 जनवरी को होने वाले नागपुर महानगर पालिका चुनाव में पूर्ण बहुमत से जीतता है, तो लोगों की आकांक्षाएं और सपने पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि वह स्वयं उम्मीदवारों के प्रदर्शन की गारंटी देते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता गडकरी ने शहर में तीन जनसभाएं कीं और पार्टी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने



का प्रयास किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन आतंकवादियों और पाकिस्तान के खिलाफ हैं। इस देश के लिए बलिदान देने वाले मुसलमान हमारे लिए उतने ही प्रिय हैं जितने हिंदू। कोई मस्जिद, गुरुद्वारा या बौद्ध विहार जा सकता है, लेकिन हम कहते हैं कि हमारा खून एक है, हम भारतीय हैं और सभी के लिए काम करते हैं। उन्होंने दोहराया कि भाजपा-शिवसेना गठबंधन के पूर्ण बहुमत से चुने जाने पर लोगों की सभी आशाएं, इच्छाएं और सपने पूरे होंगे। गडकरी ने कहा मैं भाजपा उम्मीदवारों की ओर से गारंटर रहूंगा। इस दौरान उन्होंने स्वयं तथा महाराष्ट्र सरकार द्वारा कराई गई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। उत्तरी नागपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ विपक्षी नेता यह गलत सूचना फैला रहे हैं कि भाजपा के सत्ता में आने पर हिंसा होगी। नागपुर के सांसद ने कहा कि भाजपा की विचारधारा अपने कार्यकर्ताओं को बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए काम करना सिखाती है।

गडकरी ने कहा कि वह

## पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है सौर तूफान : इसरो

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसके आदित्य-एल। सौर मिशन ने नयी जानकारी प्रदान की है कि कैसे एक शक्तिशाली सौर तूफान पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।

इसरो ने एक बयान में कहा, सबसे गंभीर प्रभाव सौर तूफान के अशांत क्षेत्र के प्रभाव के दौरान हुआ। दिसंबर 2025 में एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशित एक महत्वपूर्ण अध्ययन में इसरो के वैज्ञानिकों और शोध छात्रों ने अक्टूबर 2024 में पृथ्वी को प्रभावित करने वाली अंतरिक्ष की एक बड़ी घटना का विस्तृत विश्लेषण किया। इस अध्ययन में भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल। से प्राप्त डेटा के साथ-साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अभियानों के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया, ताकि सूर्य से निकले सौर प्लाज़्मा के एक विशाल विस्फोट के पृथ्वी पर पड़े प्रभाव को समझा जा सके। बयान में कहा गया, अंतरिक्ष मौसम (स्पेस वेदर) से तात्पर्य अंतरिक्ष में उत्पन्न उन परिस्थितियों से है, जो सूर्य पर होने वाली अस्थायी गतिविधियों जैसे सौर प्लाज़्मा विस्फोट के कारण बनती हैं। ये घटनाएं पृथ्वी पर उपग्रहों, संचार एवं दिशा सूचक सेवाओं तथा विद्युत ग्रिड अवसंरचना को प्रभावित कर सकती हैं।

## पेज एक का शेष

### सुप्रीम कोर्ट

कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया और ममता के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का अनुरोध किया। ईडी का आरोप है कि जैन के घर पर छापेमारी के दौरान ममता ने पुलिस की मदद से एजेंसी के पास से आपत्तिजनक (अपराध-सिद्ध करने वाले) दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। वहीं दूसीर ओर कोलकाता पुलिस ने आई-पैक प्रमुख प्रतीक जैन के आवास और सलाहकार फर्म के कार्यालय से दस्तावेजों की चोरी में कथित तौर पर शामिल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की पहचान करने की प्रक्रिया शनिवार को शुरू कर दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस की कार्वाई में दोनों स्थानों पर मौजूद केंद्रीय एजेंसी कर्मियों की पहचान करने का भी प्रयास हो रहा है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह शेक्सपियर सरणी थाने के अधिकारी जैन के आवास पर गए और सीसीटीवी फुटेज तथा डीवीआर रिकॉर्डिंग एकत्र की। अधिकारी ने कहा, घरेलू कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के बयान भी दर्ज किए गए। एक बार पहचान की प्रक्रिया पूरी हो जाने पर आरोपियों को नोटिस जारी किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आई-पैक के कार्यालय और प्रतीक जैन के आवास पर केंद्रीय एजेंसी की छापेमारी के संबंध में ईडी के खिलाफ पुलिस में दो शिकायतें दर्ज कराईं। शिकायतों के आधार पर, कोलकाता और बिधाननगर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की और जांच शुरू की। बनर्जी ने बृहस्पतिवार को जैन के लाउडन स्ट्रीट आवास और उनके साल्ट लेक कार्यालय पर एजेंसी की छापेमारी के संबंध में शेक्सपियर सरणी थाने में अज्ञात ईडी अधिकारियों और सीआरपीएफ कर्मियों के खिलाफ और बिधाननगर पुलिस के तहत इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स थाने में अज्ञात ईडी अधिकारियों के खिलाफ अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शेक्सपियर सरणी थाने में आपराधिक धमकी, चोरी और जबरन घुसने से संबंधित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66 के तहत मामले दर्ज किए गए, जो कंप्यूटर से संबंधित अपराधों, अनधिकृत पहुंच से संबंधित है। इसके अलावा, पुलिस ने बृहस्पतिवार देर शाम एजेंसी के खिलाफ उसी थाने में स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला भी दर्ज किया। मामले के बारे में अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के कर्मियों ने बृहस्पतिवार सुबह करीब 6:15 बजे जैन के लाउडन स्ट्रीट अपार्टमेंट में तलाशी ली थी, लेकिन कोलकाता पुलिस को पांच घंटे बाद ईमेल के माध्यम से सूचित किया गया था। अधिकारी ने आरोप लगाया, तलाशी के बारे में सूचना मिलने पर, पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) सहित अन्य पुलिस अधिकारी ईडी अधिकारियों से बात करने के लिए आवास पर गए। वहां मौजूद ईडी और सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) कर्मियों ने उन्हें रोका, कई बार अधिकारियों पर लाठियां भी चलाईं।

### राम मंदिर

श्रद्धालु जो पास के माध्यम से दर्शन करते हैं उनका आधार कार्ड चेक किया जाता है। आम श्रद्धालुओं को चेकिंग के बाद प्रवेश दे दिया जाता है। किसी भी तरह का सामान ले जाने की अनुमति नहीं है। राम मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने की कोशिश में कश्मीरी व्यक्ति के पकड़े जाने के बाद पूरी अयोध्या में अलर्ट घोषित कर दिया गया और चेकिंग अभियान शुरू किया गया। इसी दौरान पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा, जो कश्मीरी शॉल बेच रहे थे। इनमें से एक जम्मू कश्मीर के पहलगाम का रहने वाला है। यह दोनों युवक अयोध्या धाम में कश्मीरी शाल बेच रहे थे, पुलिस इन्हें पकड़कर अयोध्या कोतवाली ले गई है, जहां पूछताछ की जा रही है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि राम मंदिर परिसर में पकड़े गए कश्मीरी व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज निकालकर उसकी हर एक गतिविधि की जांच की जा रही है। वह परकोटे के पास कपड़ा बिछाने लगा तो सुरक्षाकर्मियों को शक हुआ। इसी बीच वह अचानक नमाज पढ़ने के अंदाज में बैठने लगा, इस पर सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। जांच एजेंसियां उसके नाम, पते की तस्दीक कर रही है, उसकी कुंडली भी खंगाली जा रही है।

### समाज को

निकल रहा है। ऐसा लगता है कि किसी ने इनके मुंह पर फेवीकोल चिपका दिया है। ऐसे लोगों द्वारा बांग्लादेश की घटनाओं को लेकर कोई कैंडल मार्च नहीं निकाला जा रहा है। यह हम सबके लिए एक चेतावनी भी है। गंगा की निर्मलता का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिवेणी में स्नान की दिव्य अनुभूति हो रही है। मैंने भी यहां आकर सबसे पहले त्रिवेणी में डुबकी लगाकर मां गंगा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कितना पावन जल है। आज से आठ-दस वर्ष पहले क्या इतना निर्मल जल उपलब्ध हो पाता था? जब रामभक्त और गंगाभक्त देश की सत्ता में होता है, तभी ऐसे दिव्य अवसर प्राप्त होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नमामि गंगे अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है और भारत माता का सच्चा सपूत ही ऐसा कार्य कर सकता है। उन्होंने कहा कि यहां स्नान करने वाला प्रत्येक श्रद्धालु प्रधानमंत्री को आशीर्वाद दे रहा है। विपक्षी नेताओं का नाम लिए बिना मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग आज भी समाज को बांटने का कार्य कर रहे हैं, वे कभी किसी के हितैषी नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि जब ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का अवसर मिला, तब वे केवल अपने परिवार के बारे में सोचते थे और उससे आगे उनकी दृष्टि नहीं थी। आज सत्ता से बाहर होने पर वे तरह-तरह के नारे दे रहे हैं, लेकिन यह वास्तविकता नहीं है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जब भी उन्हें मौका मिलेगा, वे पहचान का संकट खड़ा करेंगे, अराजकता फैलाएंगे, सनातन धर्म पर प्रहार करेंगे और दंगों की आड़ में समाज को झुलसाने का प्रयास करेंगे। किसी भी स्थिति में इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने दी जानी चाहिए। कार्यक्रम में स्वामी राम दिनेशाचार्य जी महाराज, रामानुजाचार्य जी महाराज, राघवाचार्य जी महाराज, सतुआ बाबा महाराज, परमार्थ निकेतन के चिदानंद सरस्वती, दिगंबर अखाड़ा के वैष्णव दास जी महाराज प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सीएम ने

से बोट में बैठकर संगम नोज पहुंचे। उन्होंने बोट से ही यमुना नदी में कलरव कर रहे पक्षियों को दाना भी खिलाया। मुख्यमंत्री ने संगम नोज पर पहुंचकर माघ मास में पवित्र स्नान किया, फिर विधिवत पूजन-अर्चन कर मां गंगा की आरती उतारी। उन्होंने मां गंगा के चरणों में शीश झुकाकर माघ मेले की सफलता की कामना की। सीएम बोट में ही बैठकर निरीक्षण करते हुए वापस आए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आमजन का अभिवादन भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमान कॉरिडोर का भी निरीक्षण किया। सीएम यहां बड़े हनुमान मंदिर भी गए। उन्होंने हनुमान जी के चरणों के समक्ष बैठकर दर्शन-पूजन कर आरती उतारी और विधि-विधान से पूजा की। धार्मिक कार्यक्रमों में संतोषाचार्य जी महाराज उर्फ सतुआ बाबा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व नंदगोपाल गुप्त नंदी, विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, हर्षवर्धन वाजपेयी तथा पूर्व सांसद विनोद सोनकर आदि मौजूद रहे।

### सोमनाथ स्वाभिमान

आयोजित एक औपचारिक जुलूस है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि शौर्य यात्रा में 108 घोड़ों का प्रतीकात्मक जुलूस निकाला जाएगा, जो वीरता और बलिदान का प्रतीक होगा। इसके बाद मोदी सुबह करीब 10:15 बजे सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे और फिर सुबह 11 बजे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। बयान में कहा गया है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत के उन अनगिनत नागरिकों को याद करने के लिए मनाया जा रहा है जिन्होंने मंदिर की रक्षा के लिए बलिदान दिया है, जो आने वाली पीढ़ियों की सांस्कृतिक चेतना को प्रेरित करता रहेगा। महमूद गजनी ने 1026 ईस्वी में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था, जिसके 1,000 वर्ष पूरे होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पीआईबी ने एक बयान में कहा कि सदियों से इसे नष्ट करने के कई बार प्रयास किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज आस्था और राष्ट्रीय गौरव के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में खड़ा है, यह सब मंदिर की प्राचीन महिमा को बहाल करने के सामूहिक संकल्प और प्रयासों के कारण संभव हुआ है।

### नयी पीढ़ी को

की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा टिहरी झील को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से ट्रैकिंग, पैराग्लाइडिंग सहित विभिन्न साहसिक खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं तथा झील के चारों ओर रिंग रोड निर्माण से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार रिवर्स पलायन को प्रोत्साहित करने, स्वरोजगार, होम-स्टे, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी योजना एवं आयुष वेलनेस सेक्टर को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की सूची में उत्तराखंड को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिसे बनाए रखने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने राज्य में समान नागरिक संहिता लागू किया है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दोषियों को जेल भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को सुरक्षित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार पूर्ण निष्ठा से कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने अब तक 10 हजार से अधिक सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया है एवं 6 हजार से अधिक अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दंगारोधी कानून के तहत दंगाइयों से एक-एक पाई की वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा सरकार किसी भी कीमत पर प्रदेश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक मूल्यों से समझौता नहीं करेगी तथा देवभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता से कार्य करती रहेगी।

### जाड़े भर

की प्रेरणा देते हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते दिखे। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जब तक सर्दी पड़ती रहेगी, वे शहर में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे और लोगों को जाड़े की मार से बचाते रहेंगे। हमारी कोशिश है कि जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा उद्देश्य है।




# गुजरात ने यूपी वॉरियर्स को हराया

## कप्तान एश्ले गार्डनर की फिफ्टी, अनुष्का ने 44 रन बनाये, 3 बॉलर्स को 2-2 विकेट

एजेंसी



नवी मुंबइ। जॉर्जिया वेयरहम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 10 बॉल पर नाबाद 27 रन बनाए। साथ ही 2 विकेट भी झटके। गुजरात जायंट्स ने विमेंस प्रीमियर लीग 2026 में जीत से शुरूआत की है। टीम ने शनिवार के पहले मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज को 10 रन से हराया। ऊ पाटिल स्टेडियम में 208 रन का टारगेट चेज कर रही यूपी की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 197 रन ही बना सकी। फीबी लिचिफील्ड ने सबसे ज्यादा 78 रन बनाए। गुजरात के लिए रेणुका सिंह ठाकुर, सोफी डिवाइन और जॉर्जिया वेयरहम ने 2-2 विकेट झटके। एक-एक विकेट कप्तान एश्ले गार्डनर और राजेश्वरी गायकवाड को मिला। टॉस हारकर बैटिंग कर रही गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 207 रन बनाए थे। जोकि गुजरात का सबसे बड़ा स्कोर है।

कप्तान एश्ले गार्डनर ने 65 और अनुष्का शर्मा ने 44 रन बनाए। दोनों में 103 रन की पार्टनरशिप हुई। सोफी डिवाइन 38 रन बनाकर आउट हुईं। सोफी एक्लेस्टोन ने दो विकेट झटके। विमेंस टी-20 में सबसे ज्यादा सिक्स का रिकॉर्ड बना गुजरात-यूपी मैच में कुल 21 छक्के लगे हैं। जोकि विमेंस टी-20 के इतिहास में एक मैच में लगे सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 19 छक्कों का है। जोकि हइइछ 2017झ18 सीजन में सिक्सर्स बनाम स्टार्स और हढछ 2024 में फउइ श्२ ऊउ मैचों में बना था। आशा सोभना ने 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर बाउंड्री लगाई। इनमें एक छक्का और दो चौके शामिल रहे, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकी। यूपी को आखिरी ओवर में जीत के लिए 27 रनों की जरूरत थी, लेकिन 16 रन ही बन सके। एक विकेट भी गिरा। इस तरह गुजरात ने 10 रन की जीत हासिल की। 16वें ओवर में यूपी ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर फीबी लिचफील्ड 78 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें सोफी डिवाइन ने भारती फूलमाली के हाथों कैच कराया। डिवाइन को पहला विकेट मिला है। 15वें ओवर की आखिरी बॉल पर यूपी का 5वां विकेट गिरा। यहां पर श्वेता सहरावत 25 रन बनाकर आउट हुईं।

उन्हें राजेश्वरी गायकवाड ने बोल्ड कर दिया। 11वें ओवर में यूपी की फोएबे लिचफील्ड ने हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने एश्ले गार्डनर के ओवर की शुरूआती दो बॉल पर चौके लगाए। फिर तीसरी बॉल पर एक रन लेकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 24 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। यह उनकी पहली हाफ सेंचुरी पूरी है। इसी ओवर में टीम ने 100 रन का आंकड़ा भी हासिल कर लिया। 10वें ओवर की पहली बॉल पर यूपी ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर दीप्ति शर्मा एक रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें रेणुका सिंह ठाकुर ने अपनी ही बॉल पर कैच किया। उन्होंने किरण नवगिरे (एक रन) का विकेट भी लिया था। 9वें ओवर में यूपी की टीम ने दो विकेट गंवाए। इस ओवर में जॉर्जिया वेरेहम ने हरलीन देओल (शून्य) और कप्तान मेग लैनिंग (30 रन) को पवेलियन भेजा। लैनिंग के विकेट के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी ब्रेक हुई। 208 रन का टारगेट चेज कर रही यूपी की टीम ने धीमी शुरूआत की है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में एक विकेट खोकर 46 रन बनाए। मेग लैनिंग और फोएबे लिचफील्ड क्रीज पर हैं। गुजरात की पारी के आखिरी ओवर से 14 रन आए। भारती फूलमाली ने दीप्ति शर्मा की तीसरी और चौथी बॉल पर लगातार दो छक्के लगाए। इससे टीम स्कोर 207 रन तक पहुंच गया। गुजरात ने अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। 18वें ओवर की 5वीं बॉल पर गुजरात ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान एश्ले गार्डनर 65 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें सोफी एक्लेस्टोन ने बोल्ड कर दिया।

एक्लेस्टोन को दूसरा विकेट मिला है। 17वें ओवर की पहली बॉल पर गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर अनुष्का शर्मा 44 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें डिआंड्रा डॉटिन ने हरलीन देयोल के हाथों कैच कराया। इसी के साथ शतकीय साझेदारी टूटी। 15वें ओवर में गुजरात की कप्तान एश्ले गार्डनर ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने सोफी एक्लेस्टोन की दूसरी बॉल पर छक्का और तीसरी बॉल पर चौका लगाकर हाफ सेंचुरी पूरी की। इसी ओवर में टीम ने 150 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। 13वें ओवर में अनुष्का शर्मा और एश्ले गार्डनर ने तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। गार्डनर ने क्रांति गौड़ की पहली बॉल पर चौका लगाकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। क्रांति के इस ओवर में 4 चौके पड़े। इनमें से तीन चौके गार्डनर ने लगाए, जबकि एक चौका अनुष्का के बल्ले से आया। 12वें ओवर में गुजरात ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। कप्तान एश्ले गार्डनर ने दीप्ति शर्मा की पहली बॉल पर एक रन लेकर टीम के लिए 100वां रन बनाया। छठे ओवर में गुजरात ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। पावरप्ले का आखिरी ओवर शिखा पांडे ने डाला। सोफी डिवाइन ने शिखा की शुरूआती दो बॉल पर चौके लगाए। हालांकि, शिखा ने ओवर की चौथी बॉल पर डिवाइन को फोएबे लिचफील्ड के हाथों कैच करा दिया। डिवाइन 38 रन बनाकर आउट हुईं। 5वें ओवर में गुजरात जायंट्स ने पहला विकेट गंवाया। यहां पर बेथ मूनी 13 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें सोफी एक्लेस्टोन ने बोल्ड कर दिया।

# युवा शक्ति भारत के विकास की नींव है : खेल मंत्री मांडविया

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि युवा शक्ति विकसित भारत की नींव होगी और वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश उज्जवल भविष्य की ओर बढेगा। विकसित भारत के लिये सुझाव देने के लक्ष्य से देश भर के हजारों युवाओं को एक मंच पर लाने वाले विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद का उद्घाटन करते हुए मांडविया ने कहा कि सत्तारूढ सरकार की तरह नागरिकों की भी जिम्मेदारियां होती है। उन्होंने कहा युवाशक्ति विकसित भारत की नींव है। आप इस देश के युवा , देश का भविष्य हैं। विकसित भारत बनाने के लिये हमें गुलामी की मानसिकता से उबरना होगा। विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिये हमें निर्भीक होकर आगे बढना है। उन्होंने कहा अगर हमें विकसित भारत बनाना है तो कदम दर कदम आगे बढना होगा। जब कोई व्यक्ति एक कदम आगे बढाता है तो दूसरा उससे प्रेरित होता है। लेकिन जब 140 करोड़ लोग एक साथ आगे कदम बढायेंगे तो भारत 140 करोड़ कदम आगे बढेगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को दोहराते हुए मांडविया ने कहा कि इस प्रयास में हर नागरिक को सक्रिय भागीदार बनना है। उन्होंने कहा हमारा कर्तव्य देश के प्रति है। जिस तरह से हमारी देश और सरकार से अपेक्षायें रहती है, हर नागरिक का भी राष्ट्र के प्रति कर्तव्य है। हमें समझना होगा कि



अपने जीवन को राष्ट्र के लक्ष्यों से कैसे जोड़ना है। श्रम और रोजगार मंत्रालय का भी प्रभार संभालने वाले मांडविया ने कहा कि अर्थव्यवस्था पर कोविड 19 का असर पड़ने के बावजूद भारत वैश्विक मंदी से निपटने में कामयाब रहा।

### आईएसपीएल खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मंच : सचिन

सूरत। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने शुक्रवार को इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) को खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार मंच बताया। उन्होंने कहा कि उनके इस टूर्नामेंट से जुड़ने का कारण यह था कि यह देशभर के युवा क्रिकेटरों को अवसर देने की एक बेहतरीन पहल है।

आईएसपीएल का तीसरा सत्र शुक्रवार को शुरू हुआ। इसमें आठ टीमें 5.92 करोड़ रुपये के पुरस्कार पूल के लिए मुकाबला करेंगी। टेनिस बॉल से टी10 प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में एक महीने में 44 मैच खेले जायेंगे।

## संक्षेप

### मोरक्को अफ्रीका कप के सेमीफाइनल में

रबात। ब्राहिम डियाज के लगातार पांचवें मैच में गोल से मेजबान मोरक्को ने कैमरून को 2-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के सेमीफाइनल में जगह बना ली। डियाज ने 27वें मिनट में कॉर्नर से आयूब एलकाबी के हेडर को गोल में बदला जबकि इस्माइल सैबरी ने 74वें मिनट में दूसरे गोल के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। इससे पांच बार के चैंपियन कैमरून का सफर सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले ही खत्म हो गया। मोरक्को के सामने बुधवार को सेमीफाइनल में नाइजीरिया और अल्जीरिया के बीच खेले जाने वाले अंतिम आठ मैच के विजेता की चुनौती होगी। क्वार्टर फाइनल के अन्य मुकाबले में सेनेगल ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही माली की टीम को 1-0 से हराया।

### अस्मिता व ध्रुपद के प्रदर्शन से कर्नाटक बना चैंपियन

दीव। कर्नाटक ने तैराकी में अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को यहां घोगला बीच पर आयोजित खेलो इंडिया बीच खेलों (केआईबीजी) में पदक तालिका में शीर्ष पर रहकर चैंपियनशिप जीती। कर्नाटक की तरफ से अश्मिता चंद्र और ध्रुपद रामकृष्ण ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इन दोनों ने क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में पांच किमी ओपन वाटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। कर्नाटक ने ओपन वाटर तैराकी में तीन स्वर्ण पदक, दो रजत और छह कांस्य पदक जीतकर प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया और इस तरह से चैंपियनशिप हासिल की। तमिलनाडु ने तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि पिछली बार का चैंपियन मणिपुर तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मध्य प्रदेश पैनकेक सिलाट में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक लेकर चौथे स्थान पर रहा।

### रोहित ने दिए सिराज को बल्लेबाजी के टिप्स

वडोदरा। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करके वनडे टीम में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला से पहले शनिवार को यहां पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से बल्लेबाजी के टिप्स लिए जबकि ज्‍षभ पंत को अभ्यास सत्र के दौरान चोट लगने के बाद थोड़ी देर के लिए उपचार लेने की जरूरत पड़ी। रोहित तब नेट के बाहर इंतजार कर रहे थे जब जल्दी बल्लेबाजी करने के लिए उतरे सिराज गेंद को जोर से मारने की कोशिश में चूक गए।

# मलेशिया ओपन : पीवी सिंधू सेमीफाइनल में वांग से हारी

एजेंसी



कुआलालंपुर। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू का शानदार सफर शनिवार को यहां सत्र के पहले मलेशिया ओपन सुपर 1000 के महिला एकल सेमीफाइनल में चीन की वांग झीयी से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू विश्व नंबर दो खिलाड़ी के दबाव को झेल नहीं पाई और 6-21, 15-21 से हार गयी। उन्होंने मुकाबले में कई गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा।

पिछले साल अक्टूबर से पैर की चोट के कारण मैदान से बाहर रहीं सिंधू अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही थीं। वह दूसरे गेम में एक समय 11-6 की बढ़त के साथ वापसी कर रही थी लेकिन उन्होंने इसे गंवा दिया। इस हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का सफर भी समाप्त हो गया। सिंधू ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि 11-6 पर मैंने ब्रेक लिया, शायद मुझे वहां 2-3 अंक ले लेने चाहिए थे। मैं आगे चल रही रही थी लेकिन कुछ छोटी गलतियां हो गईं। मैच में जब आप आगे चल रहे होते हैं तो ऐसी चीजें हो जाती हैं, आप आसानी से जीत की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। अगले सप्ताह इंडिया ओपन सुपर 750 में खेलने की तैयारी कर रही सिंधू ने कहा, मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट मेरे लिए अच्छा रहा। अब मुझे आराम करना और इंडियन ओपन की तैयारी शुरू करना जरूरी है।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और यह आसान नहीं होगा। उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी। सिंधू ने शुरुआत में बेहतर रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दी। उन्होंने दमदार शॉट्स लगाए और अपनी लंबी पहुंच का प्रभावी उपयोग किया। सिंधू ने चिर-परिचित क्रॉस-कोर्ट स्मैश के दम पर तेजी से 5-2 की बढ़त बना ली, लेकिन वांग की सधी हुई नेट प्ले ने उन्हें लगातार अंक दिलाए और स्कोर बराबर हो गया।

# किस्मत में जो होगा, कोई छीन नहीं सकता

एजेंसी



वडोदरा। टी20 विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बाद भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने शनिवार को कहा कि वह चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करते हैं और जब भी मौका मिलेगा अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान देने की कोशिश करेंगे। गिल को अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए नहीं चुना गया लेकिन 26 साल का यह खिलाड़ी खेल के दो अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में भारत का नेतृत्व करता रहेगा।

गिल ने भारत के लिए 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 869 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 28.03 और स्ट्राइक रेट 138.59 का रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरूआती वनडे से पहले गिल ने कहा, मेरा मानना है कि मैं वहीं हूं जहां मुझे होना चाहिये। मेरी तकदीर में जो लिखा है उसे कोई मुझसे नहीं छीन सकता। गिल ने कहा जाहिर है एक खिलाड़ी के तौर पर आपको यह विश्वास होता है कि अगर आप विश्व कप में खेलते हैं। तो आप अपनी टीम के लिए और अपने देश के लिए जीत हासिल करेंगे। गिल ने कहा मैं चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करता हूं और टी20 टीम को मेरी शुभकामनाएं।

मुझे पूरी उम्मीद है कि वे हमारे लिए विश्व कप जीतेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या टीम से बाहर किए जाने का उन पर मानसिक रूप से बुरा असर पड़ सकता है, तो गिल ने कहा कि चीजों को सरल रखना जरूरी है। भारतीय कप्तान ने कहा एक खिलाड़ी होने के नाते सब कुछ वर्तमान में जीने के बारे में है। आप जितना अधिक वर्तमान में रहेंगे जीत की उतनी संभावनाएं बढ़ जायेंगी। आप मैदान में भी अगर वर्तमान में रहते हैं तो सफलता की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा, मैं यह देखने की कोशिश करता हूं कि मुझे अभी क्या करना है और क्या महत्वपूर्ण है। हम जितना अधिक वर्तमान में रह सकते हैं।

### नीरज चोपड़ा ने कोच जान जेलेज्नी से करार खत्म किया

नयी दिल्ली। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने शनिवार को चेक गणराज्य के दिग्गज कोच जान जेलेज्नी के साथ अपनी साझेदारी को एक ही सत्र के बाद समाप्त करने की घोषणा की। चोपड़ा ने जेलेज्नी के साथ करार खत्म करने का कारण नहीं बताया लेकिन कहा कि यह सफर प्रगति, सम्मान और खेल के प्रति साझा लगाव से भरा रहा।

# केएसीसी की जीत में जीशान व सैफुल ने दिखाया कमाल

खेल संवावददाता

चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच जीशान अजहर (59) के अर्धशतक और सैफुल (43) की उम्दा पारी की बदौलत केएसीसी ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के लीग मैच में केवीजीएन को 54 रन से हराया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शनिवार को खेले गए मुकाबलों में एक अन्य मैच में फायरबाल्स मास्टर्स ने स्मैश क्रिकेट क्लब को 34 रन से शिकस्त दी। पहले मैच में केएसीसी ने केवीजीएन के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज सैफुल ने 35 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्कों से नाबाद 43 रन की पारी खेली। वहीं जीशान अजहर ने 38 गेंदों पर 7 चौकों से आतिशी 59 रन बनाए। केवीजीएन से आशू ने दो विकेट की सफलता पाई। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए केवीजीएन की टीम 8 विकेट पर 129 रन ही बना सकी। राशिद ने सर्वाधिक 41 व आशू ने 30 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। केएसीसी से योगेंद्र सेठ को तीन व तेज नारायण को दो विकेट की सफलता मिली। दूसरे मैच में फायरबाल्स मास्टर्स ने मैन ऑफ द मैच विनोद सिंह (88) व जसविंदर सिंह (86) के नाबाद अर्धशतकों से स्मैश क्रिकेट क्लब को 34 रन से हराया।

# सबालेंका मुचोवा को हराकर फाइनल में

एजेंसी



टेनिस ब्रिस्बेन इंटरनेशनल

ब्रिसबेन। विश्व नंबर एक एरीना सबालेंका ने शनिवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा चैंपियन सबालेंका ने पैट राफ्टर एरिना में खेले गए मुकाबले में चौथे मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज की। सबालेंका रविवार को होने वाले फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और मार्ता कोस्तयुक के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगी। इससे पहले शुक्रवार को सबालेंका ने मैडिसन कीज़ को 6-3, 6-3 से मात दी थी।

कीज ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम महिला एकल खिताब जीता था। वहीं दूसरी ओर बेलिंडा बेनसिच ने सप्ताह का अपना आठवां मुकाबला जीतते हुए निर्णायक मिश्रित युगल में याकूब पॉल के साथ मिलकर शनिवार को बेल्जियम की एलिस मर्टेंस और जिजू बर्ग्स की जोड़ी को 6-3, 0-6, 10-5 से हराकर स्विट्जरलैंड को यूनाइटेड कप के फाइनल में पहुंचा दिया। इस टीम स्पर्धा में बेनसिच ने इस सप्ताह अपने चारों एकल मुकाबले और चारों मिश्रित युगल मैच जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है।

बेनसिच ने इससे पहले मर्टेंस को 6-3, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र की अपनी अपराजेय एकल जीत का सिलसिला बरकरार रखा और स्विट्जरलैंड को ।-0 की बढ़त दिलाई। सत्र के अंत में संन्यास लेने जा रहे स्टान वावरिंका को बर्ग्स ने 6-3, 6-7 (4), 6-3 से हराकर मुकाबला मिश्रित युगल तक पहुंचा दिया। रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में स्विट्जरलैंड के सामने अमेरिका और पोलैंड के बीच खेले जा रहे सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी। कोको गॉफ ने विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इगा स्वियातेक को 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिका की वापसी कराई जिससे सेमीफाइनल के विजेता का फैसला मिश्रित युगल के मैच से होगा।

फ्रेंच ओपन चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त गॉफ ने इस टीम स्पर्धा में स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इससे पहले पुरुष एकल मुकाबले में पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 7-6, 7-6 से हराया था। मिश्रित युगल के निर्णायक मुकाबले में में अब गॉफ अपने साथी क्रिश्चियन हैरिसन के साथ स्वियातेक और हुरकाज की जोड़ी का सामना करेगी। वहीं दूसरी ओर शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने शनिवार को अमेरिकी युवा इवा जोविक को 7-6 (5), 6-2 से हराकर दूसरी बार ऑकलैंड डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज स्वितोलिना इससे पहले 2024 में भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं जिसमें उन्हें अमेरिकी स्टार कोको गॉफ से हार का सामना करना पड़ा था। अब रविवार को होने वाले फाइनल में स्वितोलिना का मुकाबला चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त वांग शिंजु से होगा। वांग ने दूसरे सेमीफाइनल में फिलीपींस की चौथी वरीय एलेक्जेंड्रा ईला को 5-7, 7-5, 6-4 से हराया। विश्व नंबर एक एरीना सबालेंका ने शनिवार को ब्रिसबेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# भारत व न्यूजीलैंड श्रृंखला में कोहली और रोहित अहम

एजेंसी

वडोदरा। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में रविवार को यहां खेले जाने वाले शुरुआती मैच में भारतीय टीम विराट कोहली और रोहित शर्मा की शानदार लय के साथ आगे बढ़ने की उम्मीद करेगी। न्यूजीलैंड की टीम नये और युवा खिलाड़ियों की भरमार है लेकिन पूरी ताकत के साथ उतर रही भारतीय टीम के लिए रोहित और कोहली के नजरिये से श्रृंखला अहम है। अगले महीने वाली टी20 विश्व कप के कारण वनडे श्रृंखला की अहमियत थोड़ी कम है लेकिन अगले सात दिनों में होने वाले तीन वनडे मैचों में कोहली और रोहित आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दोनों दिग्गजों को हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी के लीग चरण में अच्छा मैच अभ्यास मिला है। उन्होंने इस घरेलू टूर्नामेंट में बड़े स्कोर बनाकर यह जता दिया कि उनका दौर अभी खत्म नहीं हुआ है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि टी20 विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बाद कप्तान शुभमन गिल कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। उनकी फॉर्म पहले से ही चिंता का विषय रही है, वहीं पिछले साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में वह चोट के कारण बाहर रहे थे। गिल की वापसी से यशस्वी जायसवाल को शीर्ष क्रम से बाहर बैठना पड़ सकता है। जायसवाल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अपना पहला वनडे शतक जमाया था। श्रेयस अय्यर की वापसी से बल्लेबाजी क्रम में चल रहे प्रयोगों पर विराम लगने की उम्मीद है और 31 वर्षीय इस बल्लेबाज का एक बार फिर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करना लगभग तय है। केएल राहुल की निचले क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर के रूप में भूमिका जारी रहने से ज्‍षभ पंत के अंतिम एकादश में शामिल होने की संभावना कम है। अय्यर, पंत और मोहम्मद सिराज विजय हजारे ट्रॉफी में व्यस्तता के कारण शुक्रवार तक वनडे टीम की यहां चल रही तैयारियों का हिस्सा नहीं थे, लेकिन रविंद्र जडेजा ने पूरे दमखम के साथ अभ्यास किया, जिससे उनकी उपलब्धता के संकेत मिले। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या को टी20 प्रतिबद्धताओं के मद्देनजर एकदिवसीय श्रृंखला से आराम दिया गया है। ऐसे में तेज गेंदबाजी का दारोमदार मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा पर रहेगा।

कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर और जडेजा स्पिन विभाग संभालेंगे। शाम की ओस और सपाट पिचों की प्रकृति को देखते हुए इस प्रारूप में आक्रामक विकेट लेने की बजाय रन रोकने पर अधिक जोर रहेगा। यह पहला मौका होगा जब कोटाम्बी स्थित बड़ौदा क्रिकेट संघ के नये स्टेडियम में पुरुषों का कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले यह मैदान भारत और वेस्टइंडीज के बीच महिला वनडे श्रृंखला की मेजबानी कर चुका है। न्यूजीलैंड के लिए पिछले साल चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत से मिली हार का खास महत्व नहीं है, क्योंकि यह श्रृंखला और दूसरे दर्जे के खिलाड़ियों को परखने का अच्छा मौका है। टीम 2024-25 में भारत दौरे पर टेस्ट श्रृंखला में मिली 3-0 की ऐतिहासिक जीत की योजना को वनडे श्रृंखला में भी आजमाना चाहेगी।



कई प्रमुख खिलाडियों की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की अगुवाई करेंगे। नियमित कप्तान मिचेल सैंटनर ग्रोइन इंजरी के कारण वनडे श्रृंखला से बाहर हैं, जबकि टॉम लाथम अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए हैं। पूर्व कप्तान केन विलियमसन दक्षिण अफ्रीका में एसए 20 लीग में अपनी टी20 प्रतिबद्धताओं को निभा रहे हैं। रचिन रवींद्र और तेज गेंदबाज जैकब डफी को आराम दिया गया है। पिंडली की चोट से वापसी कर रहे मैट हेनरी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए टी20 श्रृंखला पर ध्यान दे रहे है। इस दौरान लंबे कद के हरफनमौला काइल जैमीसन और 23 वर्षीय लेग स्पिनर आदित्य अशोक के प्रदर्शन पर भी नजरें रहेंगी। जेडन लेनॉक्स को सैंटनर के समान विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड टीम में कई नये और अनुभवहीन चेहरों के बीच डेवोन कॉन्वे, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, विल यंग और ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाडियों की मौजूदगी से बल्लेबाजी मजबूत है। मैच दोपहर 1:30 बजे (भारतीय समय) शुरू होगा।

# स्वदेशी व स्वभाषा से आत्मनिर्भर होगा देश

## घर पर बच्चों से करें अपनी भाषा में बात, तभी बढ़ेगा जड़ों से जुड़ाव : अमित शाह

एजेंसी

जोधपुर, 10 जनवरी (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वदेशी और स्वभाषा को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए लोगों से स्थानीय उत्पादों का निर्माण और उपयोग करने तथा घर पर केवल अपनी मातृभाषा में बातचीत करने का आग्रह किया। शाह ने कहा कि किसी भी समाज, संस्कृति और धर्म को संरक्षित रखने में भाषा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



उन्होंने कहा कि हालांकि दुनिया में प्रगति के लिए आवश्यकतानुसार कोई भी भाषा सीखी जा सकती है, लेकिन घर पर बच्चों से बातचीत के लिए केवल हिंदी और स्थानीय भाषाओं का ही इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि इससे उनकी जड़ों से उनका जुड़ाव मजबूत होगा। मंत्री यहां आयोजित माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन को संबोधित कर रहे थे, जहां माहेश्वरी समुदाय के सदस्य देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों से एकत्र हुए हैं। शाह ने कहा यदि आप घर पर बच्चों से उनकी भाषा में बात करेंगे, तो वे अपने इतिहास से, अपने राज्य राजस्थान से स्वतः जुड़ जाएंगे भाषा ही वह चीज है जो समाज को, धर्म को जीवंत रखती है और संस्कृति को आगे बढ़ाती है। मंत्री ने कहा अन्य स्थानों पर आवश्यकतानुसार किसी भी भाषा में बात करें, भले ही वह विदेशी भाषा हो, लेकिन घर पर बच्चों से केवल मातृभाषा में ही बात करें। शाह ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए स्वदेशी को 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का एकमात्र मंत्र बताया। शाह ने कहा यदि हमें शीर्ष पर पहुंचना है, तो आत्मनिर्भर ही एकमात्र विकल्प है और इसे सफल बनाने का एकमात्र मंत्र स्वदेशी है।

उन्होंने कारोबार जगत से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए, अपने द्वारा पहले से उत्पादित उत्पादों के साथ-साथ कम से कम एक ऐसे उत्पाद का निर्माण शुरू करें, जो देश में अभी तक नहीं बनाया जा रहा है। इस समुदाय की भूमिका को स्वीकार करते हुए मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के युग से लेकर स्वतंत्रता के बाद के विकासशील और विकसित होते भारत तक, माहेश्वरी समुदाय ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गृह मंत्री ने कहा 'चाहे मुगलों के खिलाफ संघर्ष हो, स्वतंत्रता आंदोलन हो या देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास हों, माहेश्वरी समुदाय ने राष्ट्र निर्माण के हर कार्य में योगदान दिया है। देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण में उनकी बहुत बड़ी भूमिका है।

# कश्मीर में पारा लुढ़का, शोपियां में तापमान माइनस आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज



श्रीनगर। जम्मू कश्मीर जबरदस्त सर्दी की चपेट में है और इस दौरान घाटी के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी और शोपियां में तापमान शून्य के नीचे 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच आसमान साफ रहा और डल झील समेत पानी के दूसरे स्रोत जम गये। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक रात पहले यह शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस से थोड़ा अधिक था। यह इस मौसम में शहर का अब तक का सबसे सर्द रात रही।

शहर का न्यूनतम तापमान मौसमी औसत से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। कड़ाके की ठंड के कारण डल झील के अंदरूनी हिस्सों समेत कई जलाशयों के कुछ हिस्से जम गये। दक्षिण कश्मीर में शोपियां घाटी का सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां पारा शून्य से नीचे 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

एक रात पहले यह शून्य से नीचे 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के पर्यटक स्थल सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही और यहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोकरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में शून्य से नीचे 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## संक्षेप

### भाजपा, उसके सहयोगी असम की तीनों राज्यसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे: हिमंत

गुवाहाटी। मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा ने कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी दल असम में इस साल अप्रैल में रिक्त होने जा रही राज्यसभा की तीनों सीट पर चुनाव लड़ेंगे। शर्मा ने दावा किया कि दो सीट पर उनके उम्मीदवारों की जीत पक्की है, जबकि तीसरी सीट भी उनके खाते में जा सकती है। भाजपा के दो सांसद, भुवनेश्वर कलिता और रामेश्वर तेली तथा एक निर्दलीय सांसद अजीत भुयान का कार्यकाल अप्रैल में पूरा होने जा रहा है। शर्मा ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, भाजपा, अगप (असम गण परिषद) और हमारा संयुक्त मोर्चा तीनों सीट पर उम्मीदवार उतारेगा। हम दो सीट पर निश्चित रूप से जीतेंगे। तीसरी सीट पर हम जीत भी सकते हैं और हार भी सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली बार भाजपा और उसके सहयोगियों ने भुयान के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारा था क्योंकि उन्हें लगता था कि वह निष्पक्ष हैं और लोगों के कल्याण के लिए काम करेंगे। उन्होंने भुयान के सांसद निधि के कथित दुरुपयोग से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों का भी उल्लेख करते हुए कहा, उन्होंने राज्यसभा सांसद की निधि का क्या किया, यह हम सभी जानते हैं।

# इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

मुंबई। मुंबई के उपनगर गोरेगांव के भगत सिंह नगर इलाके में शनिवार तड़के एक आवासीय इमारत में आग लग जाने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह एक मंजिला इमारत राजाराम लेन में स्थित है। मुंबई अग्निशमन विभाग को तड़के तीन बजकर छह मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि आग भूतल और पहली मंजिल पर बिजली के तार और घरेलू सामान तक ही सीमित थी। दमकलकर्मियों के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाई। मौके पर पहुंचने पर दमकलकर्मियों ने बिजली की आपूर्ति काट दी। अधिकारियों ने बताया कि परिवार के तीनों सदस्यों को ट्रॉमा केयर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान हर्षदा पावस्कर (19), कुशल पावस्कर (12) और संजोग पावस्कर (48) के रूप में हुई है। आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।

# ट्रंप ने किया भारत-पाक संघर्ष खत्म कराने का दावा

एजेंसी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, 10 जनवरी (भाषा) अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म कराने का दावा करते हुए कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इतिहास में उनसे अधिक हकदार कोई नहीं है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को नोबेल दिए जाने की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया था, जिसके लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया जाता। वेनेजुएला के तेल भंडारों पर चर्चा के लिए तेल और गैस कंपनियों के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को हुई



बैठक में ट्रंप ने एक बार फिर यह दावा किया कि पिछले साल मई में हुए संघर्ष के दौरान आठ विमान मार गिराए गए थे।

❍ ओबामा को नोबेल पुरस्कार दिए जाने की आलोचना की

हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि किसके विमान मार गिराए गए थे। ट्रंप ने कहा, लोग डोनाल्ड ट्रंप को पसंद करें या न करें, लेकिन मैंने आठ बहुत बड़ी जंग रुकवाई हैं। कोई 36, कोई 32, कोई 31, कोई 28 और कोई 25 वर्ष से जारी थी। कुछ शुरू होने वाली थीं, जैसे भारत और पाकिस्तान के बीच।

इसमें आठ विमान आसमान में मार गिराए जा चुके थे। ट्रंप ने यह भी कहा कि पिछले साल व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) आए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें दो परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रुकवाकर लाखों लोगों की जान बचाने का श्रेय दिया था।

# इराक ने जेएफ-17 थंडर लड़ाकू विमान में रुचि दिखाई : पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सेना ने शनिवार को दावा किया कि इराक ने जेएफ-17 थंडर लड़ाकू विमानों और मुशहाक प्रशिक्षण विमानों में गहरी रुचि दिखाई है।

सेना की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) के प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने इराक की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान इराकी वायु सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल स्टाफ पायलट मोहनाद गालिब मोहम्मद रादी अल-असदी से मुलाकात की और इस दौरान द्विपक्षीय सैन्य सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। इससे पहले पाकिस्तान की सेना ने दावा किया था कि बांग्लादेश के वायु सेना प्रमुख ने भी इस्लामाबाद दौरे के दौरान जेएफ-थंडर लड़ाकू विमानों की खरीद में रुचि दिखाई है। जेएफ-17 थंडर एकल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है, जिसे चीन की चेंगदू एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (सीएसी) और पाकिस्तान एयरोनॉटिकल कॉम्प्लेक्स (पीएसी) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है।

# पाकिस्तान व अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभ्यास किया

एजेंसी



कराची/इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अमेरिका पंजाब प्रांत में स्थित एक आतंकवाद-रोधी केंद्र में दो सप्ताह का अभ्यास कर रहे हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका का 13वां द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास इंस्पायर्ड गैम्बिट-2026, शुक्रवार को शुरू हुआ। यह अभ्यास खारियन जिले के पब्बी कस्बे में स्थित नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर (एनसीटीसी) में किया जा रहा है। एनसीटीसी पाकिस्तान के लिए चीन और अमेरिका जैसे अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ संयुक्त आतंकवाद रोधी अभ्यासों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में काम करता है। आईएसपीआर ने बताया कि यह अभ्यास आतंकवाद रोधी (सीटी) क्षेत्र में किया जा रहा है, जिसमें पाकिस्तान और अमेरिका की सेनाओं की सैन्य टुकड़ियां शामिल हैं। इस अभ्यास का मकसद आतंकवाद रोधी अनुभवों को साझा करके आपसी समझ और समन्वय को बढ़ाना है। आईएसपीआर ने कहा कि इस तरह के संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने, पेशेवर सैन्य मानकों में सुधार करने और जटिल आतंकवाद रोधी वातावरण में काम करने के लिए दोनों सेनाओं की क्षमता को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आईएसपीआर ने कहा कि इंस्पायर्ड गैम्बिट-2026 अभ्यास शांति और स्थिरता के लिए सहयोगात्मक प्रयासों के प्रति पाकिस्तान और अमेरिका की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले, दोनों पक्षों के अधिकारियों ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

# कपिल अन्य के खिलाफ प्राथमिकी पर 3 अधिकारियों को नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि पंजाब पुलिस के तीन शीर्ष अधिकारियों को नोटिस जारी कर

❍ दिल्ली विधानसभा

विधानसभा के एक वीडियो क्लिप का इस्तेमाल करते हुए दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के मामले में 48 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है। गुप्ता ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), विशेष डीजीपी (साइबर अपराध) और



जालंधर पुलिस आयुक्त को दिल्ली विधानसभा के विशेषाधिकारों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। गुप्ता ने कहा, इस पूरे घटनाक्रम में जालंधर के पुलिस आयुक्त की भूमिका अत्यंत संदिग्ध है और प्रथम दृष्टया यह सदन के विशेषाधिकार के उल्लंघन का स्पष्ट मामला प्रतीत होता है। अतः उनके विरुद्ध विशेषाधिकार उल्लंघन का सीधा मामला बनता है और सदन इस पर गंभीरता से विचार करेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा की संपत्ति माने जाने वाले वीडियो रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल और पंजाब पुलिस द्वारा उसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज करना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंची है। गुप्ता ने कहा कि पंजाब पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ आगे की कार्वाई उनके जवाब मिलने के बाद तय की जाएगी। विधानसभा की वीडियो रिकॉर्डिंग की क्लिप का इस्तेमाल दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा और भारतीय जनता पार्टी के कई विधायकों ने किया।

## इंटरटेनमेंट...

# 'जन नायकन' की रिलीज पर अस्थायी रोक

मुंबई। विजय थलापति की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज को लेकर मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मद्रास हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल जज के उस आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी है, जिसमें फिल्म को व/अ सर्टिफिकेट देने का आदेश दिया गया था। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट में 9

❍ सीबीएफसी की चुनौती के बाद मद्रास हाईकोर्ट ने 21 जनवरी तक रिलीज पर रोक लगाई




जनवरी की फिल्म से जुड़े मामले की दूसरी सुनवाई हुई। पहली सुनवाई में कोर्ट की सिंगल जज बेंच ने सुबह 10:30 बजे ही सीबीएफसी को यू/ए सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश दिया था। लेकिन हाईकोर्ट के इस फैसले को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने चुनौती देते हुए फिल्म की दोबारा जांच करने के लिए रीवाइजिंग कमेटी बनाने की मांग की। सेंसर बोर्ड इस फैसले के खिलाफ रिट याचिका दायर की, जिसके बाद मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने रिलीज पर रोक लगाते हुए अगली सुनवाई 21 जनवरी तय की है। विजय की फिल्म जन नायकन में बॉबी देओल मुख्य विलेन की भूमिका निभा रहे हैं। पीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि सीबीएफसी को फिल्म की रिलीज का विरोध करने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए था। चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और जस्टिस जी अरुल मुरुगन की डिवीजन बेंच ने फिल्ममेकर्स से सर्टिफिकेट मिलने से पहले ही रिलीज की डेट तय करने पर भी सवाल उठाया। बेंच ने मेकर्स से कहा- 'आपके पास सर्टिफिकेट नहीं है फिर आप फिल्म को रिलीज कैसे कर सकते हैं? आप रिलीज की तारीख तय नहीं कर सकते हैं और न ही सिस्टम पर दबाव डाल सकते हैं। सफाई में केवीएन प्रोडक्शंस को रिप्रेजेंट कर रहे सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया कि सर्टिफिकेशन पैनल द्वारा फिल्म की समीक्षा किए जाने के बावजूद बोर्ड के केवल एक सदस्य ने ही शिकायत दर्ज कराई थी।

# 'मिजापुर द फिल्म' की शूटिंग शुरू

**मुंबई**। वेब सीरीज मिजार्पुर पर फिल्म बनाई जा रही है, जिसका नाम मिजार्पुर द फिल्म रखा गया है। फिल्म से जुड़ी नई जानकारी यह सामने आई है कि इसमें एक्ट्रेस श्रिया पिलगांवकर भी नजर आएंगी। दरअसल, श्रिया ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर जानकारी दी कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। एक्ट्रेस ने फिल्म से जुड़ी दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में फिल्म का क्लैपबोर्ड दिखाई दे रहा है, जबकि दूसरी तस्वीर में श्रिया अली

❍ स्वीटी के रोल में फिर नजर आयेंगी श्रिया पिलगांवकर

फजल, श्वेता त्रिपाठी, दिव्येंदु शर्मा, पंकज त्रिपाठी, रसिका दुग्गल समेत अन्य कलाकारों के साथ नजर आ रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, '8 साल बाद' सोचिए कौन मौत के मुंह से वापस लौटा है। मिजार्पुरः द फिल्म। फिलहाल शूटिंग चल रही है।



जल्द मुलाकात होगी। बता दें कि श्रिया ने मिजार्पुर के सीजन वन में स्वीटी गुप्ता का किरदार निभाया था। इस किरदार की हत्या पहले सीजन में हो जाती है। हालांकि, अब एक बार फिर श्रिया फिल्म में स्वीटी के रोल में नजर आएंगी। ह्यमिजार्पुरः द फिल्म को इस साल सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म में पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया), अली फजल (गुड्डू पंडित), दिव्येंदु (मुन्ना त्रिपाठी), अभिषेक बनर्जी और जितेंद्र कुमार जैसे प्रमुख कलाकार नजर आएंगे।

# 'मैं धुरंधर 2 और टॉक्सिक से नहीं डरता' : मुकेश भट्ट

मुंबई। मुकेश भट्ट और इमरान हाशमी ने फुटपाथ, मर्डर और जन्नत जैसी फिल्में एक साथ की हैं। फिल्म प्रोड्यूसर मुकेश भट्ट ने अपनी फिल्म आवारापन 2 की रिलीज में देरी की खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्म में देरी इसलिए हो रही है क्योंकि फिल्म पर अभी कुछ काम बाकी है, न कि इसलिए कि वे फिल्म धुरंधर 2 के आसपास थिएटर्स में फिल्म लाने से डर रहे हैं। दरअसल, आवारापन 2, साल 2007 की एक्शन-रोमांटिक ड्रामा फिल्म आवारापन का सीक्वल है, जिसमें इमरान हाशमी लीड रोल में थे।

# 'ओ रोमियो' के टीजर में दिखा शाहिद का खतरनाक अंदाज

**मुंबई**। शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म 'ओ रेमियो' का टीजर रिलीज हो गया। लगभग डेढ़ मिनट के एक्शन ड्रामा से भरे टीजर में शाहिद के अलावा, नाना पाटेकर, विक्रांत मेसी, अविनाश तिवारी, फरीदा जलाल, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी और तमन्ना भाटिया की झलक देखने को मिलती है। टीजर की शुरूआत शाहिद के आवाज से शुरू होती है। शाहिद का किरदार एक जहाज पर है, जो छोटू नाम

❍ स्क्रीन पर तृप्ति डिमरी के साथ पहली बार रोमांस करेंगे, फैंस बोले-2026 शानदार होगा

पुकारते हुए अपना आपा खोता है। 'ओ रेमियो' में शाहिद अपने अब तक के किरदारों से एकदम हटकर काउबॉय लुक में नजर आ रहे हैं। उनके किरदार ने काउबॉय हैट के साथ जूलरी पहनी हुई है। पूरी बॉडी पर टैटू बना नजर आ रहा है। साथ ही, पूरे टीजर में शाहिद को गुंडों से लड़ते और गोलियां चलाते दिखाया गया है। शाहिद की एंट्री के बाद टीजर में




एक-एक करके नाना पाटेकर, दिशा पाटनी, विक्रांत मेसी, तमन्ना भाटिया, अविनाश तिवारी और बाकी किरदारों की एंट्री होती है। टीजर में फरीदा जलाल की एंट्री सरप्राइजिंग रही। उनका किरदार यह कहते हुए दिखाया गया है 'इश्क में आशिक तर जाए तो रोमियो हो। मर जाए तो चू। फरीदा जलाल का ये डायलॉग फैंस को हैरान कर रहा है। 'ओ रेमियो' का टीजर फैंस को काफी पसंद आ रहा है। शाहिद के फैंस को टीजर से 'कमीने' फिल्म की वाइब मिल रही है। कुछ फैंस इसे शाहिद का शानदार कमबैक बता रहे हैं तो कुछ का कहना है कि साल 2026 खतरनाक होने वाला है क्योंकि धुरंधर 2, ओ रोमियो, किंग, लव एंड वॉर, रामायण जैसी फिल्में रिलीज होंगी। विशाल भारद्वाज की ये फिल्म 13 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है। ये पहली बार होगा, जब विशाल और साजिद साथ काम कर रहे हैं। वहीं, शाहिद आठ साल बाद विशाल भारद्वाज के डायरेक्शन में काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों 'कमीने', 'रंगून' और 'हैदर' में साथ काम कर चुके हैं। 'ओ रेमियो' में शाहिद और तृप्ति डिमरी की जोड़ी भी फ्रेश है। दोनों पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com